देशबन्धु
जबलपुर, मंगलवार 29 अगस्त 2023 | वर्ष –67 | अंक –293 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ बोतल में लौटता नहीं... ■ नवीनतम चीन-भूटान... 04
■ लाहौर की जेल में अब मौज उड़ा रहे इमरान... ■ रूस के जंगी जहाज 13,000 किमी की... 09
■ शेयर बाजार में दो दिन बाद तेजी लौटी... ■ 1200 डॉलर प्रति टन से कम है बासमती... 11
■ नीरज बने विश्व चैंपियन ■ मलेशिया को हराकर भारत... 10

## डॉक्टर्स को शिवराज की सौगात

# सभी विभागों के चिकित्सकों को समयबद्ध वेतनमानः मुख्यमंत्री



- मेडिकल कालेज के चिकित्सकों को भी एक जनवरी 2016 से सातवां वेतनमान
- ग्रामीण क्षेत्रों में अनिवार्य सेवा संबंधी बांड राशि का होगा युक्तियुक्तकरण
- शहर के 11 नर्सिंग होम की शिफ्टिंग के नियम होंगे सरल
- 2 हजार बिस्तरीय अस्पताल सहित विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सभी विभागों के चिकित्सकों को समयबद्ध वेतनमान दिया जायेगा। बिना पदोन्नति की बाध्यता के पाँच, दस और पन्द्रह वर्ष में वेतन वृद्धि मिलेगी। मेडिकल कालेज के चिकित्सकों को भी एक जनवरी 2016 से सातवाँ वेतनमान मिलेगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान आज यहां चिकित्सा महाविद्यालय में 2 हजार बिस्तरीय अस्पताल के निर्माण कार्य, नर्सिंग कॉलेज एवं हॉस्टल तथा ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वेतन की एन पी ए गणना की त्रुटियों को दूर किया जायेगा। संविदा कर्मियों के जैसे ही संविदा चिकित्सकों को भी सुविधाएं मिलेंगी। सभी विभागों के डॉक्टर को समान कार्य समान वेतन मिलेगा। चिकित्सा छात्रों के ग्रामीण क्षेत्रों में अनिवार्य सेवा संबंधी बांड राशि का युक्तियुक्त करण होगा। सहायक प्राध्यापक के विलोपित वेतनमान में सुधार किया जायेगा। शहर के 11 नर्सिंग होम की शिफ्टिंग के नियम सरल किए जायेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का जाल बिछाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि संविदा चिकित्सकों को शासकीय संविदा कर्मियों के जैसे ही सुविधाएं मिलेंगीं।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का सबसे तेज गति से विकास करने वाला राज्य बन गया है। इसका श्रेय >>शेष पृष्ठ 2 पर

## मप्र में भाजपा निकालेगी अब तक की सबसे बड़ी जन-आशीर्वाद यात्रा



### बारह हजार किमी का सफर तय करेगी

### शाह हरी झंडी दिखाकर शुरू करेंगे, समापन पर मोदी आएंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में दो महीने बाद विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में सत्ताधारी भाजपा भी चुनाव की तैयारियों में जुटी है। भाजपा प्रदेश में अब तक की सबसे बड़ी जन-आशीर्वाद यात्रा निकालेगी। जिसके लिए रूट और चेहरे तय हो गए हैं।

इस बार की यात्रा प्रदेश में 12 हजार किलोमीटर का सफर तय करेगी। यात्रा की शुरुआत सतना जिले के चित्रकूट से होगी, जिसे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह हरी झंडी दिखाएंगे। भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा की शुरुआत 3 सितंबर को चित्रकूट से होगी, जबकि यात्रा का समापन 25 सितंबर को होगा। यात्रा के समापन पर भोपाल में भाजपा कार्यकर्ताओं का महाकुंभ होगा। जिसमें मोदी शामिल होंगे। जहां वह कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देंगे।

भाजपा की जन-आशीर्वाद यात्रा का मुख्य चेहरा मुख्यमंत्री शिवराज होंगे। चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने इस बात की जानकारी दी है। मुख्यमंत्री शिवराज हर दिन अलग-अलग यात्राओं में आधा दिन के लिए शामिल होंगे और

**3 को चित्रकूट से शुरू होगी, भोपाल में 27 सितंबर को होगा समापन**

गांव-गांव में जनता से सीधा संवाद करेंगे। यात्रा की शुरुआत विंध्य अंचल से होगी जिसके बाद यह महाकौशल, मालवा-निमाड़, ग्वालियर-चंबल होते हुए मध्य भारत अंचल तक जाएगी। पूरी यात्रा 10 हजार 643 किलोमीटर की रहेगी। जो 210 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगी। इस दौरान 211 बड़ी सभाएं होगी, जिसमें भाजपा आलाकमान के नेता भी शामिल होंगे।

यात्रा पांच चरणों में होगी। पहले चरण की शुरुआत गृहमंत्री >>शेष पृष्ठ 2 पर

### ये नेता रहेंगे यात्रा के प्रमुख चेहरे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, कैलाश विजयवर्गीय, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल, केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक, गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार।

## सार संक्षेप

### प्रधानमंत्री ने 51 हजार युवाओं को नियुक्त पत्र सौंपे

**बोले, भारत जल्द शीर्ष-3 अर्थव्यवस्था में शामिल होगा**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी 28 अगस्त को 8वें राष्ट्रीय रोजगार मेले के तहत 51 हजार 106 युवाओं को नियुक्त पत्र सौंपे। देश भर में 45 जगहों पर रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने सबको बधाई दी और कहा कि भारत बहुत जल्द टॉप-3 अर्थव्यवस्था में शामिल होगा। मोदी ने कहा, देश के हर युवा का सपना है कि वो देश का प्रहरी बने। आप देश की सेवा के साथ-साथ यहां के नागरिकों की रक्षा भी करेंगे। इसलिए आप सभी आजादी के अमृत काल के अमृत रक्षक हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता देश है। सरकार के प्रयासों ने मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग को कई गुना बढ़ा दिया है। भारत में बने फोन पूरी दुनिया में बिक रहे हैं। मोबाइल के बाद भारत अब दूसरे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर फोकस करेगा।

**कांग्रेस ने बताया चेहरा बचाने की कवायद**-कांग्रेस ने प्रधानमंत्री द्वारा रोजगार मेले में बांटे जा रहे रोजगार पत्र को चेहरा बचाने की कवायद करार दिया है।पार्टी ने आरोप लगाया कि अपनी गिरती छवि को बचाने के लिए वह सबसे बड़े जुमले में से एक 'पीएम रोजगार मेला' लेकर आए हैं। सोमवार को कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहाकि प्रधानमंत्री रोजगार मेला नरेंद्र मोदी का चेहरा बचाने की कवायद के अलावा कुछ भी नहीं है। वे देश के बेरोजगार युवाओ को हर साल दो करोड़ नौकरियां देने के अपने बड़े वादे को पूरा करने में विफल रहे हैं।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई—पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**


**चूहा-सुनती हो**-इंडिया गठबंधन का संयोजक बनने से नीतीश इंकार कर रहे हैं।

**चुहिया- हां प्रिये**- जब निशाना कहीं और हो तो इस हां-ना के मायने भी कुछ और होते हैं।

### भारत के सौर मिशन की तारीख की हुई घोषणा

## 2 सितम्बर को लॉन्च होगा आदित्य-एल 1

**चेन्नई, (एजेंसियां)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद अब सूर्य को करीब से जानने के लिए 2 सितम्बर को पूर्वाह्न 11.50 बजे देश की पहली अंतरिक्ष-आधारित वेधशाला 'आदित्य-एल1' लॉन्च करेगा। इसरो ने कहा कि आदित्य-एल1 को भारतीय रॉकेट पीएसएलवी-एक्सएल द्वारा ले जाया जाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी ने आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र की गैलरी से प्रक्षेपण देखने के लिए आम लोगों को पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित किया है।




**प्रक्षेपण देखने के लिए आम लोगों को किया आमंत्रित**

**शुरू में निचली कक्षा में किया जाएगा स्थापित**-प्रारंभ में, आदित्य-एल1 को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया जाएगा। बाद में धीरे-धीरे इसकी कक्षा का उन्नयन किया जाएगा, और अंततः पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र से बाहर निकलकर सूर्य के करीब एल-1 प्?वाइंट की ओर सफर शुरू करेगा। लॉन्च से एल1 तक की यात्रा में आदित्य-एल1 को लगभग चार महीने लगेंगे और पृथ्वी से दूरी लगभग 15 लाख किमी होगी। पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी लगभग 3.84 लाख किमी है। इसरो ने कहा, एल1 बिंदु के चारों ओर प्रभामंडल कक्षा में रखे गए उपग्रह को बिना किसी ग्रहण के लगातार सूर्य को देखने का प्रमुख लाभ मिलता है। इससे वास्तविक समय में सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम पर इसके प्रभाव का अध्ययन संभव हो सकेगा।

### विपक्षी दलों की मुंबई में होगी अगली बैठक

## नीतीश का संयोजक बनने से इनकार

### लालू बोले- संयोजक को लेकर नहीं कोई विवाद

**पटना, (एजेंसियां)।** विपक्षी दलों को एकजुट करने में जुटे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को एकबार फिर दोहराया कि उन्हें कुछ नहीं बनना। उन्होंने कहा कि हमलोग सबको एकजुट कर रहे हैं।

पटना में पत्रकारों से चर्चा के दौरान आईएनडीआईए (इंडिया) गठबंधन में संयोजक बनाए जाने के संबंध में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम बराबर कह रहे हैं कि हमको कुछ नहीं बनना है। दूसरे लोगों को बनाया जाएगा। हमारी कोई इच्छा नहीं है। हम सबको एकजुट करना चाहते हैं । उन्होंने कहा, हमको कुछ व्यक्तिगत नहीं चाहिए। हम सबका हित चाहते हैं इसलिए कभी ये सब मत सोचिए कि हम व्यक्तिगत कुछ चाहते हैं। हमलोग तो सबको एकजुट कर रहे हैं ।

**संयोजक के नाम की हो सकती है घोषणा**

विपक्षी दलों की अगली बैठक मुंबई में होनी है। माना जा रहा है कि इस बैठक में संयोजक के नाम की घोषणा की जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी द्वारा भारत को असली आजादी 1977 में जेपी आंदोलन के बाद मिलने के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन लोगों की किसी बात पर हम ध्यान ही नहीं देते हैं। देश को आजादी कब मिली है। ये सबको मालूम है। उन्होंने कहा कि जिनको आजादी के बारे में नहीं मालूम है, इसका मतलब वो कितना ई-लीगल है। उन सब का कोई वैल्यू नहीं है ।

पिछले दिनों गोपालगंज पहुंचे आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद ने साफ कर दिया था कि इंडिया का कन्वीनर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही नहीं बल्कि कोई और भी हो सकता है। लालू प्रसाद ने कहा था कि गठबंधन में संयोजक को लेकर किसी तरह का कोई विवाद नहीं है और अगली बैठक में सभी दलों के लोग मिल-बैठकर तय कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा था कि तीन-चार राज्यों का एक कन्वीनर बनाया जाएगा और सहूलियत के लिए राज्यों में भी संयोजक नियुक्त किए जाएंगे।

### बैठक में जारी होगा गठबंधन का लोगो

मुंबई में होने वाली तीसरी बैठक में 26 दलों के लगभग 80 नेताओं के शामिल होने की संभावना है। मुंबई की बैठक इंडिया गठबंधन का लोगो जारी किया जा सकता है। पहली बैठक पटना में 23 जून को हुई थी। बेंगलुरु में 17-18 जुलाई को दूसरी बैठक हुई थी।

## जियो 5-जी दिसंबर तक पूरे देश में- अंबानी

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने सोमवार को कहा कि रिलायंस जियो की 5जी सर्विस ने दुनिया में सबसे तेज शुरुआत की है और कंपनी इस साल दिसंबर तक इसे पूरे देश में पहुंचाने के लिए सही राह पर है।




रिलायंस इंडस्ट्रीज के निदेशक मंडल की 46वीं आमसभा में अंबानी ने कहा कि जियो की 5जी सेवाएं इस साल दिसंबर तक पूरे देश में उपलब्ध होंगी। देश में पांच करोड़ से अधिक लोग जियो के 5जी नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस तरह 5-जी के मामले में जियो अपनी अन्य प्रतिद्वंद्वी कंपनियों से आगे है। इस मौके पर उन्होंने 'जियो एयर फाइबर' को 19 सितंबर यानी 'गणेश चतुर्थी' के दिन पेश करने की घोषणा भी की। अंबानी ने कहा, ' एक करोड़ से अधिक परिसर हमारी ऑप्टिकल फाइबर सेवा जियो फाइबर से जुड़े हैं। अब भी लाखों परिसर ऐसे हैं जहां वायर कनेक्टिविटी देना मुश्किलों भरा है। जियो एयर फाइबर इस मुश्किल को आसान करेगी। इसके जरिये हम 20 करोड़ घरों और परिसरों तक पहुंचने की उम्मीद कर रहे हैं। जियो एयर फाइबर के आने से हर दिन जियो 1.5 लाख नए ग्राहक जोड़ पाएगी।' जियो का ऑप्टिकल फाइबर ढांचा पूरे भारत में 15 लाख किलोमीटर तक फैला हुआ है। ऑप्टिकल फाइबर पर ग्राहक औसतन प्रति माह 280 जीबी से अधिक डेटा का उपयोग करते हैं, जो जियो की प्रति व्यक्ति मोबाइल डेटा खपत से 10 गुना अधिक है।ऌरूमें 'जियो टू 5-जी लैब डेवलपर प्लेटफॉर्म' और 'जियो टू 5-जी लैब' को जारी करने की घोषणा भी की गई।

### मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर कमलनाथ का पलटवार

## पूछा- '450 रुपए का सिलेंडर केवल 2 दिन के लिए

**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा 30 अगस्त को रक्षाबंधन है। इसके बीच में सिर्फ दो दिन हैं। इतने बड़े मंच से मुख्यमंत्री ने कह दिया कि सावन के महीने में 450 रुपए में गैस सिलेंडर मिलेगा। क्या यह घोषणा सिर्फ 2 दिन के लिए की गई है। क्योंकि रक्षाबंधन तो सावन के महीने का अंतिम दिन होगा।



अभी तक किसी को नहीं पता कि इन 450 के गैस सिलेंडर के लिए भी कौन पात्र होगा या कौन अपात्र होगा। इस तरह से देखा जाए तो रक्षाबंधन के पवित्र त्यौहार के संबंध में किए गए कार्यक्रम में शिवराज सिंह चौहान ने अपने जीवन का सबसे बड़ा और क्रूर झूठ बोल दिया है। कमलनाथ ने कहा -सत्ता किसी की स्थायी नहीं होती है। सत्ता को बचाने के लिए रक्षाबंधन के दिन झूठ बोलना, बहनों के साथ छल करना और संवैधानिक पद की मर्यादा को तार-तार कर देना, मध्य प्रदेश की जनता की स्मृति में बहुत कटु अनुभव छोड़ जाएगा। आप अब अपनी अभिनय की दुकान समेट लीजिए और जनता को सत्य की राह पर चलने दीजिए।

3 महीने बाद कांग्रेस की सरकार बनेगी और महिलाओं को और समाज के सभी वर्गों को उनका हक और न्याय मिलेगा। कांग्रेस की सरकार मोल भाव करने वाली सरकार नहीं होगी।

### कश्मीर में ड्रग तस्करों की 2.1 करोड़ की संपत्ति जब्त

**श्रीनगर।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने चालू वर्ष के दौरान ड्रग तस्करों की करीब 2.1 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त कर ली। बारामूला पुलिस ने तीन आवासीय घर, करीब 90.02 लाख मूल्य के तीन निजी वाहन और लगभग 1.2 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की है। स्वापक ओषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) 1985 की धारा के तहत पट्टन, क्रेरी, कमलकोट उरी और नांबला उरी बारामूला में ड्रग तस्करों की संपत्ति जब्त की गई।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

**सरोकार**

### जब आसमान में मददगार बने 'धरती के भगवान'

## उड़ते विमान में बच्ची की बचाई जान

**नई दिल्ली।** डॉक्टरों की धरती का भगवान कहा जाता है और कई बार यह भगवान आसमान में भी लोगों के मददगार बन जाते हैं। ऐसा ही एक वाकया सामने आया है जब उड़ते हुए विमान में डॉक्टरों ने एक बच्ची की जान बचाई थी। विस्तारा एयरलाइंस की फ्लाइट बेंगलुरु से दिल्ली के रास्ते में थी, तभी एक इमरजेंसी अनाउंसमेंट होता है। पता चलता है कि दो साल की एक बच्ची बहुत ज्यादा गंभीर हालत में है और उसे तत्काल मेडिकल हेल्प की जरूरत है। इस बच्ची की मदद के लिए सामने आते हैं एम्स दिल्ली के पांच डॉक्टर जो उसी फ्लाइट में सवार थे। दिल्ली एम्स ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी है।

**हाल में हुआ था हार्ट का ऑपरेशन**-दिल्ली से बेंगलुरु की फ्लाइट में सवार जिस बच्ची की तबियत बिगड़ी थी, उसका हाल ही में दिल का ऑपरेशन हुआ था। दो साल की वह बच्ची जन्म से ही सायनोटिक नाम की बीमारी से पीड़ित थी। जिस वक्त फ्लाइट में



इमरजेंसी कॉल की गई, तब उसकी पल्स गायब हो चुकी थी। बच्ची सांस भी नहीं ले पा रही थी और उसके हाथ-पैर भी ठंडे पड़ चुके थे। फ्लाइट में सवार पांच डॉक्टरों, सीनियर एनेस्थीसिया डॉ. नवदीप कौर, सीनियर कार्डियक रेडियोलॉजी डॉ. दमनदीप सिंह, जैन-पूर्व सीनियर रेजिडेंट एम्स रेडियोलॉजी डॉ. ऋषभ, सीनियर रेजिडेंट ओबीजी डॉ. ओशिका और सीनियर रेजिडेंट कार्डियक रेडियोलॉजी डॉ. अविचल तक्षक ने उसकी देखरेख शुरू की।

**सीमित संसाधनों के बीच कुशलता से इलाज**-उड़ान के दौरान सीमित संसाधनों के बीच बच्ची का इलाज शुरू किया गया। डॉक्टरों की टीम ने अपने अनुभव और कुशलता का इस्तेमाल करते हुए सारा प्रॉसेस फॉलो किया। तभी बच्ची को एक और कार्डियक अरेस्ट आ गया। इसके बाद करीब 45 मिनट तक डॉक्टरों ने बच्ची की सलामती के लिए सभी उपाय अपनाए और बच्ची की सांसें वापस आईं। हालांकि उसकी नाजुक हालत को देखते हुए फ्लाइट को नागपुर के लिए मोड़ दिया गया। वहां पर बच्ची को स्टेबल हेमोडायनामिक अवस्था में पिडियाट्रिशियन को सौंप दिया गया।



डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022

# देश-प्रदेश

उ वा च

## पदोन्नति को भी नियुक्ति बताकर प्रचारित करते हैं मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि वह सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन पत्र बांटते हैं और फोटो खिंचवाकर इसे भी सरकारी नौकरी देने के रूप में प्रचारित करते हैं। श्री खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रचार पर भरोसा करते हैं। स्थिति यह है कि सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन पत्र बांटकर उसे भी नौकरी देने के रूप में प्रचारित करते हैं। उन्होंने कहा, सालाना दो करोड़ नौकरियाँ देने का वादा कर, मोदी जी हमारे युवाओं को इस तरह के ईएमआई के रूप में कुछ हज़ार भर्ती पत्र बाँट रहे हैं। आज भी बाँटेंगे। ताज़ा समाचारों से पता चला है कि इन सरकारी नौकरियों में उनके नाम भी हैं जिनको प्रोमोशन मिला है।




# चंद्रमा की सतह पर रोवर के रास्ते में आया गड्ढा

## इसरो ने बताया- नए पथ पर आगे बढ़ रहा प्रज्ञान

श्रीहरिकोटा। चंद्रमा पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग के बाद रोवर प्रज्ञान रोज नए-नए अपडेट पृथ्वी पर भेज रहा है। इस बीच भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को बताया कि 27 अगस्त, 2023 को रोवर को अपने स्थान से तीन मीटर आगे चार मीटर व्यास का गड्ढा मिला। इसके बाद रोवर को वापस लौटने का निर्देश दिया गया। यह अब सुरक्षित रूप से एक नए रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।

इससे पहले चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर में लगे चास्टे उपकरण ने चंद्रमा के तापमान से जुड़ी पहली जानकारी भेजी थी। इसके अनुसार चंद्रमा पर अलग-अलग गहराई पर तापमान में काफी अंतर है। चंद्र सतह जहां करीब 50 डिग्री सेल्सियस जितनी गर्म है, वहीं सतह से महज 80 मिमी नीचे जाने पर तापमान माइनस 10 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है। चंद्रमा की सतह एक ऊष्मारोधी दीवार जैसी है, जो सूर्य के भीषण ताप के असर को सतह के भीतर पहुंचने से रोकने की क्षमता रखती है। कुछ विशेषज्ञों का दावा है कि यह एक संकेत भी है कि चंद्र सतह के नीचे पानी के भंडार हो सकते हैं। इसरो ने रविवार को इस नई जानकारी के बारे में लिखा था कि विक्रम लैंडर ने चंद्र सरफेस थर्मो फिजिकल एक्सपेरिमेंट यानी चास्टे उपकरण ने दक्षिणी ध्रुव के निकट चंद्रमा की ऊपरी परत के तापमान की प्रोफाइल बनाई है। इसके जरिए चंद्रमा की सतह के तापीय व्यवहार को समझने में मदद मिल सकती है।



'राखी संग पाती' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बंधवाई राखी, बहनों से बोले-

# आपके स्नेह और प्यार ने भाव-विभोर कर दिया



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मेरी सभी लाड़ली बहनों के अपार प्यार और स्नेह ने भाव-विभोर कर दिया है। प्रदेश भर से बहनें मुझे राखियां बांधने आई हैं। यह राखियां किसी दुकान से नहीं खरीदी गईं, बल्कि बहनों ने स्वयं बनाई है। यह आपका स्नेह और प्यार ही है, जो मुझे और बेहतर काम करने का संबल प्रदान करता है। वह मुख्यमंत्री आवास में भाजपा महिला मोर्चा के राखी संग पाती कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। लाड़ली बहना योजना के माध्यम से प्रदेश की 1.25 करोड़ बहनों के खातों में 1 हजार रुपए प्रति महीने भेजे जा रहे हैं। कल ही बहनों के खाते में 250 रुपए अग्रिम राशि के रूप में भेजे गए हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना से लाभांवित प्रदेश की 46 लाख बेटियां आज कॉलेजों में पहुंच गई हैं। उनकी पढ़ाई-लिखाई का पूरा खर्चा प्रदेश सरकार उठा रही है। भाजपा सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भागीरथी प्रयास किए हैं।

इस दौरान प्रदेश भर के मंडलों से आईं महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष को स्वनिर्मित राखियां बांधी और भाइयों की लंबी आयु की कामना की। साथ ही लाड़ली बहना योजना, महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने बहनों द्वारा बनाई गईं राखियां देखी एवं उनकी पातियों का पाठन किया। वहीं महिला मोर्चा की बहनों को उपहार भेंटकर बहनों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया, मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती नंदिता पाठक ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह, महापौर श्रीमती मालती राय, पार्टी की प्रदेश मंत्री श्रीमती लता गुड्डू वानखेड़े, प्रदेश प्रवक्ता सुश्री नेहा बग्गा, मोर्चा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती अश्विनी परांजपे, श्रीमती माया पटेल सहित मोर्चा की पदाधिकारी व बहनें मौजूद थीं।

### मुख्यमंत्री ने नीरज चौपड़स कसे दी बधाई

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय एथलीट नीरज चौपड़ा को वर्ल्ड एथलीट चैम्पियनशिप में गोल्ड मैडल जीतने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ट्वीट कर कहा कि एथलीट नीरज चौपड़ा की इस उपलब्धि से समस्त देशवासी हर्षित एवं गर्वित हैं।

### भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाया : शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने महिला मोर्चा की सभी सदस्यों से आह्वान किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ पर 51 प्रतिशत वोट शेयर हासिल करने के संकल्प के साथ जुटें। पूर्ण विश्वास है कि आपके परिश्रम से मध्यप्रदेश में भाजपा विजय का नया इतिहास रचेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता की बात है कि आज राखी संग पाती कार्यक्रम में प्रदेश के कोने-कोने से हमारी बहनें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को राखी बांधने आई हैं।

### मुख्यमंत्री ने सपत्निक महाकाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने धर्म पत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान के साथ श्रावण माह के अन्तिम सोमवार 28 अगस्त को उज्जैन पहुँचकर श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन कर पूजन-अर्चन किया। पं. प्रदीप गुरू ने विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई। मुख्यमंत्री ने सोमवार को श्री महाकाल लोक में ई-रिक्शा से भ्रमण किया। उन्होंने श्री महाकाल लोक के दर्शन के लिये आये श्रद्धालुओं का अभिवादन किया तथा कहा कि भगवान महाकालेश्वर सभी का कल्याण करें, सबका मंगल हो।



मुख्य सचिव और सीईओ बेलवाल के खिलाफ लोकायुक्त पहुंची कांग्रेस

# ग्रामीण आजीविका मिशन में 5 सौ करोड़ से अधिक के घोटाले का आरोप, जांच की मांग



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन में 5 सौ करोड़ से अधिक के घोटाले का आरोप लगया है। इस मामले में कांग्रेस ने राज्य के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ललित मोहन बेलवाल के खिलाफ लोकायुक्त में शिकायत की है, दोनों के खिलाफ जांच कर लोकायुक्त संगठन से जांच कराकर प्रकरण दर्ज किए जाने की मांग की है।

वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की अगुवाई में लोकायुक्त से मिले कांग्रेस के वरिष्ठ प्रतिनिधि मंडल में राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद प्रजापति, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, पूर्व मंत्री तरुण भनोत, पूर्व विधायक पारस सखलेचा शामिल थे।

बाद में श्री तन्खा ने पत्रकारों से चर्चा में बताया कि पोषण आहार मामले में 8 जिलों में करीब 5 सौ करोड़ रुपए के घोटाले की बात मप्र के महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट में सामने आई है। मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस इस मामले में संदेह के घेरे में इसलिए आ रहे हैं। श्री तन्खा ने इस संदेह की वजह मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन के सीईओ ललित मोहन बेलवाल को बताया और कहा कि श्री बेलवाल रिटायर्ड आईएफएस अधिकारी हैं। श्री बैस के 2014 में मुख्यमंत्री के सचिव बनते ही उन्होंने बेलवाल को आपना सीईओ बनाया और एमपी एग्रो कॉर्पोरेशन के अधीन कार्य करने वाली सातों फैक्ट्रियों को ग्रामीण विकास विभाग के दूसरे विभाग में ट्रांसफर कर दिया। यह व्यवस्था वर्ष 2018 तक चलती रही।

दिसंबर 2018 में चुनाव के बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद जब भ्रष्टाचार की भनक लगी तो तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सातों कंपनियों का एमपी एग्रो में तबादला कर दिया। कमलनाथ सरकार के गिरने के कुछ दिनों बाद ही श्री बैस मुख्य सचिव बन जाते हैं और बेलवाल को दोबारा संविदा पर वापस रख लेते हैं और कुछ दिनों बाद वही सातों कंपनियां फिर से वापस ले आते हैं।

# दिसम्बर में हो सकते हैं लोकसभा चुनावः ममता

**कोलकाता, (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने सोमवार को कोलकाता में कहा कि भारतीय जनता पार्टी अगर लोकसभा चुनाव दिसंबर में ही करा दे, तो हैरानी नहीं होगी। ममता बनर्जी से पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी समय से पहले लोकसभा चुनाव की आशंका जता चुके हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस को निशाने पर लेते हुए कहा कि राज्यपाल संवैधानिक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, मैं इस पद का सम्मान करती हूं, लेकिन उनकी असंवैधानिक गतिविधियों का समर्थन नहीं करती। ममता बनर्जी ने दावा किया कि बीजेपी ने लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए पहले ही सभी हेलीकॉप्टर बुक कर लिए हैं ताकि बाकी राजनीतिक दल प्रचार के लिए उनका इस्तेमाल नहीं कर सकें। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आगे कहा कि हमने बंगाल में माकपा के शासन को समाप्त किया, अब हम लोकसभा चुनाव में भजपा को हराएंगे। भाजपा ने पहले ही हमारे देश को समुदायों के बीच कटुता वाले देश में बदल दिया है। अगर वे सत्ता में वापसी करते हैं, तो इससे हमारा देश नफरत का देश बन जाएगा।




कांग्रेस की जमकर पैरोकारी, बताया ब्रांड

# जयंत ने एनडीए में जाने की अटकलों को फिर किया खारिज

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** रालोद (राष्ट्रीय लोकदल) प्रमुख जयंत चौधरी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया में कांग्रेस की भूमिका को लेकर जोरदार पैरोकारी की है। उन्होंने कहा, कांग्रेस एक बांड है और गठबंधन को आगे बढ़ाने में उसकी बड़ी भूमिका है।

> गठबंधन को आगे बढ़ाने में कांग्रेस की बड़ी भूमिका



वहीं रालोद का एनडीए के साथ जाने की लगाई जा रही अटकलों को भी पूरी तरह से खारिज कर दिया। मुंबई में होने जा रही इंडिया की तीसरी महत्वपूर्ण बैठक से पहले जयंत ने कांग्रेस पार्टी को लेकर कहाकि इंडिया गठबंधन को आगे बढ़ाने में उसकी बड़ी भूमिका है। क्योंकि कांग्रेस एक पुरानी और बड़ी पहचान रखने वाली पार्टी है। देश में तमाम लोग लंबे समय से कांग्रेस के लिए वोट करते आ रहे हैं। इसलिए विपक्षी दलों के किसी भी गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। उन्होंने कहाकि कई राज्यों में क्षेत्रीय दल प्रभावी हैं, शायद उन्हें अधिक जगह दी जानी चाहिए। ताकि भाजपा का बेहतर मुकाबला किया जा सके। हालांकि देश के कई राज्य ऐसे हैं ,जहां क्षेत्रीय पार्टियों का कोई संगठन, जीतने की संभावना या उम्मीदवार नहीं है, वहां कांग्रेस ही सबसे बेहतर विकल्प है।

### पुंछ व राजौरी से पीटीआई के झंडे किए गए बरामद

**जम्मू, एजेंसी।** इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान की तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के झंडे सोमवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ और राजौरी जिलों में बरामद किए गए।


आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुंछ जिले के भिम्बर गली सेक्टर में मिडिल स्कूल सरुला में गुब्बारों से बंधे झंडे देखे गए और पुलिस ने इन्हें अपने कब्जे में ले लिया। राजौरी जिले के लाम इलाके से पाकिस्तान के राष्ट्रीय ध्वज और पीटीआई के झंडे के साथ बहुरंगी गुब्बारे भी बरामद किए गए। यह पता लगाया जा रहा है कि क्या ये झंडे नियंत्रण रेखा के पार से हवा में छोड़े गए थे या पुंछ और राजौरी जिलों के भीतर कहीं से।

### स्कूलों में मोबाइल फोन पर लगाया प्रतिबंध

**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश सरकार ने राज्य भर के स्कूलों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर विद्यार्थियों के स्कूलों में मोबाइल फोन लाने पर रोक लगा दी है। विभाग ने कक्षाओं में शिक्षकों द्वारा मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध लगा दिया है।

रोजगार मेले में शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री तोमर, कहा-

# रोजगार के अवसरों का लाभ उठाएं युवा




### अधिकारों से ज्यादा दायित्वों के प्रति रहें सजग

**भोपाल, देशबन्धु।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि युवाओं को सरकारी नौकरी से आगे बढ़कर सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं के माध्यम से रोजगार के अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। श्री तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने घोषणा की थी कि हम इस वर्ष 10 लाख युवाओं को शासकीय रोजगार से जोड़ेंगे, प्रसन्नता है कि अभी तक करीब 5 लाख युवाओं को रोजगार मिल चुका है। वह सशस्त्र सीमा बल अकादमी द्वारा बैरागढ़ भोपाल में आयोजित रोजगार मेले में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें यह भी समझने की जरूरत है कि हम जितना अधिकारों के प्रति सजग हैं, उससे थोड़ा ज्यादा दायित्वों के प्रति भी सजग रहें।

उन्होंने कहा कि एक समय था जब भारत ऊंची उड़ान भरने की कोशिश करता था, तो लोगों को भरोसा नहीं होता था, लेकिन आज देश की ताकत बढ़ रही है, देश की जनशक्ति भी अपनी प्रामाणिकता सिद्ध कर रही है। जब नेतृत्व विजनरी हो, सक्रिय हो, देश के प्रति समर्पित हो और ऐसे नेतृत्व में देशवासियों को आगे बढ़ाने का जज्बा हो तो परिणाम अच्छे ही आते हैं। कृषि मंत्री श्री तोमर ने कहा कि तकनीक व जन-धन खातों का कमाल है कि प्रधानमंत्री ने अब तक पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 2.61 लाख करोड़ रुपए की राशि किसानों के खातों में जमा कराई हैं। कार्यक्रम के दौरान भोपाल में सशस्त्र सीमा बल के निदेशक संजीव शर्मा, इंदौर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, केंद्र व प्रदेश सरकार के अधिकारी व नवनियुक्त कार्मिक मौजूद रहे।

# नूंह में 51 लोगों से हुई ब्रजमंडल यात्रा

- पुलिस ने मंदिर ले जाकर जलाभिषेक कराया

**नूंह।** हरियाणा के नूंह में विश्व हिंदू परिषद सर्वजातीय हिंदू महापंचायत और बजरंग दल के आह्वान पर हिंदू संगठनों की पैदल ब्रजमंडल यात्रा नहीं हो सकी। पुलिस नूंह बाइपास से 51 लोगों को पुलिस सिक्योरिटी में 3 गाड़ियों में लाई। उन्होंने पहले नलहरेश्वर मंदिर में जलाभिषेक किया। फिर गाड़ियों में उन्हें फिरोजपुर झिरका के रास्ते सिंगार स्थित राधाकृष्ण मंदिर पहुंचाया गया। वहां जलाभिषेक के बाद यात्रा का समापन हो गया। हिंदू संगठनों की यात्रा को सरकार और प्रशासन ने पहले ही अनुमति देने से इनकार कर दिया था। नूंह में बाहरी लोगों को मंदिर में प्रवेश नहीं दिया गया।

**कर्फ्यू जैसा माहौल रहा**-सोमवार को नूंह में कद्धत्र्यू जैसा माहौल रहा। यहां के बाजार, स्कूल-कॉलेज सब बंद रहे। धारा 144 लागू कर दी गई थी। इससे पहले नूंह यात्रा में हिस्सा लेने अयोध्या से आए संत जगद्गुरु परमहंस आचार्य महाराज को प्रशासन ने गुरुग्राम सोहना टोल प्लाजा पर रोक दिया। 31 जुलाई को ब्रजमंडल यात्रा के दौरान हिंसा हुई थी, जिसमें 2 होमगार्ड समेत 6 लोगों की मौत हो गई थी।

### सरकारी कार्यालयों में पसरा रहा सन्नाटा

नूंह जिला प्रशासन ने सोमवार को लोगों को घरों से बाहर निकलने से मना करने पर बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। वहीं, सरकारी कार्यालय खुले रहे थे, लेकिन कोई नहीं पहुंचा। हालांकि सरकारी मेडिकल कॉलेज में जरूर लोग पहुंचे। प्रशासन ने जलाभि षेक यात्रा को लेकर सोमवार को कड़े सुरक्षा इंतजाम किया था। वहीं गांवों में मस्जिदों के माध्यम से लोगों को घरों में रहने को कहा गया था। ऐसे में लोगों ने घरों में ही रहना मुनासिब समझा।

विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा

# अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई हो




**भोपाल, देशबन्धु।** निर्वाचन सदन भोपाल में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने निर्वाचन व्यय निगरानी के अंतर्गत एनफोर्समेंट एजेंसी के स्टेट नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अवैध मदिरा, महुआ लहान, अवैध धन, मादक पदार्थों की रोकथाम, बॉर्डर पर बने नाकों की जांच करने सहित निर्वाचन से जुड़े अन्य बिंदु पर चर्चा की गई। साथ ही स्टेट नोडल अधिकारियों द्वारा की जा रही कार्रवाईयों की भी समीक्षा की गई।

श्री राजन ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को वाहनों की जाँच करने और अवैध तरीके से वाहनों में लगे सायरन, नेम प्लेट पर कार्रवाई और वन विभाग के अधिकारियों को वन नाकों की जाँच करने के भी निर्देश दिए। साथ ही स्टेट नोडल अधिकारियों को टोल फ्री नंबर जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित पुलिस, आबकारी, इनकम टैक्स, स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी, भारतीय रिजर्व बैंक, सेंट्रल बोर्ड ऑफ कस्टम, सीजीएसटी-जीएसटी, डीआरआई, नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नॉरकोटिक्स, स्टेट नॉरकोटिक्स, ईडी, रेलवे पुलिस, आरपीएफ, सीआईएसएफ, एयर पोर्ट ऑफ अथॉरिटी ऑफ इंडिया, स्टेट सिविल एविएशन डिपॉर्टमेंट, वन विभाग, डाक विभाग, परिवहन विभाग के नोडल अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से तैयारियों की जानकारी दी। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद शुक्ला, एडीजी साइबर एवं राज्य नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय निगरानी योगेश देवमुख, आईजी कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था अनुराग सहित समस्त विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# गृह लक्ष्मी योजना की शुरुआत करेगी कर्नाटक सरकार

**मैसूर, एजेंसी।** कर्नाटक सरकार 30 अगस्त को गृह लक्ष्मी योजना की शुरुआत करेगी। इसकी घोषणा कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे गृह लक्ष्मी गारंटी योजना के मेगा लॉन्च कार्यक्रम में शामिल होंगे। सरकार की योजना के तहत बीपीएल परिवारों की महिला प्रमुखों को 2,000 रुपए मासिक दिया जाएगा। पत्रकारों से बात करते हुए सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि उनकी सरकार ने चुनाव के दौरान दी गई तीन गारंटी योजनाएं लागू की हैं। चौथी गृह लक्ष्मी योजना 30 अगस्त को मैसूरु शहर में लॉन्च की जाएगी। कार्यक्रम में मांड्या, मैसूरु, हासन, चामराजनगर और कूर्ग जिलों के लोग भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि लॉन्च कार्यक्रम में 1 लाख से अधिक लोग शामिल होंगे। इसमें सांसद राहुल गांधी और राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी भाग लेंगे। खड़गे इस योजना का उद्घाटन करेंगे और मैं राहुल गांधी की उपस्थिति में समारोह की अध्यक्षता करूंगा। सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि यह देश का एक बड़ा प्रोजेक्ट है।



एक साल के लिए सरकार 32,000 करोड़ और इस साल के लिए सरकार 18,000 करोड़ रुपये का खर्च कर रही है। इसके तहत 1.33 करोड़ परिवारों की महिला मुखियाओं को 2,000 रुपये मासिक भत्ता मिलेगा। सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि गारंटी योजनाओं के लागू होने से हर परिवार के हाथ में 4,000 रुपए से 5,000 रुपए आएंगे।

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/124 दिनांक 28.08.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्रीमती निशी नन्हौरया पति श्री आनंद कुमार नन्हौरया 2. श्रीमती अनीता नन्हौरया पति श्री प्रसन्न कुमार नन्हौरया 3. श्रीमती अंशू नन्हौरया पति श्री अनिल कुमार नन्हौरया ने मकान नं. 1293 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 840 व.फु. भूतल 300 व.फु. शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र/ वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13**
**मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

जबलपुर, मंगलवार 29 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## बोतल में लौटता नहीं यह जिन्न...

हरियाणा के नूंह (मेवात) में सोमवार को जिस तरह से शोभायात्रा निकालने के मामले में हिन्दू संगठन और प्रशासन आमने-सामने हैं, उससे साबित हो गया है कि कट्टरता का जिन्न एक बार बाहर निकले तो उसे वापस बोतल में डालना बहुत मुश्किल होता है। हर साल यहां श्रावण मास के अंतिम सोमवार को होने वाली ब्रजमंडल यात्रा बहुत प्रसिद्ध है जिसमें देश भर से बड़ी तादाद में श्रद्धालु आते हैं। 31 जुलाई को यहां के नलहड़ मंदिर के पास निकली यात्रा के दौरान हुए पथराव व तत्पश्चात हुए साम्प्रदायिक दंगों के चलते इस बार प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी थी लेकिन हिन्दू संगठन इसे निकालने के लिए आमादा हैं जिन्होंने पहले ही चेता दिया था कि उन्हें किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। नूंह के साथ ही पूरे हरियाणा में इसे लेकर तनाव है। जुलाई की आग अभी पूरी तरह से शांत नहीं हुई है और यह नये तनाव का सबब बन गया है। सोमवार को यहां धारा 144 लगा दी गई है। मंगलवार तक इंटरनेट सेवाएं बन्द रखने का ऐलान कर दिया गया है ताकि अफवाहें न फैले।

प्रशासन की इस बात से नाराज़ हिन्दू संगठनों का न सिर्फ नूंह में बड़ा जमावड़ा है वरन सटे हुए गुरुग्राम जिले के उस हिस्से में भी दहशत फैल गई है जहां झुग्गी बस्तियां हैं और जिनमें ज्यादातर अल्पसंख्यक बसते हैं। यह वही इलाका है जहां पिछले वक्त आगजनी हुई थी और कुछ लोग मारे गये थे। सोमवार की सुबह यहां हिन्दू संगठनों द्वारा दीवारों पर लिखा पाया गया कि वे (अल्पसंख्यक) इस इलाके को खाली कर दें क्योंकि यहां से शोभा यात्रा निकलेगी। वैसे यहां के अनेक लोग पिछले दंगों के समय से ही बस्तियां छोड़कर अन्यत्र जा चुके हैं। पुलिस के आला अफसरों ने आश्वस्त तो किया है कि वे (झुग्गीवासी) न घबरायें परन्तु पिछली वारदात का खौफ़ इतना है कि लोगों का पुलिस व स्थानीय प्रशासन ही नहीं सरकार पर से भी भरोसा उठ चुका है। इन इलाकों में पिछले कुछ समय से तनाव और डर का माहौल है।

राज्य सरकार हिन्दू संगठनों के आगे बेबस दिख रही है। प्रशासन ने शोभा यात्रा न निकलने देने के लिये पूरे इलाके में पुलिस की तैनाती की है, तो वहीं हिन्दू संगठन इस आदेश को न मानने पर आमादा हैं। वैसे नलहड़ मंदिर में पूजा के लिये प्रतीकात्मक रूप से 11 लोगों को अनुमति तो दी गई है पर इसे हिन्दू संगठन नहीं मान रहे हैं। उधर इस पूरे परिदृश्य में किसान नेता राकेश टिकैत की भी एंट्री हो गई है जिन्होंने कहा है कि अगर शोभा यात्रा निकाली गई या प्रशासन ने उन्हें अनुमति दी तो जवाब में किसान लाखों ट्रैक्टरों के साथ विशाल रैली निकालेंगे और महापंचायत भी करेंगे। उल्लेखनीय है कि जुलाई के अंत में हुए दंगों में किसान अल्पसंख्यकों के साथ थे। जाटों व मुस्लिमों की एकता से भारतीय जनता पार्टी के लोग और कट्टरवादी संगठन कमजोर पड़ गये थे।

पिछले कुछ समय से इस यात्रा के कारण मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर पसोपेश में हैं क्योंकि शोभा यात्रा को अनुमति न देने से हिन्दुओं की उन्हें चुनावों में नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। सरकार की पहले ही काफी भद्द भी पिट चुकी है। अगर शोभा यात्रा निकली और फिर से हिंसा हुई तो उसे सम्भाल पाना सरकार के लिये खासा मुश्किल होगा। नूंह जिला गुरुग्राम से लगा हुआ है जो देश का प्रमुख औद्योगिक केन्द्र है। यहां दुनिया के कई महत्वपूर्ण उद्योग-धंधों के मुख्यालय व कारखाने हैं। देश के जिन तीन शहरों की प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है उनमें एक गुरुग्राम भी है जहां होने वाली हिंसा का असर कारोबार जगत और भारत की छवि पर पड़ेगा।

उम्मीद तो है कि हिन्दू संगठन देश के अमन-चैन को ध्यान में रखकर इस शोभा यात्रा को सीमित व प्रतीकात्मक रूप से निकालेंगे और इसे प्रतिष्ठा का मुद्दा नहीं बनायेंगे। प्रशासन को भी चाहिये कि वह अपने निर्देशों का पालन कड़ाई से करे। साथ ही यह भी आवश्यक है कि संविधान को लागू करने की जिम्मेदारी जिन पर है, वे अपने दायित्वों का पालन कर कानून व व्यवस्था का राज बनाए रखें। वैसे यह मामला इस बात का सटीक उदाहरण है कि कट्टरता को जब एक बार राज्य की ओर से बढ़ावा मिलता है तो उसे नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है। अनेक संगठन या व्यक्ति संविधान से ऊपर हो जाते हैं। धार्मिक संगठनों के हौसले पिछले कुछ समय से जिस बुलन्दी पर हैं, वह संविधान के लिये चुनौती बन गया है। ऐसे संगठन व लोग यह मानते हैं कि कानून का पालन करना उनके लिये आवश्यक नहीं है। पिछले कुछ समय से ऐसे अनेक दृष्टांत सामने आये हैं जब सत्ता व समाज के शीर्ष पर बैठे लोगों की अपीलें भी काम नहीं आ रही हैं। एक बार तो स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दलितों के उत्पीड़न से व्यथित होकर कह चुके हैं- 'दलितों को मारने से अच्छा है कि उन्हें (पीएम को) मार दें।' ऐसे ही, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत भी अपने लोगों को समझा चुके हैं कि 'मुस्लिम भी भाई ही हैं और इन्हें मारने वाले हिन्दू नहीं हो सकते।' जिस विचारधारा के लोग हिन्दू संगठनों को चला रहे हैं या उनके सदस्य हैं, उनमें से ज्यादातर भाजपा एवं संघ से जुड़े हैं। अपील करने वाले अपने-अपने संगठनों के शीर्ष पर हैं। जब उनका कहा बेअसर हो रहा है, तो हरियाणा के सीएम या प्रशासन की बिसात ही क्या है! नफरत और हिंसा का जिन्न वापस जाने के लिए बोतल से नहीं निकलता।


# कोटा के कोचिंग छात्रों की आत्महत्याएं: ये युवा खून किस के हाथों पर है!

कोटा में कोचिंग कर रहे दो छात्रों ने इसी रविवार को आत्महत्या कर ली। एलन कोचिंग के छात्र, महाराष्ट्र के आविष्कार संभागी ने एक टैस्ट के बाद, अपने कोचिंग इंस्टीट्यूट की ही छत से जाकर छलांग लगा दी और अपनी जान दे दी। वह कोटा में अपने नाना-नानी के साथ रहकर, कोचिंग कर रहा था। उसी रोज, बिहार के आदर्श ने होस्टल के कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। इन दो युवाओं की आत्महत्या के साथ, इसी साल देश में कोचिंग उद्योग के सबसे बड़े केंद्र कोटा में, छात्रों की आत्महत्याओं का आंकड़ा 23 पर पहुंच गया है। और यह समस्या किस तरह विकराल से विकराल होती जा रही है, इसका अंदाजा एक इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि पिछले साल कोटा में ही ऐसी आत्महत्याओं का आंकड़ा कुल 15 था। इस बार यह संख्या अब तक ही 23 तक पहुंच चुकी है, जबकि अभी अगस्त का महीना भी पूरा नहीं हुआ है और पूरा एक तिहाई साल आगे पड़ा हुआ है।

बेशक, इस विकराल रूप लेती समस्या के सामने अधिकारीगण जो भी हैं जो उन्हें सूझ रहा है, अपनी ओर से करने की कोशिश कर रहे हैं। एक ही दिन में दो छात्रों की आत्महत्या की खबर आने के बाद, कोटा के जिलाधिकारी ने एक एडवाइजरी जारी कर, कोटा के सभी कोचिंग इंस्टीट्यूटों से दो महीने तक नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी टैस्ट—एनईईटी) तथा आईआईटी-जी(जनरल एंट्रेंस टैस्ट) की कोचिंग कर रहे छात्रों के टैस्ट रोकने का आदेश दिया है। इससे पहले, 14 अगस्त को सामने आई एक और छात्र की आत्महत्या की घटना के बाद, जो कि अगस्त के महीने में ही ऐसी चौथी घटना थी, कोटा में कोचिंग छात्रों के होस्टलों के कमरों में छत से लटकने वाले पंखों में स्प्रिंग लगाने जैसे कदमों की शुरूआत की गई थी, जिससे छात्रों को आत्महत्या के इस अपेक्षाकृत आसानी से उपलब्ध साधन का सहारा लेने से रोका जा सके। इससे पहले से, ऐसी घटनाओं के बाद, हर बार इन छात्रों की काउंसिलिंग और यहां तक कि बच्चों के अभिभावकों की काउंसिलिंग के भी सुझाव दिए जाते रहे हैं, जिससे बच्चों पर किसी भी कीमत पर सफलता के दबाव और विफलता के डर को घटाया जा सके। बहरहाल, साफ है कि ये सभी उपाय/ सुझाव न सिर्फ बुरी तरह से विफल साबित हुए हैं बल्कि समस्या से दो-चार होने की किसी गंभीर कोशिश के बजाय, अगंभीर से लेकर हास्यास्पद ही साबित हुए हैं।

जाहिर है कि कोटा के कोचिंग छात्रों की या नीट, जी जैसी डाक्टरी, इंजीनियरिंग आदि की प्रतिष्ठित संस्थाओं में दाखिले की परीक्षाओं में सफलता के लिए अन्यत्र कोचिंग का सहारा लेने वाले किशोरों व युवाओं की, बढ़ती संख्या को आत्महत्या के अंधेरे रास्ते पर धकेलने वाले कारकों की, अपनी भी कुछ विशिष्टताएं हैं, जो इन कोचिंग संस्थाओं के छात्रों की स्थिति को और भी खतरनाक बना देती हैं। फिर भी एक बात जिसकी चर्चा बहुत कम ही होती है, यह है कि इसका सीधा संबंध डाक्टरी, इंजीनियरिंग आदि की प्रतिष्ठित संस्थाओं में प्रवेश की परीक्षाओं को, सबके लिए समान स्तर सुनिश्चित करने के नाम पर, ज्यादा से ज्यादा एकीकृत किंतु वास्तव में केंद्रीयकृत किए जाने की राजकीय नीति से भी है। यह ऐसी राजकीय नीति है जिसे आमतौर पर उदारीकरण की नीतियों तथा खासतौर पर प्रोफेशनल शिक्षा के अंधाधुंध निजीकरण की नीतियों के जरूरी हिस्से के तौर पर, पिछले दो-तीन दशकों में तेजी से आगे बढ़ाया गया है। यह प्रवृत्ति न सिर्फ इस कोचिंग उद्योग के तेजी से फलने-फूलने के लिए रास्ता बना रही है, युवा आत्महत्याओं की बढ़ती महामारी को भी तेजी से देश भर में फैला रही है।

प्रतिष्ठित संस्थाओं में प्रवेश की परीक्षाओं के बढ़ते केंद्रीयकरण और युवाओं की बढ़ती आत्महत्याओं के इस सीधे रिश्ते का सबसे प्रत्यक्ष सबूत, मेडिकल शिक्षा में दाखिले की नीट नामक परीक्षा है। नीट परीक्षा की शुरूआत से देश के कई हिस्सों में और खासतौर पर तमिलनाडु में इस परीक्षा को थोपे जाने के खिलाफ शीर्ष राजनीतिक स्तर तक से आवाजें उठती रही हैं।


राजेन्द्र शर्मा

**ये आत्महत्याएं नहीं हत्याएं हैं, जिनके लिए हमारी वर्तमान व्यवस्था जिम्मेदार है, जिसने युवाओं के लिए अवसरों को इस कदर सीमित कर दिया है, इस कदर मुश्किल तथा संयोगाश्रित बना दिया है कि एक-एक विफलता की आशंका, संवेदनशील किशोरों-युवाओं के लिए, जिंदगी और मौत का सवाल बन जाती है। याद रहे कि बढ़ते चौतरफा आर्थिक संकट के बीच, अवसरों का लगातार सिकुड़ना, पूरे समाज में ही इस रुग्णता को फैला रहा है और बढ़ा रहा है।**

और इसकी एक वजह यह भी है कि तमिलनाडु पर इस परीक्षा के थोपे जाने की शुरूआत ही, मेडिकल की पढ़ाई के लिए दाखिले के लिए उत्सुक, प्रतिभाशाली बच्चों-बच्चियों की आत्महत्याओं से हुई थी और हर साल यह परीक्षा तमिलनाडु में कुछ न कुछ जानें निगल ही लेती है। इसी साल, 15 अगस्त से ठीक पहले इस परीक्षा के नतीजों के साथ आई बहुत ही हृदयविदारक घटना में, दो बार की विफलता के बाद, जगदीश्वरन नामक किशोर ने ही अपनी जान नहीं दे दी, उसकी आत्महत्या से विचलित उसके पिता ने भी, उसकी आत्महत्या के चंद घंटों में ही अपनी जान दे दी। इस तरह, इस परीक्षा ने क्रूर काल बनकर पूरे के पूरे परिवार को ही खत्म कर दिया। इस घटना से विचलित, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने न सिर्फ जल्द ही नीट का ही अंत हो जाने की भविष्यवाणी की है बल्कि यह भी याद दिलाया है कि तमिलनाडु ने अब तक इस परीक्षा के ही हाथों, अपने 16 प्रतिभाशाली बच्चों को हमेशा के लिए खोया है।

बेशक, यह कहा जा सकता है कि इतने बड़े देश में, इतने सारे बच्चे प्रतिष्ठित शिक्षा धाराओं में प्रवेश चाहने वाले होंगे। लेकिन, सब को तो प्रवेश नहीं दिया जा सकता है। जिन्हें प्रवेश नहीं मिलता है, वे अगर आत्महत्या करने पर उतर आएं, तो इसमें प्रवेश परीक्षा की व्यवस्था क्या कर सकती है? सीमित मौकों के हिसाब से छंटनी जरूरी है। और पूरे देश के लिए समान प्रवेश परीक्षा ही न्यायपूर्ण तथा तार्किक तरीके से यानी कम प्रतिभावानों को अलग करने के जरिए, छंटाई का यह काम कर सकती है। बहरहाल, तमिलनाडु का उदाहरण बताता है कि प्रतिभावानों को छांटने की यह पूरी दलील ही कागजी और झूठी है।

यह एक जानी-मानी शिक्षाशास्त्रीय सच्चाई है कि कोई भी परीक्षा, सीमित हद तक ही प्रतिभा की जांच कर पाती है। और हमारे जैसे बहुत भारी विविधताओं वाले देश में तो ऐसी परीक्षाओं की उपयोगिता और भी सीमित है। यहां परीक्षा का दायरा जितना ज्यादा फैलता जाएगा, प्रतिभा या उपयुक्तता की जांच की उसकी क्षमता उतनी ही घटती जाएगी। अलग-अलग भाषाओं में पढ़ाई कराने वाले, एक हद तक अलग-अलग पाठ्यक्रम पढ़ाने वाले राज्यों के लिए, एक अखिल भारतीय परीक्षा का विचार ही बहुत खोखला और वास्तव में नुकसानदेह है। याद रहे कि तमिलनाडु में नीट-विरोधी आंदोलन की शुरूआत, जिस छात्रा की आत्महत्या से हुई थी, वह राज्य में उस वर्ष से पहले तक चालू पात्रता चयन व्यवस्था के हिसाब से, मेडिकल कालेज में दाखिले की अपनी पात्रता पहले ही साबित कर चुकी थी। इसके बाद भी, जब नीट के आधार पर उसे अपात्र बना दिया गया, उसका दिल टूट गया और उसने अपनी जान दे दी। इसीलिए, जनतांत्रिक छात्र आंदोलन समेत, वास्तव में जनतंत्र की कद्र करने वाली तमाम ताकतें, नीट जैसी केंद्रीयकृत प्रवेश परीक्षाओं का विरोध करती आई हैं। लेकिन, दुर्भाग्य से एकरूपता को एकता का पर्याय मानने वाली देश की मौजूदा सरकार, ऐसी परीक्षाओं की सीमाओं को लेकर बार-बार चेताए जाने के बावजूद, ऐसी परीक्षाओं का दायरा बढ़ाती ही जा रही है। देश भर के लिए केंद्रीयकृत विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा, इसी युवाघाती अभियान का एक और उदाहरण है। हां! केंद्रीयकृत विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा, नीट की जितनी जानलेवा शायद न साबित हो क्योंकि विश्वविद्यालय की शिक्षा में प्रवेश मिलने न मिलने से, नीट जैसी जानलेवा अपेक्षाएं नहीं लगी हुई हैं। लेकिन, इसीलिए इस परीक्षा ने अपने शुरूआती वर्षों में ही लाखों की संख्या में छात्रों को विश्वविद्यालयी पढ़ाई से दूर खदेड़ दिया है और यह पढ़ाई करने वालों के दायरे को, जो इस देश में पहले ही बहुत सीमित था, और भी सीमित करना शुरू कर दिया है।

बहरहाल, कोटा कोचिंग छात्रों और आम तौर पर कोचिंग छात्रों की आत्महत्याओं पर लौटें। ये छात्र कौन हैं? बेशक, कोचिंग की पढ़ाई और खासतौर पर कोटा जैसे केंद्रों में कोचिंग की पढ़ाई, काफी महंगी है। यह दूसरी बात है कि यह कोचिंग जिस डाक्टरी, इंजीनियरी आदि की पढ़ाई के लिए दाखिले की है, वह पढ़ाई भी अब देश में आय के अनुपात में काफी महंगी हो चुकी है। निजीकरण ने इन प्रोफेशनल कोर्सों की पढ़ाई को इतना महंगा बना दिया है कि साधारण मध्यवर्गीय परिवार तक, इस पढ़ाई का बोझ आसानी से नहीं उठा सकता है, फिर साधारण मेहनतकश परिवारों की तो बात ही क्या करना। पहले कोचिंग का खर्च और फिर दाखिला मिल जाए तो पढ़ाई का खर्च, दोनों को उठाना संपन्नतर परिवारों के लिए ही संभव है। हां! इस संबंध में दो अलग-अलग या दोनों एक साथ चलने वाले विकल्प भी देखने को मिलते हैं। पहला, दाखिले की सूरत में पढ़ाई के लिए कर्ज का बोझ बच्चे के ऊपर डाला जा सकता है, जो नाकामयाबी के डर को जानलेवा बना सकता है। दूसरे, साधारण परिवार, बच्चा अगर पढ़ाई में अच्छा नजर आता हो तो, उसके दाखिले को ही अपनी आर्थिक मुक्ति का इकलौता रास्ता मानकर, घर-जमीन या दूसरे सभी साधन बेचकर, बच्चे की महंगी पढ़ाई का बंदोबस्त कर सकता है। कोचिंग के मामले में तो खासतौर दूसरा ही विकल्प संभव है क्योंकि कोचिंग के लिए बैंक से शिक्षा ऋण नहीं मिल सकता है। दोनों ही सूरतों में परिवार की अपेक्षाओं का असह्य बोझ, किशोरों-युवाओं को विफलता की जरा सी फिसलन या आशंका भर से, आत्मघात की अंधेरी खाई में धकेल सकता है। हैरानी की बात नहीं है कि अपेक्षाकृत साधारण परिवारों से आने वाले बच्चे ही, कोई और रास्ता ही नहीं दिखाई देने के चलते, हताशा में आत्मघात की खाई में ज्यादा छलांग लगाते हैं।

ये आत्महत्याएं नहीं हत्याएं हैं, जिनके लिए हमारी वर्तमान व्यवस्था जिम्मेदार है, जिसने युवाओं के लिए अवसरों को इस कदर सीमित कर दिया है, इस कदर मुश्किल तथा संयोगाश्रित बना दिया है कि एक-एक विफलता की आशंका, संवेदनशील किशोरों-युवाओं के लिए, जिंदगी और मौत का सवाल बन जाती है। याद रहे कि बढ़ते चौतरफा आर्थिक संकट के बीच, अवसरों का लगातार सिकुड़ना, पूरे समाज में ही इस रुग्णता को फैला रहा है और बढ़ा रहा है। यह संयोग ही नहीं है कि एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार 2019 में देश भर में आत्महत्याओं की संख्या 1.3 लाख थी, जो 2020 में बढ़कर 1.5 लाख हो गई और 2021 में और बढ़कर 1.64 लाख हो गई यानी 2020-2021 के बीच ही, पूरे 7.1 फीसद बढ़ गई। फिर भी प्रतिभाशाली किशोरों-युवाओं की जान लेने वाला चेहरा, मौजूदा व्यवस्था का सबसे हिंसत, सबसे क्रूर चेहरा है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# नवीनतम चीन-भूटान सीमा वार्ता के नतीजे से भारत के लिए चिंता का विषय

■ **गिरीश लिंगन्ना**

हिमालय में, दो एशियाई महाशक्तियों, भारत और चीन के बीच रणनीतिक रूप से संवेदनशील भौगोलिक स्थिति में बसा है। वर्षों से दिल्ली अपनी भू-राजनीतिक मजबूरियों के कारण थिम्पू को सैन्य और आर्थिक सहायता के रूप में करोड़ों डॉलर की पेशकश करती रही है। भारत और भूटान दोनों को अभी भी चीन के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे भूमि सीमा विवाद को सुलझाना बाकी है, जो भूटान के उत्तर और पश्चिम में हिमालय के क्षेत्र पर सीमा समझौते पर पहुंचने के लिए दबाव डाल रहा है। संभावित समाधान के लिए भूटान के दीर्घकालिक सहयोगी, भारत की अंतर्निहित मंजूरी की भी आवश्यकता होगी।

21-24 अगस्त तक बीजिंग में भूटान और चीन के बीच आयोजित 13वीं विशेषज्ञ समूह बैठक (ईजीएम) के अंत में, जो सीमा वार्ता की प्रगति की निगरानी करती है, दोनों देशों ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में घोषणा की कि वे वार्ता की गति बढ़ाने पर सहमत हुए हैं, अपने लंबे समय से लंबित सीमा विवाद के समाधान के लिए 'तीन-चरणीय रोडमैप' बनाने के लिए एक साथ कदम उठायेंगे। चालू वर्ष में आयोजित यह तीसरी विशेषज्ञ समूह (ईजीएम) की बैठक थी।

**दोनों देशों के बीच दशकों से चले आ रहे इस सीमा गतिरोध में विवाद की जड़ डोकलाम का रणनीतिक पठार है, जो तीन देशों-भारत, भूटान और चीन के ट्राइ-जंक्शन के करीब स्थित है। यदि बीजिंग इस विवादित पठार पर नियंत्रण हासिल करने में कामयाब हो जाता है, तो यह चीन को निर्बाध बल जुटाने की अनुमति देगा क्योंकि इससे भारत के साथ सशस्त्र संघर्ष छिड़ने की स्थिति में उसे भूमि मार्गों तक अधिक पहुंच मिल जायेगी।**

संयुक्त विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने पिछली ईजीएम में हुए समझौते के आधार पर रोडमैप को लागू करने पर 'स्पष्ट, मैत्रीपूर्ण और रचनात्मक चर्चा' की थी। बयान में कहा गया, '13वीं ईजीएम के महत्वपूर्ण परिणामों में से एक चीन-भूटान सीमा के परिसीमन पर संयुक्त तकनीकी टीम की स्थापना है, जिसने ईजीएम के मौके पर अपनी पहली बैठक की।'

चीन और भूटान के बीच सीमा वार्ता 1984 से एक सतत प्रक्रिया रही है क्योंकि दोनों देश डोकलाम क्षेत्र पर अपना दावा करते हैं। भारत ने हमेशा से ही उसके रुख का समर्थन किया है। चीनी अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर नजर रखने वालों का कहना है कि चीन और भूटान 1996 के आसपास एक अंतिम समझौते पर पहुंचने के बहुत करीब आ गये थे,लेकिन भारत की रणनीतिक दखल के कारण वार्ता विफल हो गयी। 1984 के बाद से चीन और भूटान के बीच 24 दौर से अधिक सीमा वार्ता के अलावा 12 दौर की विशेषज्ञ स्तर की बैठकें हो चुकी हैं। मई 2023 में, 12वीं विशेषज्ञ समूह बैठक (ईजीएम) भूटान की राजधानी थिम्पू में आयोजित की गई थी, 11वीं ईजीएम वार्ता चीन की राजधानी और युनान प्रांत के सबसे बड़े शहर कुनमिंग में आयोजित होने के ठीक चार महीने बाद हुई थी।

जैसे ही थिम्पू दौर की चर्चा समाप्त हुई, भूटान और चीन दोनों ने कहा कि 'तीन-चरणीय रोडमैप' को लागू करने की दिशा में प्रगति हुई है जो उनके सीमा विवाद को सुलझाने में मदद करेगा। दो साल के लंबे अंतराल के बाद जनवरी 2023 में 11वीं ईजीएम के बाद अप्रैल 2021 में 10वीं ईजीएम हुई। इसे देखते हुए, यह महत्वपूर्ण लगता है कि मई 2023 में 12वें दौर के बाद, 13वां दौर केवल तीन महीनों के भीतर- और चीनी राजधानी में- वार्ता में और अधिक तेजी से विकास का संकेत दे रहा है।

इस विवाद की जड़ें भारत और चीन के बीच तीखी सीमा वार्ता में हैं। दोनों देशों के बीच दशकों से चले आ रहे इस सीमा गतिरोध में विवाद की जड़ डोकलाम का रणनीतिक पठार है, जो तीन देशों-भारत, भूटान और चीन के ट्राइ-जंक्शन के करीब स्थित है। यदि बीजिंग इस विवादित पठार पर नियंत्रण हासिल करने में कामयाब हो जाता है, तो यह चीन को निर्बाध बल जुटाने की अनुमति देगा क्योंकि इससे भारत के साथ सशस्त्र संघर्ष छिड़ने की स्थिति में उसे भूमि मार्गों तक अधिक पहुंच मिल जायेगी।

भारत की हिमालयी सीमाओं पर निर्भीक और बेधड़क चीनी घुसपैठ के कारण क्षेत्र में प्रतिद्वंद्वी सैन्य जमावड़े हुए और कभी-कभी झड़पें भी हुई। 2017 में चीन-भारत सीमा पर झड़प, जिसे 'डोकलाम गतिरोध' कहा गया, भारत और चीन के बीच एक सैन्य झड़प थी। डोकलाम में सड़क बनाने की चीनी कोशिशों ने विवाद को भड़का दिया। 16 जून, 2017 को, चीनी सैनिकों ने बुलडोजर, क्रेन, उत्खननकर्ता, फोर्कलिफ्ट और डंप ट्रकों के साथ डोकलाम में पहले से मौजूद सड़क को दक्षिण तक विस्तारित करने का काम शुरू किया। 18 जून, 2017 को, भारत ने 'ऑपरेशनजुनिपर' के रूप में अपनी प्रतिक्रिया शुरू की, जब लगभग 270 सशस्त्र भारतीय सैनिकों ने अनुचित चीनी गतिविधि को रोकने के लिए केवल दो बुलडोजरों के साथ सिक्किम सीमा पार डोकलाम में हमला किया। हालांकि, 28 अगस्त को दोनों देशों ने सेना वापसी की घोषणा की।

भारत-चीन सीमा संकट सीमांकित त्रिकोणीय जंक्शन के पश्चिम में भारत के सिक्किम राज्य, उत्तर में चीन के कब्जे वाले तिब्बत की चुम्बी घाटी और पूर्व में भूटान की हा घाटी पर पहुंच गया है। इस त्रि-जंक्शन के सटीक स्थान को लेकर भारत और चीन के बीच लंबे समय से टकराव चल रहा है। भूटान-चीन सीमा प्रश्न का दशकों पुराने भारत-चीन सीमा संकट से सीधा संबंध है। दोनों देश एक सीमा साझा करते हैं जिसका पर्याप्त रूप से सीमांकन नहीं किया गया है, इसलिए इस क्षेत्र पर दोनों देशों के दावे एक-दूसरे के क्षेत्र तक होते हैं। भारत का अनुमान है कि यह 3,488 किलोमीटर लंबा होगा, जबकि चीन का कहना है कि यह 2,000 किलोमीटर है। वर्तमान यथास्थिति सीमा भारत के उत्तर में लद्दाख क्षेत्र में स्थित है और पूर्व में अरुणाचल प्रदेश तक जाती है - जो कि विवादित भी है क्योंकि चीनी इसे 'दक्षिणी तिब्बत' कहते हैं।

बीबीसी के अनुसार, चीन पश्चिमी भूटान में लगभग 269 वर्ग किमी और उत्तर-मध्य भूटान में 495 वर्ग किमी पर अपना दावा करता है। 2020 में, चीन का दुस्साहस पूर्वी भूटान में सकतेंग वन्यजीव अभयारण्य में 739 वर्ग किमी क्षेत्र तक फैल गया, और दावा किया कि यह मुख्यभूमि चीन का हिस्सा है, हालांकि अधिकांश आधिकारिक चीनी मानचित्रों में सकतेंग को भूटान का हिस्सा दिखाया गया है। यहां तक कि अरुणाचल प्रदेश सहित विशाल क्षेत्रों का दावा करने वाले चीन के सबसे महत्वाकांक्षी और विवादास्पद 2014 के नक्शे में, साकतेंग पार्क को भूटान का हिस्सा दर्शाया गया था।

डोकलाम पर थिम्पू के रुख का समर्थन करने के लिए दिल्ली के पास ठोस कारण हैं। यदि चीन के मंसूबे सफल होते हैं, तो भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण यह पठार बीजिंग को भारत के लिए सबसे संवेदनशील भौगोलिक बिंदुओं में से एक - सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे 'चिकन नेक' भी कहा जाता है - 22 किलोमीटर की संकीर्ण भूमि पर दिल्ली के मुकाबले फायदेमंद रहेगा। यह भूमि पुल मुख्य भूमि भारत को उत्तर-पूर्व में उसके 'सतबहनी' राज्यों से जोड़ता है।

उपग्रह चित्रों सहित महत्वपूर्ण डेटा से संकेत मिलता है कि चीन संप्रभु भूटानी क्षेत्र के अंदर बुनियादी ढांचे-यहां तक कि छोटे गांवों- के निर्माण में लगा हुआ है। बताया जाता है कि भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग ने मार्च 2023 में एक साक्षात्कार में बेल्जियम के दैनिक ला लिब्रे को बताया था, 'जैसा कि मीडिया में बताया गया है, भूटानी क्षेत्र में कोई घुसपैठ नहीं हुई है'। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि भूटान और चीन कुछ बैठकों में कुछ सीमाओं के सीमांकन में साझा आधार ढूंढ लेंगे।

इससे संकेत मिलता है कि शेरिंग संभवत: चीन के दबाव के आगे झुक रहे थे और सीमा मुद्दे को 'हल' करने के लिए क्षेत्र छोड़ने की तैयारी कर रहे थे, एक ऐसा कदम जिसने भारत के सुरक्षा प्रतिष्ठान में खतरे की घंटी बजा दी। 2012 के भारत-चीन समझौते में कहा गया है कि, भारत-चीन और किसी तीसरे देश के बीच साझा सीमाओं पर, सीमा का सीमांकन सभी संबंधित पक्षों की सहमति पर किया जायेगा। इसलिए, सीमा विवाद को सौहार्द्रपूर्ण ढंग से तभी हल किया जा सकता है जब तीनों देश-भारत, भूटान और चीन- आम सहमति से किसी निर्णय पर पहुंचने में कामयाब होंगे।

## गुरवाणी विचार

### कहो कबीर गूंगे गुड़ खाया पूछे तो किया कहिये

सचा सौदा हरिनाम है, सच्चा वापरा राम।
गुरमति हरि नाम नजलिये अति माल अफारा राम।
अंतर बाहर भगती राते सचि नाम लिव लागी।
नदरि करे कोई सच पाये गुरु के शबद वीचारा।
नानक नाम रते तिन ही सुख पाया- साचै के वापारा।

इस शब्द में तीसरे नानक गुरु अमरदास जी मानवमन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि प्रभु के नाम की सच्ची खरीद ही प्रभु का साचा व्यापार है और यही सबसे उत्तम व्यापार है इसी के द्वारा हमें आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है। गृहस्थ में रहकर गुर सीख ने अपनी और अपने परिवार की उपाजीविका चलाने हेतु विभिन्न प्रकार के कार विहार करने हैं। तथा अपना और अपने परिवार का उदर पोषण करना है। परन्तु ये सब सही और ईमानदारी के साथ करना है और उसमें से दसबंध निकालकर जरूरतमंदों की दीनदुखियों की सेवा में लगाना है परन्तु माया कमाने के चक्कर में इतना गलतान नहीं हो जाना है कि अपने जनक को भी विसार दो-

दात पियारी विसरिया दातारा। माया है ही महा मोहिनी आदमी दस हजार कमाता है तो फिर लाख कमाने की तरफ दौड़ पड़ता है और इस तरह इस माया की अंधी दौड़ में ही फंसकर रह जाता है-

सहस्र कटे लख को उठि धावै।
तिरपत न आवै माया पाछै पावै।।

इसलिए हमें इस माया के मोह जाल में ही उलझ कर नहीं रह जाना है बल्कि कमाने के साथ साथ उस पभु परमात्मा को भी हमेशा याद रखना है जिसने हमें यह लाखों-करोड़ों की सुंदर काया दी है और उस पभु परमात्मा को भी हमेशा याद रखना है जिसने हमें यह लाखों-करोड़ों की सुंदर काया दी है और उस प्रभु परमात्मा को एकमात्र याद करने का तरीका है पभु सिमरन बंदगी हमें जहां पर प्रभु संकीर्तन होात हो जाना चाहिए प्रभु महिमा कथा, कीर्तन श्रवण करते रहना चाहिए प्रभु महिमा वाली पुस्तकें पढ़ते रहना चाहिए ताकि हमारा मन उसमें रम जाए और शनै:शनै: हम अपने मन मंदिर में पभु परमात्मा हर जीव के अंतर आत्मा में मौजूद है हमें प्रयास कर उसे खोजना है और उसकी प्राप्ति हो जाए तो फिर उसका बखान उसी तरह नहीं किया जा सकता जिस तरह एक गूंगा व्यक्ति मिठाई या गुड़ खा ले तो उसके स्वाद का बखान नहीं कर सकता-

कहो कबीर गूंगे गुड़ खाया
पूछे तो किया कहिये।।

इस तरह हमारा सही मायने में व्यापार प्रबु सिमरन कर उसकी प्राप्ति ही होना चाहिए। तभी हम प्रभु सिमरन कर उसकी प्राप्ति कर आनंदपूर्वक इस संसार में जीवनयापन कर सकेंगे और प्रभु के साचे दरबार में जाने पर जगह प्राप्त कर सकेंगे और यह तभी संभव है जब प्रभु परमात्मा की हम पर नजरें इनायत हो जाए।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### मनाने के साथ समझने होंगे रक्षा बंधन के मायने ?

भाई-बहन का रिश्ता दुनिया के सभी रिश्तों में सबसे ऊपर है। हो भी न क्यों? भाई-बहन दुनिया के सच्चे मित्र और एक-दूसरे के मार्गदर्शक होते हैं। जब बहन शादी करके ससुराल चली जाती है और भाई नौकरी के लिए घर छोड़कर किसी दूसरे शहर चला जाता है तब महसूस होता है कि भाई-बहन का ये सर्वोत्तम रिश्ता कितना अनमोल है। सरहद पर खड़ा एक सैनिक भाई अपनी बहन को कितना याद करता है और बहनों की ऐसे वक्त क्या दशा होती है? इसके लिए शब्द नहीं है। यह पर्व उस अनमोल प्रेम का, भावनाओं का बंधन है जो भाई को सिर्फ अपनी बहन की नहीं, बल्कि दुनिया की हर लड़की की रक्षा करने हेतु वचनबद्ध करता है।

रक्षाबंधन भाई-बहन के रिश्ते का त्योहार है, रक्षा का मतलब सुरक्षा और बंधन का मतलब बाध्य है। रक्षाबंधन के दिन बहनें भगवान से अपने भाईयों की तरक्की के लिए भगवान से प्रार्थना करती हैं। राखी सामान्यत: बहनें भाई को ही बांधती हैं परन्तु ब्राह्मणों, गुरुओं और परिवार में छोटी लड़कियों द्वारा सम्मानित सम्बंधियों (जैसे पुत्री द्वारा पिता को) भी बांधी जाती है। वास्तव में ये त्योहार से रक्षा के साथ जुड़ा हुआ है, जो किसी की भी रक्षा करने को प्रतिबद्ध करता है। अगर इस पवित्र दिन अपनी बहन के साथ दुनिया की हर लड़की की रक्षा का वचन लिया जाए तो सही मायनों में इस त्योहार का उद्देश्य पूर्ण हो सकेगा। इस पावन त्योहार का अपना एक अलग स्वर्णिम इतिहास है, लेकिन बदलते समय के साथ बाकी रिश्तों की तरह इसमें भी बहुत से बदलाव आए हैं। जैसे-जैसे आधुनिकता हमारे मूल्यों और रिश्तों पर हावी होती जा रही है। संस्कृति में पतन के फलस्वरूप रिश्तों में मजबूती और प्रेम की जगह दिखावे ने ले ली है। आज के बदलते समय में इस त्योहार पर भी आधुनिकता हावी होने लगी है, तब से आज तक यह परंपरा तो चली आ रही है लेकिन कहीं न कहीं हम अपने मूल्यों को खोते जा रहे हैं। राखी का ये अनमोल रिश्ता महज कच्चे धागों की परंपरा भर नहीं है। लेन-देन की परंपरा में प्यार का कोई मूल्य भी नहीं है बल्कि जहां लेन-देन की परंपरा होती है वहां प्यार तो टिक ही नहीं सकता, अटूट रिश्ते कैसे बन पाएंगे। इतिहास में कृष्ण और द्रौपदी की कहानी प्रसिद्ध है, जिसमें युद्ध के दौरान श्रीकृष्ण की उंगली घायल हो गई थी, श्रीकृष्ण की घायल उंगली को द्रौपदी ने अपनी साड़ी में से एक टुकड़ा बांध दिया था, और इस उपकार के बदले श्रीकृष्ण ने द्रौपदी को किसी भी संकट में द्रौपदी की सहायता करने का वचन दिया था। रक्षा बंधन की कथाएं बताती हैं कि पहले खतरों के बीच फंसी बहन का साया जब भी भाई को पुकारता था, तो दुनिया की हर ताकत से लड़ कर भी भाई उसे सुरक्षा देने दौड़ पड़ता था और उसकी राखी का मान रखता था।

कहते हैं, मेवाड़ की रानी कर्मावती को बहादुरशाह द्वारा मेवाड़ पर हमला करने की पूर्व सूचना मिली। रानी लड़ने में असमर्थ थी अत: उसने मुगल बादशाह हुमायूं को राखी भेज कर रक्षा की याचना की। हुमायूं ने मुसलमान होते हुए भी राखी की लाज रखी और मेवाड़ पहुंच कर बहादुरशाह के विरूद्ध मेवाड़ की ओर से लड़ते हुए कर्मावती व उसके राज्य की रक्षा की।

परस्पर एक दूसरे की रक्षा और सहयोग की भावना रक्षाबन्धन के पर्व में यहीं से प्रारम्भ हुई। आज एक बार फिर भातृत्व की सीमाओं को बहन फिर चुनौती दे रही है, क्योंकि उसके उम्र का हर पड़ाव असुरक्षित है, उसकी इज्जत एवं अस्मिता को बार-बार नोचा जा रहा है।

**-प्रियंका सौरभ**

CMYK

# मार्बल ज़ोन

' स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक'

सुप्रभात से शुभरात्रि तक

जबलपुर, मंगलवार 29 अगस्त 2023 देशबन्धु

5

## गाड़ाघाट हेल्थ एंड वेलनेस सेण्टर बना एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन प्राप्त करने वाला प्रदेश का पहला हेल्थ वेलनेस सेंटर

### केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण केन्द्र ने जारी किया प्रमाण-पत्र



### प्रोत्साहन स्वरूप मिलेगी 1.25 लाख रूपये की राशि

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले के पाटन विकासखंड में गाड़ाघाट स्थित हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाला प्रदेश का पहला हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर बन गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा गाड़ाघाट हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर को एनक्यूएएस प्रमाण-पत्र जारी किया गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर गाड़ाघाट को 1 लाख 25 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जायेगी।

जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा ने बताया कि यह पहला अवसर है जब देश में मध्यप्रदेश के किसी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर को नेशनल क्वालिटी ऐश्योरेंस स्टेण्डर्ड सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है।

डॉ. मिश्रा ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी भारती केवट, एएनएम सुनिता सिंह, जिला क्वालिटी मैनेजर डॉ. शिखा गर्ग, डॉ. ऐश्वर्या राजपूत एवं विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी पाटन डॉ. आदर्श विश्नोई को बधाई दी है तथा इस दिशा में किये गये उनके उत्कृष्ट प्रयासों एवं प्रतिबद्धता की सराहना की है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा ने बताया कि हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर गाड़ाघाट का एनक्यूएएस प्रमाणन न केवल गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता को मान्यता देता है, बल्कि समुदाय को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने का आश्वासन भी देता है। उन्होंने बताया कि हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर गाड़ाघाट की इस उपलब्धि की भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने प्रशंसा भी की है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर गाड़ाघाट की सफलता अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और दीर्घ स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का प्रतीक बनने के लिए प्रेरित करेगी।

## एआईपीईएफ ने एमपी सरकार को दी चेतावनी, कहा- अभियंता संघ के साथ हुए समझौते को ऊर्जा विभाग जल्द लागू करे

**जबलपुर, देशबन्धु।** ऑल इंडिया पावर इंजीनियर फेडरेशन (एआईपीईएफ) के अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे ने मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन को विद्युत विभाग की जायज मांगों के समाधान के लिए पत्र लिख कर कर कहा है कि प्रदेश हित और विद्युत कर्मियों के हित में 7 जुलाई 2023 को विद्युत मंडल अभियंता के साथ हुए मध्यप्रदेश के ऊर्जा विभाग के लिखित समझौते को जल्द से जल्द लागू हो, श्री दुबे ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मध्य प्रदेश के विद्युत अभियंता हड़ताल पर जाते हैं तो उन्हें पूरे देश भर से समर्थन मिलेगा।

निजीकरण, सातवें वेतनमान में 03 विलोपित करने, पेंशन सुरक्षा और पुरानी पेंशन बहाली सहित 7 सूत्रीय मांगों को लेकर अभियन्ता संघ के द्वारा 28 जून 2023 को जायज मांगों की पूर्ति के लिए एक दिवसीय कार्य बहिष्कार एवं 10 जुलाई 2023 से तीन दिवसीय हड़ताल निर्धारित की गई थी। 28 जून 2023 विद्युत अधिकारियों द्वारा की गई एक दिन के हड़ताल एवं मुद्दों की गंभीरता को समझते हुए प्रमुख सचिव ऊर्जा की अध्यक्षता में ऊर्जा विभाग म.प्र. शासन द्वारा मांगों के निराकरण के लिए अभियन्ता संघ को बैठक के लिए 7 जुलाई 23 को भोपाल आमंत्रित किया। बैठक में अभियन्ता संघ ने विस्तार से अपनी सभी 7 प्रमुख मांगे रखी, जिसके बाद प्रमुख सचिव एवं अभियंता संघ के मध्य मांगों के जल्द निराकरण पर सहमति बनी एवं ऊर्जा विभाग द्वारा सकारात्मक कार्यवाही का लिखित में आश्वासन दिया गया, परंतु डेढ़ माह से ऊपर बीतने के बाद भी ऊर्जा विभाग एवं बिजली कंपनियों द्वारा किसी भी मांग पर सकारात्मक आदेश पारित नहीं किया गया ऑल इंडिया पावर इंजीनियर फेडरेशन ने मुख्यमंत्री म.प्र. को पत्र में लेख किया कि मुद्दों की गंभीरता को समझते हुए इस मामले को स्वसंज्ञान में लेते हुए उचित हस्तक्षेप करने की मांग की।



## रक्षा सुविधा के अभाव में शैक्षणिक संस्थानों के द्वारा नहीं बरती जा रही सावधानी

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के पूर्व जिला महासचिव मोहम्मद अली के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने बताया कि जिले के सभी महाविद्यालय विद्यालय एवं कोचिंग संस्थानाओं के द्वारा छात्रों के अभिभावकों से फीस के नाम पर मोटी रकम वसूल की जाती है, परंतु छात्रों के लिये किसी प्रकार की रक्षा सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाती है। जबलपुर में भी एक वर्ष पूर्व निजी अस्पताल में भी अग्नि दुर्घटना होने के कारण कई लोग शिकार हो चुके हैं एवं प्रदेश में कई जगह अग्नि शामक यंत्र (फायर सेफ्ट्री यंत्र) एवं अपातकालीन खिड़की/दरवाजे न होने के कई लोग दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं जबलपुर में अधिकतम शैक्षिक संस्थानों में जैसे विद्यालयों महाविद्यालय एवं कोचिंग संस्थानों में अग्नि शामक यंत्र (फायर सेफ्ट्री यंत्र) नामक कोई भी वस्तु मौजूद नही है हर संस्था को नियत के तहत प्रत्येक कक्षा/अफिस/हॉल में आपातकालीन दरवाजा होना अनिवार्य है। संगठन ने चेतावनी दी है कि जल्द जिले के सभी निजी/शासकीय शैक्षिक संस्थानों में छात्राओं की सुरक्षा की दृष्टि से अग्नि शामक यंत्र लगाने का आदेश जारी कर प्रत्येक माह उसकी मॉनिटेरिंग उच्च श्रेणी के अधिकारी से कराये अगर जल्द से जल्द सभी संस्थानों में सुविधा उपलब्ध नही होती है तो संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी इस अवसर मोहम्मद अली, सौरभ गौतम, अमित मिश्रा, सचिन रजक, नीलेश माहर, अपूर्व केशरवानी, अनुज यादव, वाजिद कादरी, सैफ मंसूरी, अभिषेक दाहिया, आदित्य सिंह, पुष्पेन्द्र गौतम, नजीम शाह, पाबस तिवारी, मुईन खान, आदर्श झारिया, अनुराग दुबे, अभिषेक मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## जिला कौशल विकास समिति की बैठक 31 को

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला कौशल विकास समिति की बैठक 31 अगस्त को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में होगी।

जिला पंचायत सीईओ जयति सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कौशल विकास योजनांतर्गत प्रशिक्षणार्थियों एवं प्रशिक्षण संस्था ओं का चयन किया जायेगा।

## मोबाईल सीडिंग और ई-केवायसी में विलम्ब करने पर दस राशन दुकानों पर दो-दो हजार रुपए का जुर्माना

**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन के निर्देशानुसार पीओएस मशीन में धीमी गति से हितग्राहियों के मोबाइल नम्बर दर्ज करने तथा ई-केवायसी में विलम्ब करने के कारण जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश तांडेकर ने जिले की दस शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर दो-दो हजार रुपए का अर्थदण्डे लगाने के आदेश दिए है।

इन उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं को अर्थदण्डा की यह राशि शासकीय मद में तीन दिवस के भीतर जमा करने के निर्देश दिये हैं तथा मोबाईल नंबर की सीडिंग एवम्? ई-केवायसी के कार्य में विलम्ब की पुनरावृत्ति करने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी है।

## कैंट विधानसभा से सोनू दुबे की दावेदारी



**जबलपुर, देशबन्धु।** समाजसेवी व उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ कांग्रेस कमेटी जबलपुर के नगर अध्यक्ष सुधीर सोनू दुबे द्वारा प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ , राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री पीसी शर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, चंद्र प्रभाष शेखर, राजीव सिंह, जेपी धनोपिया को कैंट विधानसभा 99 की दावेदारी के पुख्ता जनहित के किए जा रहे कार्यों एवं अपने द्वारा कांग्रेस पार्टी को कैंट विधानसभा जितने के सभी तथ्यों को सामने रखकर अपने किए हुए कार्यों का लेखा-जोखा दिया। उन्होंने बताया कि हमेशा जनता के बीच रहकर जनता के सहयोग करने का काम हमेशा तत्पर होकर चाहे स्वास्थ्य का क्षेत्र हो, शिक्षा का क्षेत्र हो, दैनिक समस्याओं का क्षेत्र जैसे नगर निगम संबंधी, बिजली संबंधी , शासकीय योजनाओं का क्षेत्र हो, चाहे धार्मिक आयोजन का क्षेत्र हो हर समय जनता के बीच रहकर कोरोना काल जैसे 2 वर्ष की भीषण महामारी में पहले कोरोना काल में 75 दिन दूसरे करोनो काल में 50 दिन लगातार जनता के बीच में अपनी जान की परवाह न करते हुए सेवा कार्य किया एवं वरिष्ठ नेताओं से चर्चा की एवं जमीन से जुड़े कार्यकर्ता जो जनता के बीच आसानी से पहुंच सके ऐसे व्यक्ति को कांग्रेस पार्टी का टिकट देकर चुनाव जीतने की अपनी दावेदारी प्रस्तुत की।

## लंबित पत्रों के प्रकरण प्राथमिकता से करे : मुख्य कार्यपालन अधिकारी



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयति सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा व नाथूराम गौड़ सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। वहीं वर्चुअली रूप से सभी अनुभाग के एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ व सीएमओ जुड़े थे।

बैठक में उन्होंने कहा कि लंबित पत्रों के प्रकरण प्राथमिकता से करें। सीएम हेल्पलाइन के विभागवार एक-एक प्रकरणों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये की समय सीमा में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में रांझी में अतिक्रमण, स्कूल से टीसी निकालने, सिहोरा में जमीन आवंटन, राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह म्यूजियम, मध्यान्ह भोजन, जन सेवा के प्रकरणों का निराकरण, पानी निकासी के उचित प्रबंधन, आरबीसी 6(4) अंतर्गत सहायता, महिला उद्यमिता विकास आदि से संबंधित प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही कहा कि स्वीप गतिविधियां तेजी से करें और पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में जुड़वायें। पिछले चुनाव में जहां-जहां जेंडर गेप ज्यादा दिखा था उस क्षेत्र में गहनता से देखें और पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में जुड़वायें।

बैठक में मुख्य रूप से लंबित पत्र व सीएम हेल्पलाइन के निराकरण के साथ स्वीप गतिविधियों को प्रभावी बनाने के निर्देश दिये गये।

## वरिष्ठ महिला लोक गीत एवं सिने गीत नृत्य प्रतियोगिता



**जबलपुर, देशबन्धु।** विविधा कला सांस्कृतिक अकादमी द्वारा 40 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं की प्रतिभा प्रदर्शन के लिये गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन श्री जानकीरमण महाविद्यालय में किया गया। सावन मास में गाये जाने वाले लोकगीत हरे रामा ब्रिज में झूला डारे, झर लागी आसाढ़ अब के सावन में घर नैया सैया और फिल्मी गीत एक राधा एक मीरा, प्यार किया तो डरना क्या, मोरनी बागामा बोले जैसे गीतों पे चालीस वर्ष से सत्तर वर्ष की महिलाओं ने किसी युवती की तरह ही अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गीत शरद तिवारी, विशिष्ठ अतिथि मीना भट्ट, अध्यक्षता कर रहे पुरूषोत्तम भट्ट तथा संरक्षक बीएम नेहरा विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। लोग गीत गायन में प्रथम लक्ष्मी झारिया, दवितीय मधु वर्मा, तथा तृतीय स्थान प्रभा श्रीवास ने तथा प्रोत्साहन वंदना सिन्हा एवं सर्वाधिक आयु की जान्हवी शुक्ला ने प्राप्त किया। सिने के गीत नृत्य प्रतियोगिता में दिव्या भार्गव ने प्रथम, सुनीता गिनारा ने दतितीय एवं प्रतिभा गुप्ता ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया एवं प्रोत्साहन पुरस्कार राजकुमारी रैकवार एवं सर्वाधिक आयु की प्रभा बच्चन श्रीवास्तव ने प्राप्त किया। लोक गीत प्रतियोगिता के निर्णायक का दायित्व पंडित श्याम सुंदर त्रिपाठी, संध्या पाण्डेय, सौम्या त्रिपाठी ने तथा नृत्य प्रतियोगिता का डॉ उपासना उपाध्याय, विजय श्रीखन्ना एवं आकांक्षा सोनकर ने किया। सचिव अभिषेक तिवारी के साथ रमाकांत गौतम, अनुराधा अनु अल्का मधुसूदन पटेल, कनक वर्मा ने कार्यक्रम में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया कार्यक्रम का संचालन डॉ.मुकुल तिवारी एवं जमुना अय्यर ने किया आभार प्रदर्शन प्रदर्शन अकादमी अध्यक्ष डॉ. अनामिका तिवारी द्वारा किया गया।

## भोपाल- ग्वालियर इंटरसिटी एक्सप्रेस में एक एसी चेयर कार एवं एक सामान्य श्रेणी कोच एक माह के लिये लगाया गया

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा त्यौहार के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 12197/12198 भोपाल-ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस में दोनों दिशाओं में 01 से 30 सितम्बर तक के लिये अस्थाई तौर पर एक वातानुकूलित चेयर कार एवं एक सामान्य श्रेणी कोच लगाये जाने का निर्णय लिया है।

उक्त अतिरिक्त कोच गाड़ी संख्या 12197 भोपाल से चलकर ग्वालियर स्टेशन को जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस में भोपाल स्टेशन से तथा गाड़ी संख्या 12198 ग्वालियर से चलकर भोपाल स्टेशन को जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस में ग्वालियर स्टेशन से 01 से 30 सितम्बर आगामी एक माह तक के लिए लगाया जाएगा। इस प्रकार अब उक्त गाड़ी का वातानुकूलित चेयर कार- 02, सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच- 12, द्वितीय श्रेणी चेयर कार- 01 एवं एसएलआरडी- 02 कोच सहित कुल 17 कोचों के साथ गंतव्य के लिये प्रस्थान करेगी ।

## रानी कमलापति इंटरसिटी एक्सप्रेस में सामान्य श्रेणी के दो कोच लगाने की अवधि को बढ़ाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा रक्षाबंधन त्यौहार के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 22187/22188 रानी कमलापति-आधारताल-रानीकमलापति इंटरसिटी एक्सप्रेस में दोनों दिशाओं में 26 से 28 अगस्त 2023 तक के लिये द्वितीय सामान्य श्रेणी के दो कोच लगाये गए थे, त्यौहारी सीजन में अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए इस गाड़ी में अतिरिक्त दो सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच लगाने की अवधि अब बढ़ाकर 29 से 31 अगस्त तक करने का निर्णय लिया गया है। उक्त अतिरिक्त कोच गाड़ी संख्या 22187 रानी कमलापति स्टेशन से चलकर आधारताल स्टेशन को जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस में रानी कमलापति स्टेशन से तथा गाड़ी संख्या 22188 अधारताल से चलकर रानी कमलापति स्टेशन को जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस में आधारताल स्टेशन से 31 अगस्त तक के लिए लगाया जाएगा।

## जिला प्रशासन की घोषणा के अनुसार शहीद गौंड़ राजाओं के बलिदान स्थल पर शीघ्र विकास करायें

**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा गोंडवाना संरक्षक, संघ द्वारा एक ज्ञापन जिला प्रशासन एवं महापौर नगर निगम, जबलपुर के नाम प्रेषित किया गया और 18 सितम्बर 2022 को उनके द्वारा की गई घोषणा एवं विकास कार्य कराये जाने की मांग की गई साथ ही जिला प्रशासन सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आदिम जाति विकास विभाग से प्रतिवर्ष होने वाली व्यवस्थाओं दुरूस्त कराये जाने की मांग की गई, आगामी 18 सितम्बर 2023 को होने वाले बलिदान दिवस कार्यक्रम में राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को बुलाये जाने का भी निर्णय लिया गया।

उक्त अवसर पर संघ के संभागीय अध्यक्ष किशोरी लाल भलावी, नेम सिंह मरकाम, एड बालकिशन चौधरी, अजय झारिया, गया प्रसाद धुर्वे, अंजना इनवती, सारिका मांडवी, दिशा इनवाती, युवराज सिंह, घनश्याम सोनी, एड नारायण चौधरी, संजय उईके आदि उपस्थित थे।

## समाज में एक बार फिर बंधुता खतरे में



**जबलपुर, देशबन्धु।** मदन महल स्थित सभागार में नागरिक अधिकार मंच के तत्वाधान में युवा नेतृत्व कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में पोलीपाथर व चेरीताल दमोह नाका से 30 युवा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में साथी शिवकुमार के माध्यम से वैसे तो संविधान की प्रस्तावना में न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता जैसे चार मानवीय मूल्यों के अंगीकृत किया गया। उन्होंने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा संविधान सभा में चर्चा में भाग लेते हुए कहा गया था कि कोई भी आदर्श समाज समता, स्वतंत्रता और बंधुता पर अधारित होगा आज हम जो मणिपुर जैसी घटनाऐं देख रहे है वो यहां बताती है कि समाज में एक फिर बंधुता खतरें में हैं। इसके और आगे दूरगामी परिणाम हमें देखने होंगे। जिस समाज में बंधुता खत्म होती है वहां पर अभिव्यक्ति, विचार धर्म और उपासना की स्वतंत्रता भी खतरे में आती है। युवाओं को इस बात को समझना होगा और समाज बंधुता के विस्तार के लिए कार्य करना होगा। कार्यक्रम में युवाओं को सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

जिसमें बताया कि यह संविधान के स्वतंत्रता के मूल्य को समाहित करते हुए संसद के द्वारा इस अधिनियम को बनाया गया, क्योंकि संसद का मानना था कि देश के विकास में क्या-क्या कदम उठाये जा रहे हैं। इन सब जानकारी को प्राप्त करने की स्वतंत्रता जनता के ही पैसे का उपयोग करती है। कार्यक्रम के आखरी में युवाओं द्वारा अपना एक संगठन संविधान जागरूकता फॉरम का गठन किया गया जो समाज में युवाओं के बीच संविधान की जागरूकता के लिए कार्य करेगा कार्यक्रम कहकशां खानम के माध्यम शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 और कई नई शिक्षा नीति 2020 की विशेषता और बारीकियों के बारे में युवाओं को विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस कार्यक्रम में संस्था की ओर से कौशल चौधरी, दीक्षा यादव, अभिषेक चौधरी व एड काजल चौधरी, निशा चौधरी, अंजली चौधरी, रिया चौधरी, रियान चौधरी व सुमिल बेन आदि युवा उपस्थित रहे।

## सांसद ने गुना-बीना मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** सांसद गुना, डॉ. कृष्ण पाल सिंह यादव ने 28 अगस्त को गुना रेलवे स्टेशन पर आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में गाड़ी संख्या 06608 गुना-बीना मेमू स्पेशल ट्रेन की उद्घाटन सेवा को हरी झंडी दिखाकर गुना स्टेशन से गन्तव्य के लिये रवाना किया।

इस अवसर पर विधायक गुना गोपीलाल जाटव एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति, मीडिया प्रतिनिधि तथा रेल प्रशासन की ओर से अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश कुमार सक्सेना, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक-सौरभ कटारिया सहित अन्य रेल अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

यह गाड़ी माबन, पगारा, पीलीघाट, शाढोरागांव, रातीखेड़ा, अशोकनगर, हिनोतिया पीपलखेड़ा, ओर, रेहटवास, पिपरईगांव, गुनेरुबामोरी, मुंगावली, कंजिया, सेमरखेड़ी एवं महादेवखेड़ी स्टेशन पर हाल्ट लेकर बीना स्टेशन पहुंची।

इस अवसर पर बीना स्टेशन पर आयोजित स्वागत समारोह में माननीय सांसद, सागर राजबहादुर सिंह, गाड़ी के बीना स्टेशन आगमन पर स्वागत किया। इस अवसर पर माननीय विधायक बीना, महेश राय एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति, जन सामान्य मीडिया प्रतिनिधि तथा रेल प्रशासन की ओर से मंडल वाणिज्य प्रबन्धक श्री संजय कुमार गुप्ता सहित अन्य रेल अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

गाड़ी की नियमित सेवा 29 अगस्त से प्रतिदिन बीना और गुना स्टेशन से प्रारम्भ होगी। नियमित गाड़ी संख्या 06607 बीना-गुना मेमू स्पेशल ट्रेन 29 अगस्त से बीना स्टेशन से 06.20 बजे प्रस्थान कर, 06.33 बजे महादेवखेड़ी, 06.41 बजे सेमरखेड़ी, 06.50 बजे कंजिया, 07.00 बजे मुंगावली, 07.11 बजे गुनेरुबामोरी, 07.23 बजे पिपरईगांव, 07.34 बजे रेहटवास, 07.41 बजे ओर, 07.48 बजे हिनोतिया पीपलखेड़ा, 07.57 बजे अशोकनगर, 08.07 बजे रातीखेड़ा, 08.16 बजे शाडोरागांव, 08.26 बजे पीलीघाट, 08.34 बजे पगारा, 08.43 बजे माबन से प्रस्थान कर, 09.15 बजे गुना स्टेशन पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06608 गुना-बीना मेमू स्पेशल ट्रेन 29 अगस्त से प्रतिदिन गुना स्टेशन से 10.00 बजे प्रस्थान कर, 10.09 बजे माबन, 10.18 बजे पगारा, 10.26 बजे पीलीघाट, 10.37 बजे शाडोरागांव, 10.46 बजे रातीखेड़ा, 10.55 बजे अशोकनगर, 11.05 बजे हिनोतिया पीपलखेड़ा, 11.12 बजे ओर, 11.19 बजे रेहटवास, 11.30 बजे पिपरईगांव, 11.42 बजे गुनेरुबामोरी, 11.53 बजे मुंगावाली, 12.03 बजे कंजिया, 12.12 बजे सेमरखेड़ी, 12.22 बजे महादेवखेड़ी से प्रस्थान कर, 13.10 बजे बीना स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी के हाल्ट**- रास्ते में यह गाड़ी दोनो दिशाओं में महादेवखेड़ी, सेमरखेड़ी, कंजिया, मुंगावली, गुनेरुबामोरी, पिपरईगांव, रेहटवास, ओर, हिनोतिया पीपलखेड़ा, अशोकनगर, रातीखेड़ा, शाढोरागांव, पीलीघाट, पगारा एवं माबन स्टेशनों पर रुकेगी।

**कोच कंपोजीशन**- इस गाड़ी में 06 ट्रेलिंग कोच एवं 02 मोटर कोच सहित कुल 08 कोच रहेंगे।

## नागपुर-शहडोल व्हाया जबलपुर साप्ताहिक ट्रेन का उद्घाटन 29 अगस्त को, 4 सितम्बर से चलेगी नियमित

**शहडोल/नागपुर, देशबन्धु।** रेलवे द्वारा नागपुर से शहडोल के बीच व्हाया जबलपुर गाड़ी संख्या 11201-11202 नागपुर-शहडोल-नागपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू किया जा रहा है। इस ट्रेन का शहडोल रेलवे स्टेशन से मंगलवार 29 अगस्त को 13.30 बजे विधिवत शुभारंभ किया जाएगा।

यह ट्रेन शहडोल से कटनी साउथ, जबलपुर, नैनपुर, सिवनी मार्ग से नागपुर जाएगी। फिलहाल रेलवे ने 29 अगस्त को इस ट्रेन का शुभारंभ शहडोल से करने का फैसला लिया है, जिसे 4 सितंबर से नागपुर से और 5 सितंबर से शहडोल से नियमित रूप से साप्ताहिक चलाया जाएगा।

शहडोल से जबलपुर होते हुई नागपुर जाने के लिए ट्रेन की लंबे समय से मांग थी। अब इस ट्रेन से जबलपुर होते हुए, नैनपुर, सिवनी और छिंदवाड़ा के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा चालू की जा रही यह ट्रेन इस रूट पर पहली ट्रेन है, जो शहडोल तक जाएगी।

यह गाड़ी पहले दिन 08287 शहडोल-नागपुर उद्घाटन स्पेशल के रूप में शहडोल स्टेशन से 13.30 बजे रवाना होगी। यह स्पेशल ट्रेन उमरिया 14.25-14.27 बजे, कटनी साउथ 15.55-16.00 बजे, जबलपुर 17.10-17.20 बजे, नैनपुर 20.45-21.05 बजे, सिवनी 22.20-22.22 बजे, दूसरे दिन छिंदवाड़ा 00.05-00.25 बजे, सौसर 01.45-01.47 बजे तथा नागपुर 04.00 बजे पहुंचेगी। उद्घाटन स्पेशल इस गाड़ी में टिकटिंग सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। यात्रीगण अब इसका लाभ उठा सकते हैं।

रेलवे बोर्ड के आदेश के मुताबिक यह नई साप्ताहिक ट्रेन 11201 नागपुर से प्रत्येक सोमवार को पूर्वान्ह 11.45 बजे चलेगी और जबलपुर रात 20.15 बजे, कटनी साउथ रात 21.35 बजे होते हुए देर रात 00.20 बजे शहडोल पहुंचेगी। वापसी में 111202 ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को शहडोल से प्रात: 5 बजे छूटेगी, जो 7.30 बजे कटनी साउथ, सुबह 8.50 बजे जबलपुर होते हुए देर शाम 18.30 बजे नागपुर पहुंचेगी।

यह ट्रेन सौंसर, छिंदवाड़ा, सिवनी, नैनपुर, जबलपुर, कटनी साउथ और उमरिया स्टेशन पर रुकेगी। शहडोल नागपुर एक्सप्रेस में जनरल 4, सेकण्ड क्लास के 11, क्लास 3 एसी के 4 मिलाकर 22 कोच होंगे।

कार्यक्रम में बिलासपुर से अधिकारी भी ट्रेन के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सांसद हिमाद्री सिंह ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगी। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ ही आमजन उपस्थित रहेंगे।

## गुइंया...ऐसे रपटो पांव, पसर गए बालमा...







**जबलपुर, देशबन्धु।** बुंदेली संस्कृति का उजास अलग है। इस संस्कृति की छांव में हर कोई पल्लवित हो रहा है। विशेषकर युवा इस संस्कृति से जुड़कर नृत्य की विभिन्न प्रस्तुतियां तैयार कर रहे हैं। इन्हीं प्रस्तुतियों के रंग बुंदेली उत्सव में नजर आए। रविवार को शिक्षाविद डॉ. पूरनचंद श्रीवास्तव को समर्पित बुंदेली दिवस समारोह के अंतर्गत सरदार एचएस चौपड़ा स्मृति बुंदेली नृत्यश्री प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। गुंजन कला सदन के तत्वावधान में दत्त मंदिर में आयोजित प्रतियोगिता में आकर्षक पोशाक में प्रतिभागियों ने रंग जमाया।

**लोक संस्कृति के रंग-** समारोह में प्रतिभागियों ने बुंदेली उत्साह, लोक साहित्य के साथ कला और संस्कृति के रंग दिखाए। नृत्य में जहां गांव में त्योहार का उत्साह दिखा, तो वहीं पशु जन्म की खुशियां नजर आई। प्रतियोगिता दो आयु वर्ग में सम्पन्न हुई। समारोह के विजेताओं को 1 सितम्बर को शहीद स्मारक में पुरस्कृत किया जाएगा।

**35 प्रतिभागी हुए शामिल-** कार्यक्रम में 35 प्रतिभागी शामिल हुए। इस मौके पर पूर्व मंत्री कौशल्या गौंटिया, अयोध्या तिवारी, गौरीशंकर केसरवानी, गुरवचन सिंह चौपड़ा, एड. अतुल श्रीवास्तव, नरेंद्र जैन, डॉ. प्रकाश दुबे, बलविंदर मान, डॉ. रामेश्वर सोनी, अंकिता गिनारा, मानसी विश्वकर्मा, नृत्यगुरु मोती शिवहरे, विजय किसलय, विमला श्रीवास्तव, रेखा सहाने, हिमांशु तिवारी, हेमंत अरोरा, अनुग्रह जैन, विशाल साहू, अखिल मदन शैलेंद्र अग्रहरि, आलोक पाठक मौजूद थे।

## ईजी टू कैरी लुक के लिए पसंद किए जा रहे बैग्स

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिटी गर्ल्स फैशन के मामले में हर दिन नए कॉन्सेप्ट को फॉलो करती हैं। कभी ड्रेसिंग तो कभी मेकअप स्टाइल के लिए हर दिन न्यू ट्रेंड फॉलो करती हैं। इसी तरह का फैशन ट्रेंड इन दिनों स्लिंग बैग में नजर आ रहा है। कूल और कम्फर्ट के साथ ईजी टू कैरी लुक के लिए इन दिनों स्लिंग बैग पसंद किए जा रहे हैं। कॉलेज से लेकर आउटिंग के दौरान यह स्लिंग बैग कैरी किए जा रहे हैं।

### फुटबॉल और फ्रूट्स शेप

स्लिंग बैग फुटबॉल, फरूट्स शेप, डिज्नी, कार्टून कैरेक्टर और अदर शेप में मार्केट में अवेलेबल हैं। कुछ स्लिंग बैग क्लच पैटर्न में भी बनाए जा रहे हैं, जिसमें चैन और एक्स्ट्रा स्ट्रेप दी जा रही है।

### लैदर से लेकर जूट तक

स्लिंग बैग लैदर से लेकर जूट पैटर्न में पसंद किए जा रहे हैं। शिवानी गुप्ता कहती हैं कि उनके पास स्लिंग बैग के काफी कलेक्शन हैं। कॉलेज के साथ आउटिंग के लिए भी वे इन्हें ही प्रिफर करती हैं। यह जहां वेस्टर्न लुक भी कम्पलीट करता है, वहीं सिम्पल सलवार सूट के साथ भी मैच हो जाता है।



### डिफरेंट पैटर्न में पसंदीदा

सिटी गर्ल्स का कहना है कि स्लिंग बैग मार्केट में डिफरेंट पैटर्न में अवेलेबल हैं। सूट और जींस के अलावा हर तरह के आउटफिट्स के साथ स्लिंग बैग अट्रैक्टिव लगते हैं। सिर्फ मोबाइल और कुछ पैसे रखने के लिए इन दिनों स्लिंग बैग का इस्तेमाल अधिक किया जा रहा है।

## त्यौहार में बांटे बच्चों को कपड़े, मासूमों के चेहरे पर आयी मुस्कान



**जबलपुर, देशबन्धु।** रक्षाबंधन के उपलक्ष में नेशनल मीडिया फाउंडेशन अध्यक्ष सोनिया वाकुलकर प्रदेश कार्यकारी द्वारा भटौली दुर्गा नगर की 1 साल से लेकर 15 साल तक की बच्चियों को रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने के लिए वस्त्र वितरण किए गए। जिसमें सहयोगी रहे कथा वाचक स्वामी अशोकानंद महाराज भक्ति धाम गौरीघाट ने कहा कि ऐसी कार्य समाज के हित में होते रहने चाहिए जब बच्चों के चेहरे पर खुशी आती है तो हम सबको प्रयासरत रहना चाहिए प्रत्येक बच्चों को खुशियां देने के लिए समाज के हित में कार्य करते रहें और ऐसे ही आगे बढ़ते रहें। इस मौके पर सुरेश खत्री विशाल केसरवानी, सतीश अग्रवाल, ओमकार दुबे नर्मदा आरती मंडल अध्यक्ष आदि मौजूद रहे। सभी नन्हें मुन्ने बच्चों को वस्त्र पाकर अत्यंत खुशी प्राप्त हुई।

## अहमदाबाद, गुजरात के संग्रहालय में शहर के लेखक की पुस्तकें

**जबलपुर, देशबन्धु।** तिलहरी निवासी लेखक एवं एड. एनसी ब्योहार की लिखित पुस्तकों को गांधी स्मारक संग्रहालय अहमदाबाद और मणि भवन गांधी संग्रहालय मुम्बई में सम्मिलित किया गया है। इन पुस्तकों में विस्डम ऑफ महात्मा गांधी, कस्तूरबा गांधी, द साइलेंट सफरर, महात्मा गांधी, द सोशल रिफारमर, अ देल ऑफ थ्री लॉयर्स, फॉरगाटन हीरोज एंड लीजेंट्स ऑफ इंडिया, रोल ऑफ लायर्स रीलीजन एंड हिस्ट्री इन द फ्रीडम मूवमेंट ऑफ इंडिया के साथ अभी हाल ही में पुस्तक को शामिल किया गया है।


## प्रजापति ब्रम्हा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में रक्षाबंधन

### समाजसेवी सी.ए. राजेश जैन ने दीदीयों से बंधवायी राखी



**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रावण का महीना अपने साथ शुभ पर्वों को लेकर आता है। जिसमें शिव की भक्ति और आस्था से भरे सावन सोमवार के साथ-साथ भाई-बहिनों के स्नेहपूर्ण पर्व रक्षाबंधन से भी शामिल है। बाजार राखियों और रूमालों से सजे हुए हैं। शहर के नागरिक अपने-अपने परिवारों के साथ राखी के इस त्यौहार का बेसब्री से इंतज़ार भी कर रहे हैं। लेकिन कुछ लोगों का इस त्यौहार को मनाने का तरीका अलग होता है। वे अपने परिवार के अलावा समाज के अन्य लोगों के साथ इस खुशी को बांटने में बिल्कुल नहीं हिचकते। इसी तारतम्य में रक्षाबंधन पर्व को मनाने के लिए सी. ए. राजेश जैन सोमवार को प्रजापति ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय भंवरताल, नेपियर टाउन पहुंचे। जहां उन्होंने पहले ब्रह्मा कुमारी दीदियों के मार्गदर्शन में ध्यान किया और इसके पश्चात ब्रह्मा कुमारी भावना दीदी से राखी भी बंधवाई। ब्रह्मा कुमारी दीदियों ने हमें निराकार शिव स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। इस अवसर पर उनकी धर्म पत्नी अनुराधा जैन और साथी अभय रावत, बबलू पांडे, शोभना मलैया इत्यादि भी मौजूद रहे। विदित हो कि सी. ए. राजेश जैन पिछले दिनों नेत्रहीन कन्या हाईस्कूल एवं छात्रावास, रानीताल पहुंचकर भी दिव्य नेत्र कन्याओं से भी राखी बँधवायी थी और साथ ही अपने पुत्र ओणम जैन का भी जन्मदिन मनाया था। सी.ए. राजेश जैन सभी धर्मों और समुदायों के बीच अपने समाजसेवी और मानव कल्याण से जुड़े कार्यों के लिए भी जाने जाते हैं।

## माता वेलांकनी की भक्ति का नौरोजी पर्व आज से शुरू



**जबलपुर, देशबन्धु।** माता वेलांकनी की भक्ति का नौरोजी पर्व सोमवार से निर्मला चर्च, कांचघर में आज से प्रारंभ हो रहा है। आज शाम 6 बजे से माता के आदर में नौरोजी विनती माला से प्रारंभ होगी। जिसमें माता की विशेष पालकी के साथ निर्मला चर्च प्रांगण में एक शोभायात्रा निकाली जाएगी! तत्पश्चात नौबर्ट मठ मठाधीश रेवरेंड ऐबट मारकुस् चंपिया के कर कमलों के द्वारा माता के ध्वज का ध्वजारोहण किया जाएगा एवं मिस्सा बलिदान अर्पण किया जाएगा। अंत में माता के भक्तों के विशेष सहयोग से तैयार विशेष भोज दिया जायेगा। ईसाई धर्मावलंबियों ने समुदाय के सभी माता के भक्तों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में निर्मला चर्च पहुंचे और मां का आशीष प्राप्त करें। पल्ली पुरोहित फादर कृस्तोफेर, सहपल्ली पुरोहित फादर जेवियर पल्ली सचिव शैलेश जॉर्ज, मीडिया प्रभारी फ्रांसिस मरियान, मेरलिन जोसेफ, विजीता गावंडे, रोज मैरी थॉमस,शीला मचाडो, क्रिस्टीना खजूर, एरिक दास, नरेश विश्वकर्मा, लॉरेंस बर्नबस एवं पुष्पराज बरनाड एवं निर्मला चर्च के सभी विश्वासियों ने आप सभी को आमंत्रित किया है।

## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 29 अगस्त 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। श्रावण शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी। नक्षत्र-श्रवण।**

### मेष

आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

### वृषभ

सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

### मिथुन

आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

क.

### कर्क

व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा।

### सिंह

प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है।

### कन्या

-आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है। क्रोध पर संयम रखें।

### तुला

नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। भाग्यवृद्धि का अवसर मिलेगा।

### वृश्चिक

निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

### धनु

आज आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी स्नेहीजन के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहना होगा। किसी मंदिर या धार्मिक जगह पर जाना हो सकता है।

### मकर

कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

### कुंभ

आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

### मीन

आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। बिजनेस को बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

मा.

## चौरसिया समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

### 600 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया



**जबलपुर, देशबन्धु।** चौरसिया समाज के अध्यक्ष प्रमोद चौरसिया ने बताया कि नागपंचमी पर्व एवं चौरसिया दिवस के उपलक्ष्य पर समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को शिक्षा में अभिरुचि जागृत करने व अन्य विधाओं में भी प्रोत्साहन करने के उद्देश्य से 35वां गौरवशाली प्रतिभा सम्मान समारोह मानस भवन सभागार में जगद्गुरु स्वामी राघव देवाचार्य महाराज के मुख्य आतिथ्य महापौर नगर निगम जगत बहादुर सिंह अन्नू की अध्यक्षता एवं भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, विधायक विनय सक्सेना एवं अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया महासभा दिल्ली के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव चौरसिया विक्की के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम संयोजक हरीश चौरसिया, महिला मंडल अध्यक्ष रीता चौरसिया, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष राहुल चौरसिया के द्वारा दीप प्रज्वलन, पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा उसके पश्चात आयोजन मंडल ने सभी अतिथियों का मोती की माला, शाल, श्रीफल साफा बांधकर एवं अभिनंदन पत्र देकर स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम इंजी हरीश, सुमन, आयुष,सौरभ सोनू मनोज आकाश अभिजीत राहुल के मार्गदर्शन में बच्चों ने मोहक नृत्य एवं गीत गायन भी किया गया। साथ हीसमाज के लगभग 600 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रतिभा सम्मान समारोह से पुरस्कृत, वरिष्ठ जनों का सम्मान तथा विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों का स्वागत भी किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्व प्रथम पदम् डॉ. एम. सी. डाबर, समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन, शिक्षाविद एडवोकेट एम एल चौरसिया कटंगी, वरिष्ठ पत्रकार संदेश सुरेश शिंदे, संपादक पत्रकार मयंक तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अतुल चौरसिया, समाज के गौरव सारंग राज चौरसियाआदि को अभिनंदन सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया।

## शासकीय कॉलोनी, स्कूल-कॉलेज परिसर से हटाया जाए अवैध अतिक्रमण

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि नगर निगम अधिकारी कर्मचारी एवं लोक निर्माण विभाग की उदासीनता के चलते शासकीय आवासीय कॉलोनी, स्कूल, कॉलेज परिसर एवं उनके आसपास आये दिन कुछ ना कुछ अतिक्रमण होते रहता है। परंतु इसकी सुध ना तो नगर निगम लेता है, ना ही लोक निर्माण विभाग ना कोई अन्य, आम जन इस पर शिकायत करने से भी कतराते हैं, क्योंकि नगर निगम, लोक निर्माण विभाग की उदासीनता के चलते यह अतिक्रमण होते हैं। इन अतिक्रमण कारियों पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जाती है जिससे इन्हें अतिक्रमण करने के लिए बल मिलता है ।

संघ के जिलाध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम,दिनेश गौंड़, राकेश श्रीवास, एनोस विक्टर, गुडविन चार्ल्स, सुधीर अवधिया, मनीष मिश्रा, धनराज पिल्ले, राजकुमार यादव, फिलिप अन्थोनी, सुधीर पावेल, विनोद सिंह, उमेष सिंह ठाकुर, सुनील झारिया, क्रिस्टोफर नरोन्हा, राजेन्द्र सिंह, रामदयाल उईके, अफरोज खान, देवेन्द्र पटेल, रऊफ खान, मनीष झारिया, गोपीशाह, रवि जैन, नेत राम आदि ने कमिश्नर एवं कलेक्टर से मांग की है, कि शासकीय परिसर, स्कूल, कॉलेज, शासकीय कॉलोनी और उसके आसपास हो रहे अवैध अतिक्रमण को शीघ्र रोके जाने अथवा हटाए जायें।



## पालक शिक्षक समिति का गठन

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर ने बताया कि शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला, घाना, घूंसौर मे पालक शिक्षक समिति का निर्विरोध हुआ। सभी पालक सम्मिलित हुए, शासन के नियमानुसार कार्यवाही सम्पन्न हुई। जन शिक्षक के मार्गदर्शन में सहजता से शांति पूर्ण तरीके से समिति का गठन हुआ। श्रीमति साधना, अध्यक्ष एवं संजय मारवी उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई। संचालन के लिये संध्या पटेल मैडम का अविस्मरणीय सहयोग रहा। शाला के प्रभारी मनीष शुक्ला, गीता कोल, कुंती भलावी, सरोज कोल, दिलीप सिंह ठाकुर, दीपिका चौबे एवं अन्य गणमान्य ग्रामीण जनों का सहयोग रहा।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री हुलासी राम सिंगरहा-** बीटी तिराहा गढ़ा सिंगरहाना मोहल्ला निवासी श्री हुलासी राम सिंगरहा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष कुमार कोरी-** भानतलैया बड़ी खेरमाई निवासी श्री पुत्तू लाल कोरी के पुत्र श्री संतोष कुमार कोरी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अजय कुमार कनौजिया-** शैल विहार रामपुर निवासी श्री प्रेम लाल कनौजिया के पुत्र श्री अजय कुमार कनौजिया (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती हुबिया बाई प्रजापति-** कछियाना द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री रूप लाल प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती हुबिया बाई प्रजापति (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजू सूर्यवंशी-** कटरा अधारताल निवासी श्री राजू सूर्यवंशी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री परसराम सोनकर-** भानतलैया बकरा मार्केट निवासी श्री परसराम सोनकर (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती निशा सिंह-** कांचघर चौक निवासी श्री श्याम सुंदर सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती निशा सिंह (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शीला-** ब्यौहारबाग घोड़ा अस्पताल के पास निवासी श्री ओंकार डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती शीला (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुभद्रा मार्को-** गोरखपुर निवासी श्री हीरा सिंह मार्को की धर्मपत्नी श्रीमती सुभद्रा मार्को (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# कॉम्बिंग गस्त में इनामी बदमाश सहित 681 वारंटी पुलिस ने पकड़े

**जबलपुर, देशबन्धु।** त्यौहारों और चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने कमर कस ली है। और गुंडे-बदमाशों की धरपकड़ तेजी से की जाने लगी है। जिसके चलते पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी के आदेशानुसार अपराधों की रोकथाम के लिये अति. पुलिस अधीक्षक शहर प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर प्रदीप कुमार शेण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सोनाली दुबे तथा समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों/एसडीओपी के मार्गदर्शन में समस्त थाना प्रभारी शहर एवं देहात द्वारा हमराह स्टाफ के कॉम्बिग गस्त की गयी।

जिसमें वारंटी व फरार आरोपियों पकड़ने के लिये टीमें बनाई गई। टीमों ने गस्त के दौरान मारपीट, चोरी, अवैध हथियार, अवैध शराब, आदि प्रकरणों में फरार चल रहे 174 गैर म्यादी एवं 225 गरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा गया तथा 282 जमानती वारंट तामील किए गए। वहीं अवैध शराब के कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश देते हुये 48 आरोपियों को गिरफ्तार कर 610 लीटर कच्ची एव 05 बॉटल अग्रेजी तथा 826 पाव देशी/विदेशी शराब कीमती लगभग डेढ़ लाख रुपए की जप्त की गई है। इसके साथ ही 07 आरोपियों को 4 चाकू, 1 बका एवं 1 पिस्टल, 1 कट्टा खोंसकर घूमते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है।



## शराब कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश देते हुये 48 गिरफ्तार

**पुलिस ने दबोचे 28 हजार का ईनामी बदमाश**- ओमती थाना में 4-4 हजार रूपये के ईनामी बदमाश लक्ष्मण बर्मन पिता मुन्ना लाल बर्मन निवासी पुरानी बस्ती सुहागी अधारताल एवं सूरज कुशवाहा पिता कैलाश कुशवाहा निवासी पन्नी मोहल्ला अधारताल, तथा थाना लार्डगंज में 2-2 हजार रूपये के ईनामी लक्ष्मी नारायण पिता ननकू राम निशाद एवं कुमारी ललिता पिता लक्ष्मी नारायण तथा कुमारी रानी पिता लक्ष्मी नारायण एवं श्रीमति मोगरा पति लक्ष्मी नारायण चारों निवासी आमापारा रायपुर छत्तीसगढ़, तथा थाना गोरखपुर में 1-1 हजार रूपये के ईनामी शुभम पिता राजेन्द्र श्रीवास्तव निवासी पंचायती अखाड़ा के पास गोरखपुर, एवं संतोष पिता प्रभु बर्मन निवाी भटौली ग्वारीघाट, रविन्दर सिंह पिता अवतार सिंह निवासी पुराना रोजकार कार्यालय के पास हाथीताल, सीता पिता सुरेन्द्र बर्मन निवासी छोटीलाईन फाटक अनगढ़ महावीर मंदिर के पास गोरखपुर, जय भान सिंह पिता रामकरण सिंह निवासी सेठी नगर, भरत पिता एल. सचदेवा निवसी ईसाई मोहल्ला गोरखपुर, महेन्द्र पिता खेमकरण यादव निवासी बडी खेरमाई के पास हनुमानताल, बाबू पिता जुगल किशोर कोल निवासी बागडा दफाई पोलीपाथर, संदीप अहिरवार पिता रमेश अहिरवार निवासी सूपाताल गढा, अखिलेश कटारिया पिता सुभाष कटारिया निवासी हाथीताल गोरखपुर, तथा थाना अधारताल में 1-1 हजार रूपये के ईनामी अमित चौधरी एवं पप्पू लोधी को पकड़ा गया है।



# पुलिस अधीक्षक ने सीसीटीएनएस में कार्य कर रहे आरक्षकों की ली बैठक

### अच्छा कार्य करने वाले आरक्षकों को किया पुरुस्कृत

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस कंट्रोल रूम में सोमवार शाम को पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी द्वारा नोडल अधिकारी अति. पुलिस अधीक्षक अपराध समर वर्मा की उपस्थिति में थानों में सीसीटीएनएस में डाटा फीडिंग का कार्य कर रहे आरक्षकों की एक बैठक ली गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सी.सी.टी.एन.एस. प्रोजैक्ट बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है, राष्ट्रीय ई-गर्वेनेंस योजना अन्तर्गत अपराध एवं अपराधियों का वास्तविक समय मे पता लगाने के लिये सूचना प्रौद्योगिकी की सहायता से अपराधियों की उच्च स्तरीय राष्ट्र व्यापी ट्रैकिंग प्रणाली के सृजन के लिये सी.सी.टी.एन.एस. को मिशन मोड परियोजना के रूप में प्रारम्भ किया गया है। एसपी ने थानों में सीसीटीएनएस में डाटा फीडिंग का अच्छा कार्य करने वाले थाना कोतवाली, तिलवारा एवं खितौला के तीनों सीसीटीएनएस ऑपरेटरों को 500-500 के नगद पुरूस्कार से एवं थाना सिहोरा के तीनों ऑपरेटरों को 250-250 रूपये के नगद पुरूस्कार से तथा जिले में थाने की रैंकिग में सुधार कर 24वें से 14वां स्थान प्राप्त करने वाले थाना घमापुर के तीनों ऑपरेटरों को 500-500 के नगद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया गया।

# क्राईम ब्रांच एवं बरगी पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में 2 लाख से अधिक का गांजा लिये 3 तस्कर गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** नशे का गढ़ बन चुका शहर अब तस्करों का अड्डा बनते जा रहा है। यहां बड़ी-बड़ी डील होने लगी है। कहीं लाखों का तो कहीं करोड़ों का गांजा पुलिस पकड़ रही है। बीते दिनों तिलवारा थाना क्षेत्र में पुलिस लगभग 3 करोड़ का गांजा पकड़ा तो वहीं बरगी थाना व क्राइम ब्रांच ने संयुक्त कार्रवाई कर 2 लाख से अधिक का गांजा पकड़ा है।

इस संबंध में बरगी थाना प्रभारी मंगल सिंह धुर्वे ने बताया कि 27-8-23 को नारकोटिक कन्ट्रोल यूनिट कार्यालय अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन से सूचना मिली कि 3 लड़के जिनकी उम्र लगभग 20-22 वर्ष है। तीनों अपने पास बैग में गांजा रखे किसी ग्राहक के इंतजार में ग्राम मंगेला मेन हाईवे



रोड श्रीराम पराठा प्वाइंट के पास खड़े हैं। क्राईम ब्रांच एवं थाना बरगी की संयुक्त टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। जहां संदिग्ध 3 लड़के ग्राम मंगेला श्रीराम पराठा प्वाइंट सेंटर के पास मेन हाईवे रोड पर ढाबा के पास दिखे। जिन्हें पुलिस ने दबोच लिया। जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम हेमंत रजक उर्फ बिसू पिता गोविन्द रजक उम्र 19 वर्ष निवासी लालमाटी कछियाना घमापुर, हनी उर्फ देवेन्द्र रजक पिता संतोष रजक उम्र 19 वर्ष निवासी द्वारका नगर कछियाना रोड लालमाटी घमापुर, नानु उर्फ अभिषेक पटेल पिता रामलाल पटैल उम्र 28 वर्ष निवासी रामकृष्ण आश्रम स्कूल के पास घमापुर बताये। जिनकी तलाशी लेने पर तीनों के बैगों को खोलकर चैक करने पर सैलो टेप से लिपटे हुये पैकिटों में गांजा रखा मिला। तौल करने पर हेमंत के पास से 4 किलो 60 ग्राम, हनी के कब्जे से 4 किलो 170 ग्राम एवं नानु उर्फ अभिषेक पटैल के कब्जे से 4 किलो 80 ग्राम गांजा बरामद किया गया। तीनों आरोपियों के कब्जे से कुल 12 किलो 310 ग्राम गांजा मिला है। जिसकी कीमत लगभग 2 लाख 45 हजार रूपये बतायी जा रही है। आरोपियों में पूछताछ में जिला राजपुर छत्तीसगढ़ में उड़ीसा के रहने वाले पप्पू बारिक से खरीदकर जबलपुर लाना बताये।

## शहर में बेखौफ हो रहा नशे का कारोबार...

# शराब तस्करी में लिप्त 2 आरोपी गिरफ्तार, नशीले इंजेक्शन बेचते युवक धराया

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में मादक पदार्थों की बिक्री पुलिस के लिये सिर दर्द बनी हुई है। रोजाना पुलिस देशी व अंग्रेजी शराब के तस्करों को दबोच रही है। लेकिन कार्रवाईयों के बावजूद ये नशे के सौदागर दूसरे दिन फिर इसी काम में जुट जाते हैं। इसी कड़ी में बरगी, हनुमानताल पुलिस थाना क्षेत्र में शराब तस्कर व नशीले इंजेक्शन बेचते युवकों को पकड़ा है। इस संबंध में बरगी थाना प्रभारी मंगल सिंह धुर्वे ने बताया कि ग्राम खापा ग्वारी निवासी दिलीप पुट्टे अपने घर की बाड़ी में भारी मात्रा में कच्ची शराब बेचने के लिये ग्राहकों का इंतजार कर रहा था। सूचना पर दिलीप के घर पर छापा मार दिया। जो घर की बाड़ी में प्लास्टिक के 4 कप्पे रखे दिखा। पुलिस ने जिसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर बाड़ी में रखे चारों कुप्पों में 65 लीटर कच्ची शराब भरी मिली।



**हनुमानताल में तस्कर धराया**- इसी प्रकार हनुमानताल थाना प्रभारी एम.डी. नागौतिया ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक टेढी नीम पावर हाउस के पीछे पहाड़ी सूर्यकुटी में प्लास्टिक की कुप्पी में कच्ची शराब बेचने के लिये रखा है। जिस पर पुलिस ने बताये स्थान पर दबिश दी। जहां एक युवक प्लास्टिक के 4 कुप्पे रखे दिखा। जो पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे घेराबंदी कर पकडा गया। जिसने पूछताछ में अपना नाम सलीम उर्फ बुल्ला अंसारी उम्र 23 वर्ष निवासी पसियाना मोहल्ला गोहलपुर बताया। जिसके कब्जे में रखे चारों कुप्पों को चैक करने पर पुलिस को 60 लीटर कच्ची शराब भरी मिली।

**नशीले इंजेक्शन बेचते युवक गिरफ्तार**

इसी तरह हनुमानताल थाना प्रभारी एम.डी. नागौतिया ने बताया कि बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि एक लड़का लम्बी कद काठी का जिसके लम्बे बाल है सफेद शर्ट एवं नीला पेंट पहने अपने पास सफेद रंग के प्लास्टिक के थैले में नशे के इंजेक्शन रखकर नशा करने वालों को एवं सीधे सादे लोगों को नशे का डोज देकर अपराध कराता है, जो नशे के इंजेक्शन बेचने के लिये कब्रिस्तान गेट नम्बर 3 के पास खड़ा है। पुलिस ने सूचना पर तत्काल मौके पर दबिश दी। जहां एक संदिग्ध युवक थैली लेकर खड़ा तथा तथा लोगों की भीड़ इकटठा थी। पुलिस को देखकर सभी भागने लगे। थैला लिये युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में जिसने अपना नाम मोहम्मद अरसद उम्र 30 वर्ष निवासी सफीक किराना के बाजू से संजीवनी अस्पताल के पास गोहलपुर बताया। पुलिस ने जब आरोपी की तलाशी ली तो वह अपने पास थैले में फैनेरामाईन मैलेयट इंजेक्शन आईपी 10 एम एल वाले 10 नग इंजेक्शन एवं 2 स्ट्रिप में 10 नग व्यूप्रेनॉर्फिन इंजेक्शन आईपी 2 एम एल वाले रखे मिला। उक्त नशीले इंजेक्शन जप्त करते हुये पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 5/13 म.प्र. ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत कार्यवाही कर अपराध दर्ज कर लिया है।

# कोर्ट ने होमगार्ड सैनिक को बिना जांच सेवा से बर्खास्त करने के मामले में दिए निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश एमएस भट्टी की एकलपीठ ने होमगार्ड सैनिक को बिना जांच सेवा से बर्खास्त करने के मामले में डिवीजनल कमांडेंट व डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट के आदेश की कॉपी पेश करने के निर्देश दिए। एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को अगली सुनवाई के पहले उक्त अधिकारियों द्वारा जारी आदेश की प्रति संलग्न करने के निर्देश दिए। मामले पर अगली सुनवाई 12 सितम्बर को होगी। छिंदवाड़ा के जगनु पर्तेती की ओर से अधिवक्ता विहाग दुबे ने पैरवी की। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता और एक अन्य पुलिसकर्मी की ड्यूटी मालखाने में लगी थी। वहां से एक पिस्टल गायब मिलने पर याचिकाकर्ता के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया। उस पर पिस्टल चोरी का आरोप लगाया गया। इसके बाद उसे 2 मार्च 2021 को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। अधिवक्ता दुबे ने बताया कि एक सिपाही ड्यूटी के लिए उक्त पिस्टल को ले गया था और मालखाने में जमा किए बिना ही वह छुट्टी पर चला गया। उन्होंने बताया कि बाद में संबंधित सिपाही ने पिस्टल मालखाने में जमा भी करा दी इसके बावजूद याचिककर्ता पर झूठा प्रकरण दर्ज कर उसे बहाल नहीं किया गया।

# पुलिस का जुआफड़ पर छापा, 6 जुआड़ी गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी थाना में बीती शाम पुलिस को खबर मिली कि रांझी तलैया में कुछ जुआरी ताश पत्तों पर जुआ मन्ना खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जहां कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपये की हारजीत का दाव लगाकर जुआ मन्ना खेलते दिखे। पुलिस को आता देख जुआरियों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ जुआरियों को पुलिस ने दबोच लिया। जिन्होंने अपने नाम क्रमश: शैलेष मिश्रा, विजय लखेरा, शनि सोनी, शिवकुमार सोनी, रामकुमार मेहरा सभी निवासी ग्राम तिघरा थाना खमरिया एवं राकेश वर्मा निवासी रांझी तलैया बताये। पुलिस ने जुआरियों के पास एवं जुआ फड़ से ताश के 52 पत्ते एवं 4 हजार 790 रूपये जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# बीएड डिग्री धारक अभ्यर्थियों को पक्षकार बनाने के निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने वर्ष 2018 में हुई प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के तहत की गई नियुक्तियों को चुनौती देने के मामले में हस्तक्षेपकर्ता बीएड डिग्री धारक अभ्यर्थियों को पक्षकार बनाने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने पूर्व के उस अंतरिम आदेश को बरकरार रखा है जिसमें नियुक्तियों को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया गया था। डीएलएड छात्रों की याचिका पर सुनवाई के बाद जस्टिस शील नागू व जस्टिस अमरनाथ केसरवानी की खंडपीठ ने मामले पर अगली सुनवाई 14 सितंबर को निर्धारित की है।

इस मामले में सैकड़ों बीएड डिग्रीधारकों उम्मीदवारों ने हस्तक्षेप आवेदन प्रस्तुतं कए हैं। जबलपुर निवासी रोहित चौधरी समेत प्रदेश के अलग-अलग जिलों के दर्जनों डीएलएड छात्रों ने याचिका दायर कर एनसीटीई द्वारा 26 अगस्त 2018 की उस अधिसूचना को चुनौती दी है जिसके तहत प्राथमिक शिक्षक भर्ती के लिए बीएड डिग्रीधारकों को भी पात्र माना है। उनके लिए यह शर्त रखी गई है नियुक्ति के दो वर्ष के भीतर ऐसे शिक्षकों को एक ब्रिज कोर्स करना होगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्त् रामेश्वरं संह ठाकुर ने दलील दी क प्रदेश में प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 के तहतं नयुक्ति के लिए काउंसलिंग जारी है। इसमें सैकड़ों बीएड डिग्री वालों को भी नियुक्ति दी जा रही है, जबकि अभी तक एनसीटीई ने ब्रिज कोर्स का सिलेबस भी निर्धारित नहीं किया है। उन्होंने दलील दी कि ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जाती है तो 6 वर्ष से 14 वर्ष के छात्रों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघ्न होगा। दरअसल, शिक्षा के अधिकार के तहत छोटे बच्चों को पढ़ाने के लिए डीएलएड डिग्रीधारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। जबकि बीएड डिग्री धारियों को उच्च कक्षा में अध्यापन कार्य का प्रशिक्षण दिया जाता है। यह दलील भी दी गईं क प्राथमिक शिक्षक भर्ती में बीएड वालों को नियुक्ति देने से डीएलएड डिग्रीधारकों का हक मारा जाता है। अधिवक्ता ठाकुर ने यह तर्क भी दिया कि हाल ही में राजस्थान हाईकोर्ट, नई दिल्ली व हिमाचल हाईकोर्ट उच्च न्यायालय ने बीएड डिग्रीधारियों की प्राथमिक शिक्षकों के रूप मे की गई नियुक्तियों को निरस्त किया गया है।

# लाखों का गबन करने वाले बाबू को दो साल की सजा

## आयुर्वेद संभागीय अधिकारी कार्यालय में पदस्थ था आरोपी

**जबलपुर, देशबन्धु।** अदालत ने लाखों रुपये का गबन करने वाले आरोपी को दो साल की सजा सुनाई। जेएमएफसी कोर्ट ने आरोपी राम अवतार वर्मा को दोषी पाते हुए उक्त सजा से दंडित किया और दो हजार का जुर्माना लगाया। आरोपी जबलपुर आयुर्वेद संभागीय अधिकारी कार्यालय में लिपिक के साथ-साथ अन्य पदों का प्रभारी था।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि आरोपी राम अवतार वर्मा जबलपुर आयुर्वेद कार्यालय में मुख्य लिपिक था। 12 फरवरी 1993 को उसे कैशियर का भी चार्ज दिया गया था। इसके अलावा वेतन देयक तैयार करना भी उसी के हवाले था। 1993 व 1997 के बीच आरोपी आरए वर्मा ने एक करोड़ 77 लाख 951 रुपये की शासकीय राशि का गबन किया। इतना ही नहीं 3 लाख 73 हजार 701 रुपये का दोहरा आहरण कराकर राशि गबन की गई। संभागीय आयुर्वेद अधिकारी व्हीके जैन की शिकायत पर मदनमहल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर किया। जिसके बाद अदालत के समक्ष चालान पेश गया। सुनवाई पश्चात् अदालत ने आरोपी को दो साल की सजा व दो हजार के जुर्माने से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से एडीपीओं शोभना पटेल ने पक्ष रखा।

## लोकायुक्त में दर्ज प्रकरणों की पेश करो जानकारी

### पैरामेडिकल छात्रवृत्ति घोटाला, चार सप्ताह की मोहलत

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने पैरामेडिकल छात्रवृत्ति घोटाले मामले में लोकायुक्त विभाग को दर्ज प्रकरणों की जानकारी पेश करने चार सप्ताह की मोहलत दी है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ के समक्ष लोकायुक्त की ओर से समय की राहत चाही गई थी। जिसे स्वीकार कर न्यायालय ने सुनवाई मुलतवी कर दी।

उल्लेखनीय है यह मामला लॉ स्टूडेंट एसोसियेशन के अध्यक्ष विशाल बघेल ने दायर किया है। जिसमें कहा गया कि साल 2009 से 2015 के बीच हुए प्रदेश के सैकड़ों पैरा मेडिकल कॉलेजों ने छात्रवृत्ति




के नाम पर करोड़ो रूपये का घोटाला किया था। कॉलेज संचालकों ने फर्जी छात्रों का प्रवेश दर्शाकर सरकार से करोड़ों रुपए की राशि छात्रवृत्ति के रूप में प्राप्त की। घोटाले के संबंध में प्रदेश सरकार ने जांच के आदेश दिये गये थे। जांच में घोटाले के आरोप सही पाये गये थे। जिसके बाद सरकार की ओर से उक्त कॉलेजों से राशि वसूलने का निर्णय लिया गया था। घोटाले के संबंध में लोकायुक्त विभाग ने भी प्रकरण दर्ज किया था। मामले में कहा गया कि छात्रवृत्ति घोटाले करने वाले कॉलेजों से राशि वसूलने किसी तरह की कोई कार्यवाही सरकार नहीं कर रहीं है। इतना ही नहीं लोकायुक्त विभाग ने भी साल 2015 में प्रकरण दर्ज किया, लेकिन उसके बाद कोई कार्यवाही नहीं हुई। मामले की पिछली सुनवाई दौरान सरकार की ओर से वसूली गई राशि की परिपालन रिपोर्ट पेश की गई थी। जिस पर न्यायालय ने लोकायुक्त को दर्ज प्रकरणों के संबंध में जानकारी पेश करने के निर्देश दिये थे। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आलोक बागरेचा ने पैरवी की।बीएड डिग्री धारी भी बनेंगे पक्षकार

## प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट नेप्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के तहत की गई नियुक्तियों को चुनौती देने के मामले में हस्तक्षेपकर्ता बीएड डिग्री धारक अभ्यर्थियों को पक्षकार बनाने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने नियुक्तियों को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रखने के आदेश को बरकरार रखा है। जस्टिस शील नागू व जस्टिस अमरनाथ केसरवानी की युगलपीठ ने डीएलएड छात्रों की याचिका पर सुनवाई के बाद उक्त निर्देश देते हुए अगली सुनवाई 14 सितंबर को निर्धारित की है।

जबलपुर निवासी रोहित चौधरी समेत प्रदेश के अलग-अलग जिलों के दर्जनों डीएलएड छात्रों ने यह याचिकाए दायर की है। जिसमें एनसीटीई द्वारा 26 अगस्त 2018 की उस अधिसूचना को चुनौती दी है, जिसके तहत प्राथमिक शिक्षक भर्ती के लिए बीएड डिग्रीधारकों को भी पात्र माना है। उनके लिए यह शर्त रखी गई है नियुक्ति के दो वर्ष के भीतर ऐसे शिक्षकों को एक ब्रिज कोर्स करना होगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि प्रदेश में प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 के तहत नियुक्ति के लिए काउंसलिंग जारी है। इसमें सैकड़ों बीएड डिग्री वालों को भी नियुक्ति दी जा रही है, जबकि अभी तक एनसीटीई ने ब्रिज कोर्स का सिलेबस भी निर्धारित नहीं किया है। ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जाती है तो 6 वर्ष से 14 वर्ष के छात्रों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा। शिक्षा के अधिकार के तहत छोटे बच्चों को पढ़ाने के लिए डीएलएड डिग्रीधारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। जबकि बीएड डिग्री धारियों को उच्च कक्षा में अध्यापन कार्य का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्राथमिक शिक्षक भर्ती में बीएड वालों को नियुक्ति देने से डीएलएड डिग्रीधारकों का हक मारा जाता है। आवेदको की ओर से विभिन्न उच्च न्यायालयों के आदेशों का हवाला देते हुए कहा गया कि वहां पर बीएड धारियों की नियुक्तियां निरस्त कर दी गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने पक्ष रखा।

## दिव्यांग को पेंशन के एरियर्स पर ब्याज राशि का करो भुगतान

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने मानसिक दिव्यांग को पारिवारिक पेंशन के एरियर्स पर ब्याज की राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने जिला शिक्षा अधिकारी कटनी को इसके लिए 60 दिन की मोहलत दी है। जबलपुर निवासी सुमनलता गुप्ता की ओर से यह मामला दायर किया गया है। जिसमें आवेदिका की ओर से बताया गया कि उसके पिता स्व गोविंद प्रसाद गुप्ता स्कूल शिक्षा विभाग से प्राचार्य के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी मृत्यु के बाद मां को पेंशन मिल रही थी। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि 90 फीसदी मानसिक दिव्यांग है, इसलिए वह पारिवारिक विकलांगता पेंशन की हकदार है। पूर्व के आदेश पर डीईओ कटनी ने 31 अक्टूबर 2008 से पेंशन व एरियर्स का 4 लाख 17 हजार रुपए का भुगतान किया, लेकिन ब्याज नहीं दिया। सुनवाई के बाद न्यायालय ने 31 अक्टूबर 2008 से एक दिसंबर 2015 तक के एरियर्स पर 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज का भुगतान करने के निर्देश दिए।

# घर से नगद व जेवर लेकर भागी पत्नी व अन्य के खिलाफ दर्ज होगा अपराध

**जबलपुर, देशबन्धु।** न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी किशन देव सिंह की अदालत ने पति के घर से नगद व जेवर लेकर भागी पत्नी व अन्य के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने आरोपी श्रद्धा पटेल, रोकड़ पटेल व रामशंकर पटैल को समंस जारी कर 21 सितंबर को हाजिर होने के निर्देश भी दिए। आवेदक कल्पेश पटेल ने परिवाद दायर कर बतायां क उसकी पत्नी 29 जून 2021 को घर से 8 लाख 70 हजार रुपए और संयुक्त लॉकर से 180 तोला सोना लेकर भाग गई। इसमें पत्नी के पिता व मामा भी शामिल हैं। आवेदक की ओर से अधिवक्ता संजय सोनी ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि आवेदक का विवाह 29 नवंबर 2012 को हुआ था। विवाह के बाद पारिवारिक मतभेद होने के चलते पत्नी मायके चली जाती थी और फिर वापस आ जाती थी। दोनों का बैंक में संयुक्त लॉकर था। आवेदक ने घटना की रिपोर्ट विजयनगर थाना व एसपी जबलपुर व आईजी जबलपुर से की, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर कोर्ट में परिवाद दायरं कया गया।

# सावन के अंतिम सोमवार को भी भक्तों ने किया पार्थिव शिवलिंग निर्माण

## शिवमंदिर बाबाताल में आयोजन

**सिहोरा,देशबन्धु।** श्रावण मास के आठवें एंव आखरी सोमवार को भी सिद्ध पीठ स्थल शिवमंदिर बाबाताल में ब्राह्मण समाज सिहोरा के तत्वावधान में भक्तों ने पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर उनका पूजन अर्चन किया।

सिद्ध पीठ स्थल शिवमंदिर बाबाताल में सुबह से ही भक्तगणों का पहुंचना प्रारंभ हो गया था जो दोफहर तक जारी रहा। सभी महिलाओं ने आस्था के साथ शिवलिंग का निर्माण किया एंव विधिवत पूजन अर्चन कर अभिषेक किया यह इस शाल के श्रावण मास का आखरी सोमवार था इसलिए भक्तों का उत्साह भी देखते ही बन रहा था हर कोई बाबाताल सरकार का आशीर्वाद लेने आतुर नजर आया। पूरा प्रांगण हर हर महादेव के जयकारे से गूंज उठा भक्तों ने लगभग 45 कोपरों में शिवलिंग निर्माण कर मंदिर में विराजमान भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।समाज द्वारा हर वर्ष आयोजित किए जा रहे इस धार्मिक आयोजन की सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की है। समाज के साथ सभी वर्ग के भक्तों ने शिवलिंग का पूर्ण श्रद्धा भक्ति भाव के साथ नदी में विसर्जन किया। इसके पूर्व निर्मित पार्थिव शिवलिंग का विधिवत पूजन कराया। आयोजन को सफल बनाने में ब्राह्मण समाज के संरक्षक अश्वनी कुमार पाठक,जय प्रकाश दुबे,अध्यक्ष राकेश पाठक,महामंत्री प्रवीण कुररिया,सूरज पाठक,सुरेन्द्र



तिवारी,नरेन्द्र त्रिपाठी,बालमुकुंद चौबे,इंद्रकुमार पांडे, यदुनंदन चौबे,गोपाल पाठक,राजेश पटेल,प्रमोद बर्मन आदि भक्तों का सराहनीय योगदान रहा।

# 15 वर्ष पूर्ण हुए रामायण पाठ एवं भंडारे का कार्यक्रम

**कुंडम,देशबन्धु।** 25 हजार के आसपास पहुंचे भक्त जन प्रसाद भंडारे में सिहोरा विधायक प्रदेश मंत्री नंदनी मरावी के द्वारा 15 वर्षों से कार्यक्रम आयोजित करती चली आ रही हैं 15 वर्ष पूर्ण हुए रामायण पाठ एवं भंडारे का कार्यक्रम संपन्न हुआ है नंदनी मरावी ने अपने हाथों से ही भोजन और भंडारे का प्रसाद अपने हाथों से परस्ती थी सभी को आसान विट्ठल कर भोजन पारस रही है सिहोरा विधानसभा से लेकर कुंडम तहसील के 200 गांव से समस्त भक्त लोग पहुंचे कुंडेश्वर धाम भंडारे प्रसाद में पूरा भोजन की व्यवस्था थी वह प्रसाद भोजन को प्रसाद समझकर पेट भर खाया वहीं पर शासकीय प्रशासनिक कर्मचारी अधिकारी बंधु और कुंडम नगर की समस्त क्षेत्र की जनता कुंडम कुंडेश्वर धाम पहुंची है कुंडेश्वर धाम हिरन नदी उद्गम स्थान में सिहोरा विधायक प्रदेश मंत्री नंदनी मरावी के द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन आयोजित हुआ है इस कार्यक्रम को इस भक्ति मार्ग को बढ़ाने के लिए पंडित कालिका प्रसाद पांडे माधुर मानस प्रवचन करता संगीत माय गुरु महाराज के द्वारा शिवलिंग निर्माण एवं शिव जल अभिषेक भगवान भोले नाथ को विधायक नंदनी मरावी के सा परिवार एवं समस्त पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ किया हर वर्ष उनके सानिध्य में कार्यक्रम होता है रामचरितमानस का अखंड पाठ भी 24 घंटे की रामायण होती है दो दिन का पूर्ण समय कुंडेश्वर धाम में नंदनी



मरावी देती है समस्त क्षेत्र वासियों ने सावन मास की पुण्यतिथि के अवसर पर धर्म के कार्य को करने वाली धर्म आस्था को रखने वाली सबकी चाहती लोकप्रिय सिहोरा विधायक नंदनी मरावी को धर्म आस्था से जोड़ने वाली लोकप्रिय विधायक को समस्त क्षेत्र वासियों ने आशीर्वाद दिया की ऐसी विधायक हमारे क्षेत्र में जो हुई है 15 साल से विधायक है यह सराहिनी काम करती चली आ रही है धर्म के कम क्षेत्र की जनता को खुश करने वाली खुश रखने वाली विधायक को हार्दिक दिल से आशीर्वाद एवं धन्यवाद के रूप में प्रदान किए है इसी शुभ अवसर पर भगवान भोलेनाथ की महा आरती नंदनी मरावी के द्वारा एवं समस्त पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा 8ः00 बजे की गई है कुंडेश्वर धाम में आए समस्त साधु संत और कुंडेश्वर धाम में विराजमान संत महंतों को भी दक्षिणा देकर नंदनी मरावी ने सभी से आशीर्वाद लिया कुंडेश्वर धाम के मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए भारी भीड़ मची रही इस कार्यक्रम में कुंडम पुलिस व्यवस्था भी सहयोग व्यवस्था प्रदान किया है इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि कमलेश साहू सांसद प्रतिनिधि सतीश अवस्थी मंडल अध्यक्ष राजेश साहू जिला अध्यक्ष संतोष सिंह वरकड़े अध्यक्ष समिति राधेश्याम साहू डॉ राजू साहू एवं समस्त पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता ने सराहनी सहयोग के साथ धर्म कार्य में भाग लिया।

## सार-समाचार



# शिक्षक प्रेमदास बैरागी को मिला शिक्षा रत्न सम्मान

**बरेला,देशबन्धु।** महाकौशल क्षेत्र की विपृकुल परिषद तुलसी मानस प्रचार समिति द्वारा आदि शंकराचार्य चौक समन्वय सेवा केंद्र जबलपुर में अखिल भारतीय तुलसी महोत्सव मनाया गया जिसमें महाकौशल प्रांत की विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण सेवा के लिए अति विशिष्ट जनों को सम्मानित किया गया इसी के तहत नगर बरेला से महामहिम राष्टपति से सम्मानित एवं स्वर्ण पदक प्राप्त शिक्षक पंडित प्रेमदास बैरागी रामायणी को शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अद्वितीय सेवा के लिए महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वर आनंद के मंगल आशीष, डॉक्टर कैलाश गुप्ता विशिष्ट समाजसेवी, डॉक्टर जितेंद्र जामदार वरिष्ठ चिकित्क एवं संस्कार भारती महाकौशल प्रांत की मातृशक्ति प्रमुख श्रीमती विजय श्री मिश्रा राष्टीय महाकवि आचार्य भागवत दुबे एवं डॉ राजकुमार सुमित्रा जी के द्वारा शाल श्रीफल रुद्राक्ष की माला स्मृति चिन्ह एवं सम्मान राशि से सम्मानित किया गया। बैरागी जी के सम्मानित होने पर संस्कार भारती जबलपुर ,श्री दादा ठन ठन पाल मंदिर समिति बरेला बजरंग बाल विहार समिति बरेला, व्यापारी संघ बरेला ,महाकाल भैरव बाबा समिति बरेला, नगर परिषद बरेला अध्यक्ष प्रतीक दुबे, मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के पूर्व प्रांत अध्यक्ष निर्मल अग्रवाल, समाज सेवी महेश मानव श्रमजीवी पत्रकार संघ बरेला एवं नगर की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

## आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र को आदिवासी घोषित करने की बात रखी- धर्म सिंह मरावी



**कुंडम,देशबन्धु।** धर्म सिंह मरावी जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 7 जनपद पंचायत कुंडम ने डॉक्टर हीरालाल अलावा विधायक से मुलाकात के दौरान धर्म सिंह मरावी ने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र को आदिवासी घोषित करने की बात राखी और कहा कि हमारा अधिकार हमें मिलना चाहिए जिला जबलपुर का कुंडम ब्लॉक में पचासी प्रतिशत हमारा आदिवासी भाई रहता है इसलिए हमारा ब्लॉक को आदिवासी घोषित करने के लिए आप भी अपना प्रयास इसमें आप सहयोग करें इसी अवसर पर सरपंच संघ अध्यक्ष बदुआ सरपंच राममिलन वरकडे अच्छे लाल कुंजाम देवी सिंह परस्ते अमर सिंह कालूराम बैग संघ का समाजसेवी कपिल मार्को किसान संघ अध्यक्ष नवल वरकडे संगठन मंत्री रामदास सरपंच दीपेंद्र मार्को पूर्व जनपद अध्यक्ष चंदू लाल कुशवाहा समाजसेवी समस्त कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता बंधु लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे

## गोसलपुर से धार्मिक जत्था बांदकपुर एवं कैलाश धाम के लिए हुए रवाना

**गोसलपुर,देशबन्धु।** आखरी श्रावण सोमवार में गोसलपुर से धार्मिक जत्था बांदकपुर एवं कैलाश धाम के लिए हुए रवाना आज गोसलपुर से बांदकपुर के लिए कावड़ियों का जाता मध्य रात्रि में बांदकपुर के लिए रवाना हुआ जिसमें डॉक्टर सीताराम महेश सोनी मुकेश मोटवानी विजय पटेल आमंत्रण ट्रेलर्स ट्रेलर्स छोटे चक्रवर्ती आदि लोग रवाना हुए वहीं दूसरे ग्रुप में कैलाश धाम मतवार के



लिए ग्राम गोसलपुर के जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह राजपूत ,धीरेंद्र भदोरिया ,राजा दुबे ,महेंद्र सिंह राजपूत ,गणेश राय आदि लोग रवाना हुए प्रभु का अभिषेक करके ग्राम में एवं परिवार में कुशलता की प्रार्थना की

# गांव-गांव बिक रही अवैध शराब को लेकर जनपद सदस्य ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पाटन देशबन्धु।** जिले की पाटन जनपद क्षेत्र क्रमांक 8 में आने वाले गांव-गांव में अवैध शराब बिक्री के संबंध में आज जनपद सदस्य शक्ति यादव के द्वारा पाटन एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जनपद क्षेत्र क्रमांक 08 के ग्राम बगसवाई, सकरा, मांदा, जमुनिया, हितुरहा और इनसे लगे छोटे-छोटे कस्बे कालोनियों और शासकीय स्कूलों के सामने सत्ता एवं आबकारी विभाग तथा पुलिस के संरक्षण में शराब दुकानदारों के द्वारा ऊंची दरों पर अवैध शराब की बिक्री की जा रही है जिससे गांव का वातावरण खराब हो रहा है। जिससे प्रदेश के मुख्यमंत्री और मौजूदा विधायक अजय विश्नोई की लाड़ली बहनें बहुत परेशान हो रही हैं।

लाड़ली बहनों ने मीडिया से चर्चा के दौरान बताया कि..

हमारे घर परिवार एवं गांव के अधिकतर लोग दिहाड़ी मजदूरी करने पाटन जाते है और काम से छुट्टी मिलने पर जब घर आते है तब कभी कभार एक पौआ शराब लेकर या कभी कभी वही से शराब पीकर घर आ जाते थे लेकिन हमारे गांव की किराना दुकान और अंडों



की दुकानों पर शराब माफियाओं के द्वारा अवैध शराब की बिक्री कराई जा रही है जिससे शराब के शौकीनों को आसानी से गांव में ही शराब मिल जाती है जिस वजह से गांव के लोग अवैध शराब दुकान से खरीद कर पी रहे है वही अधिक शराब पीने से नशे में धुत लोग गांव में उत्पात मचाते हुए अपने अपने घरों का माहौल भी खराब करते देखे गए है और आय दिन गांव खेड़ा से शराब खोरी की वजह से गांव और घरों में मारपीट के मामले भी देखे गए है यदि हमारे गांव में अवैध शराब की बिक्री नहीं होती तो बहुत हद तक गांव में शराब खोरी पर कंट्रोल किया जा सकता था और नशे की हालत में होने वाले विवादों को भी टाला जा सकता था।

सत्ता,आबकारी और पुलिस के संरक्षण में बिक रही गांव-गांव अवैध शराब...

जिला पंचायत सदस्य ठाकुर मनोहर सिंह ने अवैध शराब बिक्री के मामले पर बताया कि पाटन विधान सभा क्षेत्र के लगभग 90 प्रतिशत इलाकों में शराब माफियाओं को अवैध शराब बिक्री करने के लिए आबकारी और पुलिस विभाग का संरक्षण मिला हुआ है जिसके एवज में शराब माफियाओं के द्वारा इन गैर ज़िम्मेदार अधिकारियों को हफ्ता पहुंचाया जाता है इस वजह से इन गैर ज़िम्मेदार अधिकारियों को कभी भी अवैध शराब बिक्री दिखाई नहीं देती है।



# नन्हे नन्हे बच्चों को बांटी शिक्षा सामग्री

**पनागर,देशबन्धु।** नगर में समाज सेवा से जुड़ी ब्राह्मी विद्या बालिका मंडल एवं शांतिनाथ महिला परिषद पनागर द्वारा समय-समय पर अनेक जनहित के कार्य किया जा रहे हैं इसी के तहत गांधी वार्ड की आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचकर छोटे-छोटे बच्चों से मिली और बच्चों को कॉपी पुस्तक पेन पेंसिल और पारले जी बिस्किट दी एवं उनसे यहां मिलने वाली सुविधाओं के विषय में भी जाना वहां आंगनवाड़ी के कार्यकर्ताओं एवं बच्चों से मिलकर बहुत अच्छा लगा बालिका मंडल के अध्यक्ष कुमारी सुसीमा मोदी कुमारी सिद्धि चौधरी संस्कृति जैन मानसी परी मोदी महिला परिषद के अध्यक्ष समीक्षा चौधरी रजनी मोदी अंशुल अधिकारी प्रीति मोदी कामिनी खजांची प्रीति चौधरी रानू मोदी सहित अनेक महिला परिषद की पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल रही परिषद की अध्यक्ष श्रीमती चौधरी जी ने बताया हमारी संस्था हमेशा आशा है और गरीब लोगों की मदद करने में सदैव आगे रहती है



## पटवारियों की अनिश्चित कालीन हड़ताल

**सिहोरा,देशबन्धु।** म0प्र0 पटवारी संघ भोपाल के आव्हान पर प्रदेश के समस्त पटवारी अपनी 28 वर्ष पुरानी - यायोचित मांगों हेतु आंदोलनरत हैं। इसी क्रम जबलपुर जिले में कलेक्टर महोदय को सम्बोधित कर ज्ञापन प्रेषित किया गया था तथा आंदोलन के दूसरे चरण में दिनांक 23/08/2023 मे 3 दिवस के सामूहिक अवकाश पर रहे व दिनांक 26/08/2023 को भोपाल में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। परंतु मध्य, शासन ने पटवारियों की मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। शासन की पटवारियों के प्रति उपेक्षा से व्यथित सेकर मध्य प्रदेश के पटवारी आंदोलन के तीसरे चरण में प्रवेश कर रहे हैं । जानकारी देते हुए पटवारी संघ के तहसील अध्यक्ष अमित कुररिया ने बताया कि सभी पटवारी द्वारा एकत्रित होकर तहसीलदार सिहोरा को ज्ञापन सोपा गया जिसमें कहा गया है कि दिनांक 28/08/2023 को समस्त पटवारी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहेंगे।

# रक्षाबंधन के लिए गुलजार रहे बाजार, बहिनों ने खरीदी राखियां

**गांधीग्राम,देशबन्धु।** रक्षाबंधन के अवसर पर गांधीग्राम की दुकानों में ग्राहकी की रौनक रहने से बाजार गुलजार रहे।बहन-भाई का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन 30 एवम 31 अगस्त को मनाया जायेगा। इसके लिए बाजारों में खरीदारों की अच्छी खासी भीड़ नजर आई। रक्षाबंधन त्योहार पर आसपास के गांव रामपुर, माल्हा, धमकी,बम्होरी, देवनगर, मिढ़ासन,पथरई,कैलवास,उमरिया से खरीदारी करने ग्राहक पहुंचे।

नए वस्त्र और राखी व जरूरी सामान खरीदने के लिए ग्राहक सुबह से ही खरीदारी करने के लिए बाजारों में पहुंचे। भाई की कलाई पर सुंदर राखी बांधने के लिए बहनें भी मनपसंद राखियां खरीद रही थी तो वहीं ज्वेलर्स की दुकानों पर सोने चांदी की राखियां रखी हुई थी, लेकिन इनकी खरीदारी कम मात्रा में रही । बाजारों में सबसे ज्यादा बहनों की भीड़ नजर आई । रक्षाबंधन के त्योहार के



चलते बाजारों में धन वर्षा हो रही है। भाई की कलाई सुंदर दिखे इसके लिए बहिने घंटों दुकानों पर खड़े होकर राखी पसंद करती रही । वहीं कई स्थानों पर लोगों ने अस्थायी दुकानें बनाकर राखी बेची।गांधीग्राम के गांधीग्राम के कमानिया गेट,बस स्टैंड, कूड़ा कंजई तिराहा,बाजार में अस्थायी दुकानें सजी रही। दुकान पर राखियां पसन्द करती रही बहिने--बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए मोतियों व ब्रासलेट को ज्यादापसंद कर रही हैं कई बहनें अपने भाई की कलाई पर सोने और चांदी की राखी बांधने के लिए ज्वेलर्स की दुकानों पर खरीदारी करती नजर आई।

# राम जानकी मन्दिर गाँधीग्राम में भगवान श्रीकृष्ण झूले सावन झूला

**गाँधीग्राम,देशबन्धु।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार के अवसर पर गाँधीग्राम के मंदिरों में विशेष साज-सज्जा के साथ गाँधीग्राम के बाजार स्थित प्रसिद्ध राम जानकी मंदिर मैं अष्टधातु निर्मित भगवान राधा कृष्ण की नयनाभिराम प्रतिमाओं को स्वर्ण चन्द्र आभूषणों से सुसज्जित किया गया हैं।

भगवान श्रीकृष्ण-राधा की अष्टधातु निर्मित भव्य व नयनाभिराम प्रतिमाओं को सावन झूले में प्रात:कालीन बेला में ही पूजन अर्चन कर झूले में भगवान के चन्द्रजटित सिंहासन में विराजमान कर भगवान श्रीकृष्ण को सावन झूला झुलाने के लिए भक्तगण झूले की डोर को खींचकर भगवान को झुलाने का पुण्य लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में एकत्रित हुए।श्रावण मास में गांधीग्राम के राम जानकी मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण को सावन झूले में झुलाया जा रहा है। मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि कई वर्षों की परंपरा को पालन करते हुए मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम एवं अनुष्ठान लगातार किए जा रहे हैं जिसमें सावन माह में भी पारद शिवलिंग के पूजन अर्चन अभिषेक के साथ-साथ सावन झूले में भगवान श्री कृष्णा की मूर्ति को विराजित कर सावन झूला झूलने के लिए ग्रामवासी बड़ी संख्या में एकत्रित हो रहे हैं पुजारी पुनीत तिवारी के सानिध्य में पूजन अर्चन एवं सुबह शाम आरती में धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित होगा धर्म



लाभ ले रहे हैं। समिति के अध्यक्ष प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि यहां 1982 में स्व. महावीरदास जी ब्रम्हचारी इलाहाबाद, दारागंज वालों के साथ रामलीला मण्डली के साथ मूर्तियों सहित आये थे। यहां अष्टधातुओं मूर्तियां व चांदी की मूर्तियां मुकुट सहित स्थाई रूप से विराजित हैं। मन्दिर में महिलाओं के रामायण मण्डल द्वारा संगीतमय रामायण की प्रस्तुति निरन्तर प्रतिदिन जारी है। समिति ने बताया कि सावन झूले में भगवान श्री कृष्ण को झूलने का कार्यक्रम काजलिया पर्व तक चलेगा । सोमवार को पूजन मेंसमिति के प्रताप सिंह बघेल, पुष्पराज सिंह बघेल,विजय चौरसिया, हरिशंकर तिवारी ,गोविंद शरण दुबे, चमन असाटी, नाथू लाल चौरसिया,भागचंद साहू,रेवा शंकर असाटी, राम मनोहर तिवारी, विनोद असाटी आदि ने भक्त उपस्थित रहे।

# अज्ञात ट्रक चालक ने मारुति बलेनो को टक्कर मारकर किया क्षतिग्रस्त

## कार सवारों ने नहीं कराया मामला दर्ज

**पाटन देशबन्धु।** पाटन-जबलपुर मार्ग पर वाहनों की तेज रफ्तार होने की वजह से आय दिन भीषण एक्सीडेंट के मामले प्रकाश में आते रहते हैं। इस मार्ग पर वाहन चालकों की कोई स्पीड लिमिट तय नहीं है सभी अपनी-अपनी मर्जी से तेज रफ्तार से वाहन दौड़ा रहे हैं जिसकी वजह से इस मार्ग पर आय दिन एक्सीडेंट की घटनाएं घटित हो रही है। ऐसा ही एक मामला दिनांक 26 अगस्त 2023 को उस समय देखने को मिला जब जबलपुर से पाटन की ओर जा रही मारुति की बलेनो कार क्रमांक एमएच 48-ए.डब्लू-8230 को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के दोनों एयरबैग खुल गए और कार ड्राइवर साईड से क्षतिग्रस्त हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार कार सवार सभी यात्री सकुशल है।

चौकी सीमा विवाद पर आय दिन भटकते है पीड़ित

घटना स्थल से चंद मिनटों की दूरी पर नुनसर चौकी है जब वहां के पुलिस आरक्षक से एक्सीडेंट के संबध में बात की तो उनके द्वारा तत्काल बता दिया गया की हमारे थाना चौकी का मामला नहीं है जबकि तस्वीर में नुनसर चौकी की सीमा समाप्त का बोर्ड जिस स्थान पर लगा है उस स्थान से लगभग 50 मीटर पहले उक्त एक्सीडेंट की घटना घटित हुई थी। मीडिया ने उक्त



घटना के संबंध में जब नवागत चौकी प्रभारी गणेश तोमर को अवगत कराया तब जाकर नुनसर चौकी का आरक्षक मामले की जानकारी जुटाने घटना स्थल पर रवाना हुआ।

**इनका कहना है**-कार को अज्ञात ट्रक चालक ने टक्कर मारी थी और वाहन चालक ट्रक का नंबर नहीं देख पाया इसलिए कार चालक ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। वही कार में सवार सभी यात्री सुरक्षित है।

**गणेश तोमर,नुनसर चौकी प्रभारी**

## अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के उत्तरी बगलान प्रांत में शनिवार को हुए एक सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गयी एवं तीन अन्य घायल हो गए। प्रांतीय पुलिस मुख्यालय की ओर से रविवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि हादसा स्थानीय समयानुसार रात करीब आठ बजे शनिवार को हुआ। एक कार बगलान प्रांत के बानू अंद्राब जिले में सड़क के किनारे नदी में गिर गई। जर्जर सड़कें, पुराने वाहन, यात्रा के दौरान सुरक्षा उपायों की कमी और भीड़भाड़ वाले राजमार्गों पर लापरवाही से गाड़ी चलाना पर्वतीय देश में सड़क दुर्घटनाओं के मुख्य कारण हैं। पिछले तीन महीनों में युद्धग्रस्त देश में सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 400 लोग मारे गए हैं।

### प्राइवेट टॉयलेट, परफ्यूम और डॉक्टरों का कड़ा पहरा..

# लाहौर की जेल में अब मौज उड़ा रहे इमरान खान

**लाहौर।** तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में लाहौर की अटक जेल में सजा काट रहे पाकिस्तान के पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान को कुछ दिन पहले अपनी मौत का डर सता रहा था, अब कई नई सुविधाओं के साथ मौज काट रहे हैं। उन्होंने पंजाब प्रांत की जेल की यात्रा के दौरान एक शीर्ष पुलिस अधिकारी के सामने अपनी संतुष्टि व्यक्त की है। जेल अधिकारियों के मुताबिक, पहले इमरान खान को सी ग्रेड यानी खूंखार कैदियों के बीच उन्हीं जैसी सुविधाओं के बीच रहना पड़ रहा था लेकिन, अब उन्हें हाईटेक फैसिलिटी दी जा रही हैं।

यहां जेल में अब इमरान को बिस्तर, नरम-नरम गद्दे, किताबें, खाने के लिए भोजन के अलावा खजूर, शहद और परफ्यूम तक की सुविधाएं मिल रही हैं। इमरान के खाने को उनके सामने परोसने से पहले डॉक्टरों का चेक किया जा रहा है। दरअसल, इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में अपने पति और पूर्व पाक पीएम इमरान खान के बिगड़ते स्वास्थ्य पर चिंता जताई थी। बुशरा बीबी और पार्टी पीटीआई का आरोप था कि जेल अधिकारियों ने इमरान खान को स्वास्थ्य कारणों के बावजूद घर का खाना देने की अनुमति नहीं दी है। उन्होंने इमरान को जेल के खाने में जहर तक देने का आरोप लगाया।

अदालत के आदेश के बाद पंजाब के आईजी जेल मियां फारूक नजीर ने रविवार को इमरान खान से मुलाकात की थी। इमरान खान तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में सजा सुनाए जाने के बाद तीन साल की जेल की सजा काट रहे हैं। जेल अधिकारियों के अनुसार, अधिकारी ने खान की गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए उनके बैरक में लगाए गए कैमरों के स्थान की भी समीक्षा की।



**क्या-क्या फैसिलिटी मिल रही**

जेल अधिकारियों ने कहा कि खान को जेल कानून के अनुसार बिस्तर, तकिया, गद्दा, कुर्सी और एयर कूलर दिया गया है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें एक पंखा, एक प्रार्थना कक्ष, अंग्रेजी अनुवाद के साथ कुरान की एक प्रति, किताबें, एक अखबार, थर्मस, खजूर, शहद, टिशू पेपर और इत्र भी प्रदान किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जब पंजाब आईजी जेल नजीर ने उनसे मुलाकात की तो खान ने अटक जिला जेल में उन्हें प्रदान की गई सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। अधिकारियों ने कहा कि खान के नए वॉशरूम में एक वेस्टर्न टॉयलेट सीट, एक वॉश बेसिन है और इसमें साबुन की एक टिकिया, एक एयर फ्रेशनर तौलिया और टिशू पेपर रखे हुए हैं।

**खाने की रोजाना चेकिंग**

पूर्व प्रधान मंत्री को चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए पांच डॉक्टरों को नियुक्त किया गया है, जिनमें से प्रत्येक आठ घंटे काम करते हैं। आईजी जेल की मंजूरी से पीटीआई प्रमुख को विशेष भोजन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि डॉक्टर द्वारा जांच के बाद एक विशेष टीम द्वारा उन्हें खाना परोसा जाता है।

गौरतलब है कि इमरान खान की पत्नी और पार्टी द्वारा सुरक्षा पर चिंता व्यक्त करने के बाद उन्हें अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान की गईं। पीटीआई कोर कमेटी ने इससे पहले आशंका जताई थी कि खान को घर से भोजन और पानी ऑर्डर करने के अधिकार से वंचित किया जा रहा था, और हो सकता है कि कैद के दौरान उन्हें जहर दिया गया हो।

गौरतलब है कि इस्लामाबाद की एक ट्रायल कोर्ट द्वारा तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में खान को भ्रष्ट आचरण का दोषी पाए जाने के बाद खान को उनके लाहौर स्थित घर से गिरफ्तार किया था और वह 5 अगस्त से जेल में हैं। उन्हें 2018-2022 के कार्यकाल के दौरान उनके और उनके परिवार द्वारा अर्जित राज्य उपहारों को अवैध रूप से बेचने के आरोप में सजा सुनाई गई थी। खान को पांच साल के लिए राजनीति से भी प्रतिबंधित कर दिया गया है, जिससे वह आगामी चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।

## आज का इतिहास

1612 – सूरत की लड़ाई में अंग्रेजों ने पुर्तगालियों को हराया।
1833 – ब्रिटिश दास उन्मूलन अधिनियम ने कानून का रूप लिया।
1842 – ग्रेट ब्रिटेन और चीन ने नानकिंग की संधि पर हस्ताक्षर किये।
1914 – न्यूजीलैंड के सैनिकों ने जर्मन समोआ पर कब्जा किया।
1916 – अमेरिकी कांग्रेस ने जोन्स अधिनियम को स्वीकृति प्रदान की- फिलीपींस को मिली स्वतंत्रता।
1932 – नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में अंतर्राष्ट्रीय युद्ध-विरोधी समिति का गठन।
1941 – रूस में जर्मन इंस्तजकमांडो ने 1469 यहूदी बच्चों की हत्या की।
1945 – ब्रिटेन ने हांगकांग को जापान से मुक्त कराया।
1957 – कांग्रेस ने नागरिक अधिकार अधिनियम, 1957 पारित किया।
1974 – चौधरी चरण सिंह की अध्यक्षता में लोकदल पार्टी की स्थापना।
1976 – बंगाल के कवि एवं महान क्रांतिकारी काजी नजरुल इस्लाम का बंगलादेश के ढाका में निधन।

## सुडोकू 6300

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 5 | | | | 9 | |
| 5 | | | 9 | | | | 3 | 1 |
| | | | | | | 8 | | |
| 3 | 6 | | | 5 | 4 | | 1 | |
| | | 1 | 8 | | 6 | 9 | | |
| | 7 | | 1 | 3 | | | 4 | 6 |
| | | 5 | | | | | | |
| 7 | 1 | | | | 3 | | | 9 |
| | 3 | | | | 5 | | | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## हरासत में लिए राजपूत सभा के नेताओं को किया रिहा

**जम्मू।** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा बुलाए गए पूर्ण जम्मू बंद के एक दिन बाद, अधिकारियों ने रविवार को युवा राजपूत सभा के हिरासत में लिए गए नेताओं को रिहा कर दिया। युवा राजपूत सभा सांबा जिले में सरोर टोल प्लाजा की स्थापना के खिलाफ आंदोलन कर रही है। जम्मू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने सरोर टोल प्लाजा और स्मार्ट इलेक्ट्रिक मीटर लगाने के खिलाफ शनिवार को बंद का आह्वान किया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने युवा राजपूत सभा के 26 नेताओं को रिहा कर दिया, जिन्हें 21 अगस्त को खराब सड़क व एक क्षतिग्रस्त पुल के कारण जम्मू-पठानकोट राजमार्ग पर सरोर प्लाजा में टोल संग्रह के निलंबन की मांग को लेकर प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिया गया था।

## पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे शाह

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को गुजरात के गांधीनगर में पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद में गुजरात, गोवा, महाराष्ट्र और केंद्र शासित प्रदेश दादरा व नगर हवेली और दमन और दीव शामिल हैं। बैठक का आयोजन गुजरात सरकार के सहयोग से गृह मंत्रालय के तहत अंतर राज्य परिषद सचिवालय द्वारा किया जा रहा है।

## देश में कोरोना संक्रमण के 44 नए मामले दर्ज

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को अपने ताजा अपडेट में कहा कि भारत में 44 नए कोविड-19 मामले दर्ज किए गए हैं। 44 नए मामलों के साथ, देश में अब तक सामने आए कोविड-19 के कुल मामले 4,49,96,963 हो गए। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 45 लोग महामारी से ठीक भी हुए है, जिससे कोविड से ठीक होने वालों की कुल संख्या 4,44,63,533 हो गई। रिकवरी रेट 98.91 फीसदी है। एक्टिव केसलोड 1,502 है, और मरने वालों की संख्या 5,31,928 है। आंकड़ों के अनुसार, अब तक कोविड-19 वैक्सीन की 220.67 करोड़ से अधिक डोज दी जा चुकी हैं।

## नासिक में एटीएम मशीन से 28 लाख की चोरी

**नासिक।** महाराष्ट्र में नासिक जिले के निफाड तालुका के पिंपलगांव बसवंत में शनिवार तड़के अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर एक एटीएम को तोड़ दिया और 28 लाख रुपए चुरा लिए। पुलिस ने बताया कि अज्ञात चोरों ने एचडीएफसी बैंक के एटीएम को तोड़ दिया और उसमें से लगभग 28 लाख नकद चुरा लिए। जानकारी के मुताबिक चोरों ने एटीएम तोड़ने के लिए कटर का इस्तेमाल किया और नकदी चुराने के लिए महंगी कारों का इस्तेमाल किया।

## फ्रांस में मुस्लिम छात्राओं के अबाया पहनने पर लगेगी रोक, स्कार्फ पर पहले ही प्रतिबंध

फ्रांस सरकार स्कूलों में मुस्लिम महिलाओं के इस्लामिक अबाया (एक तरह का वस्त्र) पहनने पर रोक लगाने जा रही है। सरकार का कहना है कि यह शिक्षा में कड़े धर्मनिरपेक्ष कानूनों का उल्लंघन करती है। देश में लंबे समय से स्कूलों में अबाया पहनने को लेकर बहस जारी थी। यहां पहले ही इस्लामिक हेडस्कार्फ पहनने पर रोक लगाई जा चुकी है।

एक इंटरव्यू के दौरान फ्रांस के शिक्षा मंत्री गेब्रियल अतल ने कहा, स्कूलों में अबाया पहनना अब और संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि वह 4 सितंबर को कक्षाएं दोबारा शुरू होने से पहले राष्ट्रीय स्तर पर स्कूल के प्रमुखों के लिए नियम जारी कर देंगे। कहा जा रहा था कि स्कूलों में बड़े स्तर पर अबाया पहना जा रहा था। इस मामले को लेकर शिक्षकों और अभिभावकों के बीच तनाव बना हुआ था।

शिक्षा मंत्री ने कहा,आप क्लास में जाएंगे, तो आप सिर्फ किसी की भी ओर देखकर छात्रों का धर्म नहीं पहचान सकेंगे। मार्च 2004 में आए कानून में धार्मिक जुड़ाव बताते हुए किसी भी तरह के चिह्न या कपड़े पहनने पर बैन लगा दिया गया था। इनमें क्रॉस, किप्पा और इस्लामिक हेडस्कार्फ भी शामिल था। फिलहाल, अब तक अबाया को लेकर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया था।

कई मुस्लिम संघों वाली एक राष्ट्रीय संस्था सीएफसीएम का कहना है कि सिर्फ कपड़े ही धार्मिक चिह्न नहीं होते हैं। कहा जा रहा है कि हाल ही में शिक्षा क्षेत्र में प्रमोट हुए अतल की तरफ से यह पहला बड़ा फैसला लिया गया है। इतना ही नहीं यह माना जा रहा है कि वर्तमान राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ के पद छोड़ने के मंत्री जेराल्ड डार्मानिन के साथ-साथ उन्हें भी फ्रांस की राजनीति में बड़ी भूमिका दी जा सकती है।

## पाक के अंतरिम प्रधानमंत्री ने आपात बैठक बुलाई, बिजली बिल कम करने के निर्देश दिये



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बिजली के बढ़े हुए बिलों को लेकर जनता में नाराजगी के बीच अंतरिम प्रधानमंत्री अनवार उल हक काकड़ ने रविवार को एक आपात बैठक बुलाई। इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों को बिल कम करने के लिए अगले 48 घंटे में ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। एक अखबार की खबर के अनुसार, काकड़ ने प्रधानमंत्री कार्यालय में बुलाई आपात बैठक में ये निर्देश जारी किये।

**पाकिस्तान में चल रहा प्रदर्शन**– पाकिस्तान में बिजली के बिल में बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ मुल्तान, लाहौर और कराची समेत अनेक शहरों में प्रदर्शन हुए हैं। काकड़ ने बैठक में कहा कि हम जल्दबाजी में ऐसा कोई कदम नहीं उठाएंगे, जिससे देश को नुकसान हो। हम ऐसे कदम उठाएंगे जिससे राजकोष पर बोझ नहीं पड़े और उपभोक्ताओं को सुविधा हो।

**मुफ्त बिजली पर लगाम**– पीएमओ की ओर से जारी बयान के अनुसार प्रधानमंत्री ने संबंधित विभागों और मंत्रालयों को उन अधिकारियों का ब्योरा जमा करने का निर्देश दिया, जिन्हें मुफ्त बिजली दी जा रही है। पीएमओ के बयान के अनुसार, सोमवार को एक और दौर की बैठक होगी।

## रूस के जंगी जहाज 13,000 किमी की पेट्रोलिंग कर लौटे, जापान- अमेरिका के पास से गुजर, चीनी वेसल्स के साथ प्रशांत महासागर में गश्त की



रूसी नौसेना के जंगी जहाज चीनी युद्धपोतों के साथ प्रशांत महासागर में 21 दिन से ज्यादा की पेट्रोलिंग के बाद वापस लौट आए हैं। पैसिफिक ओशेन यानी प्रशांत महासागर में गश्त के दौरान जंगी जहाजों के बेड़े ने 13,000 किलोमीटर की दूरी तय की। इस दौरान ये जहाज अमेरिका के पश्चिमी तट के करीब तक पहुंच गए थे।

एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, रूस के युद्धपोतों ने, चीनी नौसेना के जहाजों की एक टुकड़ी के साथ, जापान सागर, ओखोत्स्क सागर, बेरिंग सागर और प्रशांत महासागर का गश्त किया।

**जापान के नजदीक से गुजरे जंगी जहाज**


गश्त के दौरान, रूसी-चीनी टुकड़ी उत्तरी जापानी द्वीप होक्काइडो के पास से गुजरी। होक्काइडो एक ऐसा क्षेत्र है जिसे रूस में कुरिल और जापान में उत्तरी क्षेत्र के नाम से जाना जाता है। ये द्वीप दोनों पड़ोसी देशों के बीच दशकों से तनाव का कारण रहा है। रूसी-चीनी युद्धपोतों ने अलेउतियन द्वीपसमूह के हिस्से का भी चक्कर लगाया। अधिकांश अलेउतियन द्वीप अमेरिकी राज्य अलास्का के हिस्से है।

वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अगस्त की शुरुआत में रिपोर्ट दी थी कि 11 रूसी और चीनी जहाज अलेउतियन द्वीप समूह के करीब पहुंचे हैं, जो अमेरिकी तटों तक पहुंचने वाला इस तरह का सबसे बड़ा बेड़ा था। अखबार ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि जहाज कभी भी अमेरिकी जलक्षेत्र में नहीं घुसे।

**पेट्रोलिंग में एक्सरसाइज की गई, नकली मिसाइल भी दागे**

इंटरफैक्स ने बताया कि रूसी प्रशांत बेड़े के कुछ सबसे बड़े युद्धपोतों ने पेट्रोलिंग में भाग लिया। गश्त के दौरान, संयुक्त एंटी सबमरीन और एंटी एयरक्राफ्ट अभ्यास किया गया। दोनों ओर से हेलीकॉप्टरों और नौसैनिक विमानों का इस्तेमाल कर दुश्मन की पनडुब्बियों की खोज की मॉक एक्सरसाइज की गई। हाजों की एक टुकड़ी पर नकली मिसाइल फायरिंग की गई। सितंबर में, चीन ने रूस के साथ संयुक्त अभ्यास में भाग लेने के लिए 300 सैन्य वाहनों, 21 लड़ाकू विमानों और तीन युद्धपोतों के साथ 2,000 से अधिक सैनिकों को भेजा।

## वर्ग पहेली 6300



**बायें से दायें:-**

१. हानिकारक, अपकार करने वाला, अकल्याणकारी
४. 'एजेंट'
६. रुकना, ठहरना, चालू न रहना, बंद हो जाना
७. ओर, पक्ष (उर्दू)
८. झूठ बोलने वाला
१०. जो भारी न हो
११. पूरी ताकत के साथ
१३. अनुवाद (उर्दू)
१४. गुरुता, भारीपन, गौरव, महत्व
१५. बंधुत्व
१६. रानी (उर्दू)
१९. अग्नि
२१. उपवन, बगीचा
२२. अवलंबित होना, आश्रयहीन होकर नीचे की ओर झूलना, टंगना
२४. निर्माण-संबंधी, सृजनात्मक

**ऊपर से नीचे:-**

१. चेतनाहीन, जड़
२. पक्षपाती (उर्दू)
३. सारथि
४. छोटी ऊंगली और बीच की ऊंगलियों में बीच की ऊंगली
५. जलपान, नाश्ता
९. दीपावली
११. हित, कल्याण, उपकार
१२. आश्रय, टेक, आलंब, भरोसा, मदद (उर्दू)
१३. संपूर्ण, समस्त (उर्दू)
१४. आकाश, नभ
१५. किस्मतवर
१६. चापलूस
१८. लेखक, लिपिकार
१९. पूज्य, उपासना
२०. लालसा, तीव्र इच्छा
२३. स्त्री, महिला

### वर्ग पहेली-6299



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**तैयारी** *मध्य प्रदेश में एनजीटी जज का तबादला*

# बांध स्थल अतिक्रमण पर सरकार की निष्क्रयता पर उठाए थे सवाल

**भोपाल, (एजेंसियां)। बांध स्थल अतिक्रमण पर मध्य प्रदेश सरकार की निष्क्रियता पर सवाल उठाने वाले न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल का राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) की सेंट्रल बेंच से दिल्ली की मुख्य बेंच में ट्रांसफर कर दिया गया है। आदेश के मुताबिक, न्यायमूर्ति एसके सिंह अब मुख्य बेंच की कमान संभालेंगे।**

रिपोर्ट के अनुसार, न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल की अध्यक्षता वाली मध्य प्रदेश एनजीटी की सेंट्रल बेंच ने भोपाल में कलियासोत और केरवा बांध स्थल के आसपास निषिद्ध क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने में राज्य सरकार की निष्क्रियता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त थी।

साथ ही ट्रिब्यूनल ने राज्य सरकार पर 5 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था। इसके एक हफ्ते बाद न्यायमूर्ति अग्रवाल का दिल्ली ट्रांसफर किया गया है। एनजीटी ने यह भी कहा कि मध्य प्रदेश सरकार की पूरी व्यवस्था अक्षम लगती है क्योंकि मामले का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील सुनवाई के दौरान ठीक से बहस करने के बजाय तारीख बढ़ाने की मांग करते हैं। गौरतलब है कि एनजीटी ने 2014 में नदी तल की 33.3 मीटर की परिधि के भीतर अवैध निर्माण को हटाने का आदेश जारी किया था। एनजीटी ने आदेश के अनुपालन के लिए एक माह का समय दिया था।




- एनजीटी की सेंट्रल बेंच से दिल्ली की मुख्य बेंच में किया तबादला
- ट्रिब्यूनल ने राज्य सरकार पर पांच लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था

ट्रिब्यूनल ने मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस से यह भी पूछा था कि क्या उन्होंने आदेश पढ़ा है। ट्रिब्यूनल ने आगे कहा कि अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने में संबंधित विभागों के बीच समन्वय की कमी है।

एनजीटी की टिप्पणी से चुनावी राज्य मध्य प्रदेश में राजनीतिक विवाद छिड़ गया है और कांग्रेस नेता गोविंद सिंह (एलओपी) और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस के विस्तार पर सवाल उठाया है। भोपाल में कलियासोत और केरवा बांध के किनारे कई मल्टी स्टोरीज का निर्माण किया गया है, जिस पर याचिका में सवाल उठाया गया है।

कलियासोत नदी तल से 33.3 मीटर के भीतर अवैध निर्माणों के सीमांकन के एनजीटी के आदेश से कोलार सैटेलाइट टाउनशिप में लगभग 40,000-50,000 लोग और लगभग 30 आवासीय कॉलोनियां प्रभावित होंगी। इस महीने 18 अगस्त के एनजीटी के आदेश के बाद, जल संसाधन विभाग, भोपाल नगर निगम और जिला प्रशासन कलियासोत नदी तल की माप करने और नदी तल और जलग्रहण क्षेत्रों में पूर्ण टैंक स्तर (एफटीएल) स्तंभों का सत्यापन करने के लिए कार्रवाई में जुट गए थे।


# खेल जगत

## ग्लेन मैक्सवेल द.अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर

**डरबन ( दक्षिण अफ्रीका )**। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज की शुरुआत से पहले कंगारू टीम को बड़ा झटका लगा है। टखने में चोट के चलते ग्लेन मैक्सवेल टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन टी-20 मैचों की सीरीज का आगाज 30 अगस्त से होगा। इस बीच प्रशिक्षण सत्र के दौरान मैक्सवेल चोटिल हो गए और उन्हें सीरीज से बाहर होना पड़ा। मैक्सवेल के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में मैथ्यू वेड की एंट्री हुई है। ऑस्ट्रेलियाई टीम को उम्मीद है कि मैक्सवेल वर्ल्ड कप से पहले पूरी तरह फिट होकर टीम में वापसी करेंगे। राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडेमाइड ने कहा कि मैक्सवेल के चोट के इतिहास को देखते हुए उनके साथ कोई जोखिम नहीं लिया जाएगा, जिसमें उनके पैर की गंभीर चोट भी शामिल है।



# नीरज बने विश्व चैंपियन




मैं देर तक जागने के लिए भारत के लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। यह पदक पूरे भारत के लिए है। मैं ओलंपिक चैंपियन हूं, अब विश्व चैंपियन हूं। विभिन्न क्षेत्रों में कड़ी मेहनत करते रहें। हमें दुनिया में नाम कमाना है : नीरज चौपड़, विश्व चैंपियन, भाला फेंक

**बुडापेस्ट,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। शीर्ष भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 40 साल के इतिहास में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीत लिया है।

नेशनल एथलेटिक्स सेंटर में रविवार को हुए फाइनल में टोक्यो ओलंपिक चैंपियन नीरज ने 88.17 के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ विश्व चैंपियन का ताज अपने सिर सजाया। पाकिस्तान के अरशद नदीम 87.82 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि चेक गणराज्य के जाकुब वाडलेच ने 86.67 मीटर की दूरी पर भाला फेंककर कांस्य पदक हासिल किया।

पहला थ्रो रद्द होने के बाद नीरज ने दूसरे ही प्रयास में जैवलिन को 88.17 मीटर की दूरी पर फेंक दिया। नीरज ने अपने अगले चार प्रयासों में क्रमशः 86.32, 84.64, 87.73 और 83.98 मीटर की दूरी तक भाला फैंका, लेकिन उनके दूसरे प्रयास के दम से भारत की झोली में स्वर्ण पदक आया।

नीरज विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट हैं, जबकि पिछले साल उन्होंने यूजीन में आयोजित टूर्नामेंट में रजत पदक हासिल किया था। नीरज के अलावा अंजू बॉबी जॉर्ज (महिला लंबी कूद कांस्य, 2003) विश्व चैंपियनशिप में भारत के लिये पदक जीतने वाली एकमात्र एथलीट हैं।

गौरतलब है कि नीरज का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.94 मीटर का है, जो स्टॉकहॉम डायमंड लीग 2022 में दर्ज किया था। नीरज का रविवार रात का थ्रो उनके सर्वश्रेष्ठ पांच प्रयासों में न होने के बावजूद इतिहास के पन्नों में उनका नाम दर्ज करवाने के लिये काफी था।

नीरज ने इस जीत के बाद कहा, यह बहुत अच्छा था। ओलंपिक स्वर्ण के बाद मैं वास्तव में विश्व चैंपियनशिप जीतना चाहता था। मैं बस और आगे बढ़ना चाहता था। यह राष्ट्रीय टीम के लिए शानदार है लेकिन विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतना मेरा सपना था।

उन्होंने कहा, यह भारत के लिये एक शानदार चैंपियनशिप रही है और मुझे अपने देश के लिये एक और खिताब लाने पर गर्व है। मुझे नहीं लगता कि मैं यहां सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हूं। मैं आज रात और बेहतर प्रदर्शन करना चाहता था। मैं आज रात 90 मीटर का निशान पार करना चाहता था। मैं आज शाम यह सब एक साथ नहीं कर सका, शायद अगली बार। नीरज के हमवतन किशोर जेना (84.77 मीटर) ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान हासिल किया। डीपी मनू 84.14 मीटर की थ्रो के साथ छठे स्थान पर रहे। विश्व चैंपियनशिप की भाला फेंक प्रतियोगिता में पहली बार तीन भारतीय शीर्ष आठ में रहे हैं।

नीरज अब भाला फेंक प्रतियोगिताओं में हर संभव बड़ा खिताब जीत चुके हैं। अपने ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण और डायमंड लीग खिताब के अलावा नीरज एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप (2017), एशियाई खेल (2018) और राष्ट्रमंडल खेल (2018) चैंपियन भी हैं। उन्होंने विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2016) में भी स्वर्ण जीता था।

# नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ पारुल ने कटाया पेरिस का टिकट

**बुडापेस्ट**। भारत की पारुल चौधरी ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 के 3000 मीटर स्टीपलचेज़ फाइनल में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए 2024 पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर लिया है।

पारुल रविवार को नेशनल एथलेटिक्स सेंटर में हुए फाइनल में 11वें स्थान पर रहीं, लेकिन उन्होंने नौ मिनट 15.31 सेकंड में दौड़ पूरी कर ललिता बाबर (नौ मिनट 19.76 सेकंड) का रियो ओलंपिक 2016 में बनाया गया सात साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिये खिलाड़ियों को नौ मिनट 23 सेकंड में दौड़ पूरी करनी थी और अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के दम पर पारुल ने पेरिस का टिकट भी कटा लिया।

इससे पूर्व, पारुल क्वालीफिकेशन राउंड में अपने पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ (9.29.51) से पांच सेकंड तेज दौड़ीं और इससे उन्हें पांचवें स्थान पर रहकर फाइनल में जगह बनाई थी। हाल के वर्षों में, अमेरिकी कोच निक सिमंस द्वारा निर्धारित




कोचिंग कार्यक्रम से उन्हें काफी फायदा हुआ है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में 5000 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और इस साल एशियाई चैंपियनशिप में 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में स्वर्ण पदक जीता था।

## 4×400 मीटर रिले में पांचवें स्थान पर रहा भारत

**बुडापेस्ट**। मोहम्मद अनस, अमोज जेकब, मोहम्मद अजमल और राजेश रमेश की भारतीय टीम ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 की 4 गुना 400 मीटर रिले दौड़ में पांचवां स्थान हासिल किया है। क्वालीफिकेशन राउंड में एशियाई रिकॉर्ड स्थापित करने वाली भारतीय टीम रविवार को फाइनल में दो मिनट 59.92 सेकंड के समय में दौड़ पूरी कर पांचवें स्थान पर रही। अमेरिका ने दो मिनट 57.31 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि फ्रांस ने दो मिनट 58.45 सेकंड के समय के साथ चांदी हासिल की। ग्रेट ब्रिटेन (दो मिनट 58.71 सेकंड) ने कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय टीम चौथे स्थान पर रहने वाले जमैका (2:59.34) से कुछ सेकंड ही पीछे रही। उल्लेखनीय है कि भारत ने शनिवार को हुए क्वालीफिकेशन राउंड में दो मिनट 59.05 सेकंड के समय में दौड़ पूरी कर नया एशियाई रिकॉर्ड स्थापित किया था।

# नसीम को पाकिस्तान के लिए मैच जीतने चाहिए : वहाब

**लाहौर**। पूर्व पाकिस्तानी खिलाड़ी वहाब रियाज ने क्रिकेट पाकिस्तान से बातचीत में नसीम शाह के प्रदर्शन पर अपनी बातें रखी। नसीम ने हाल ही में हंबनटोटा में दूसरे वनडे में फजलहक फारूकी के खिलाफ अफगानिस्तान पर एक विकेट से जीत में पाकिस्तान के लिए विजयी रन बनाए थे। इससे पहले भी उन्होंने इसी गेंदबाज के खिलाफ पिछले साल एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान को एक विकेट से रोमांचक जीत दिलाने के लिए दो छक्के लगाए थे। क्रिकेट पाकिस्तान ने वहाब के हवाले से कहा, नसीम ने कई मैचों में अच्छी गेंदबाजी की है। मुझे लगता है कि उन्होंने अभी तक अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं किया है। उन्हें अपनी क्षमता को देखते हुए पाकिस्तान के लिए और मैच जीतने चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी एशिया कप और वनडे विश्व कप की तैयारी में पाकिस्तान की उम्मीदों के लिए महत्वपूर्ण होंगे। शाहीन शाह अफरीदी नई गेंद से खतरनाक हैं। बाद में हारिस रऊफ कमान संभालते हैं। वे डेथ ओवर्स में गेंदबाजी में विशेषज्ञ हैं। विश्व कप में अफरीदी के 10 ओवर काफी अहम होंगे। टीम को उनसे बीच-बीच में विकेट की जरूरत होगी। वहाब को लगता है कि पाकिस्तान इमाम-उल-हक, फखर जमान और कप्तान बाबर आजम के शीर्ष क्रम पर बहुत ज्यादा निर्भर है। वनडे मैचों में, पाकिस्तान अपने शीर्ष क्रम की तिकड़ी इमाम, फखर और बाबर पर बहुत अधिक निर्भर करता है। इसलिए पाकिस्तान अपने मध्यक्रम लाइनअप संबंधित मुद्दों से हमेशा जूझता रहता है। एशिया कप 30 अगस्त से 17 सितंबर तक पाकिस्तान और श्रीलंका में खेला जाएगा। पाकिस्तान 30 अगस्त को मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में नेपाल के साथ खेलकर टूर्नामेंट की शुरुआत करेगा, इसके बाद 2 सितंबर को पल्लेकेले में भारत का सामना करेगा।

# मलेशिया को हराकर भारत ने विश्व कप में बनाई जगह

नई दिल्ली। कप्तान नवजोत कौर की शानदार हैट्रिक और मरियाना कुजूर, व ज्योति के दो दो तथा मोनिका दीपि टोपो व महिमा चौधरी के एक -एक गोल की बदौलत भारत ने मलयेशिया को सलाला (ओमान) में महिला एशियन कप हॉकी 5 क्वॉलिफायर के सेमीफाइनल में 9-5 से करारी देकर फाइनलमें स्थान बना अगले साल ओमान में होने वाले एफआईएच महिला हॉकी 5 विश्व कप, 2024 के लिए क्वॉलिफाई कर लिया।




भारत की महिला हॉकी टीम ने आक्रामक अंदाज में आगाज किया लेकिन खेल के रुच के उलट जती मुहम्मद ने चौथे और पांचवें मिनट में मैदानी गोल मलयेशिया को 2-0 से आगे कर दिया। कप्तान नवजोत कौर ने सातवें और मरियाना कुजूर ने नौवें मिनट में बढिया मैदानी गोल कर भारत की महिला टीम को दो-दो की बराबरी दिला दी। डियान नजरी ने दसवें मिनट में गोल कर फिर मलयेशिया को 3-2 से आगे कर दिया लेकिन अगले ही क्षण नवजोत ने गोल कर भारत को तीन तीन की बराबरी दिलाई लेकिन दो मिनट बाद मरियाना कुजुर ने मैच का अपना दूसरा गोल कर अपनी टीम को 4-3 से आगे कर दिय। महिमा चौधरी ने पहला हाफ खत्म होने से मिनट भर पहले गोल कर भारत को 5-3 से आगे कर दिया।,

मलयेशिया की अजीज जाफरिया ने दूसरे हाफ के पहले मिनट मे गोल कर स्कोर 4-5 कर दिया। नवजोत कौर ने अगले ही मिनट मैच का अपना तीसरा गोल कर हैट्रिक पूरी की और ज्योति ने चार और मोनिका दीपि टोपो ने अगले ही मिनट गोल कर भारत की महिला टीम की बढ़त 8-5 कर दी। ज्योति ने मैच खत्म होने से चार मिनट पहले गोल कर भारत को 9-5 से आगे कर दिया और यह मैच का अंतिम गोल साबित हुआ।

# वर्ल्ड कप में खेलने के लिए बेताब हैं चोटिल तमीम इकबाल

**ढाका**। बाएं हाथ के अनुभवी सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल ने उम्मीद जताई है कि वो विश्व कप से पहले ठीक हो जाएंगे। इकबाल वर्तमान में पीठ की चोट के कारण पुनर्वास से गुजर रहे हैं। एशिया कप के आगाज से पहले बांग्लादेश क्रिकेट टीम को सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल के रूप में एक बड़ा झटका लगा था, क्योंकि बल्लेबाज पीठ की चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गया है।

तमीम की इंजरी को ध्यान में रखते हुए बीसीबी ने उन्हें एशिया कप से आराम दिया है। हालांकि, तमीम को पूरी उम्मीद है कि वह विश्व कप से पहले पूरी तरह फिट हो जाएंगे और भारत की यात्रा से पहले टीम के साथ जुड़ जाएंगे। तमीम ने कहा, सब अच्छा चल रहा है, जहां तक पुनर्वास का सवाल है। मुझे



लगता है कि जिस तरह से मेरी योजना बनाई गई है, हम सही रास्ते पर हैं। मैं अब तक के नतीजे से काफी खुश हूं। मैंने अभी तक पीठ दर्द के बारे में कोई शिकायत नहीं की है और न ही कोई समस्या है।

क्रिकबज ने तमीम के हवाले से आगे कहा, एक या दो दिनों से जकड़न है, अब तक मैं बहुत खुश हूं और जो भी पुनर्वास से जुड़े हैं, जैसे कि नए पुनर्वास प्रबंधक, राष्ट्रीय टीम के फिजियो और राष्ट्रीय टीम के ट्रेनर, वे सभी मेरी रिकवरी से संतुष्ट हैं। यदि हम उस स्थिति में अच्छी तरह से आगे बढ़ सकते हैं और मुझे उम्मीद है मैं जल्द टीम में वापसी करूंगा।

बताया जा रहा है कि वह विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए उपलब्ध रह सकते हैं। तमीम ने अपना नेट सत्र पहले ही शुरू कर दिया था। उम्मीद है कि वह 7 सितंबर से पूरी ट्रेनिंग करेंगे। बांग्लादेश अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत 7 अक्टूबर को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा।

# क्रिकेट में पहली बार रेड कार्ड, सुनील नारायण को मिली सजा

**बैसेटेरे, ( सेंट किट्स )**। अनुभवी ऑफ स्पिनर सुनील नरेन अपनी टीम ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए सीपीएल मैच में ओवर-रेट उल्लंघन के लिए लाल कार्ड दिखाए जाने वाले पहले क्रिकेटर बन गए। क्रिकेट में रेड कार्ड! जी, हां आपने सही पढ़ा... क्रिकेट में स्लो ओवर रेट की वजह से पहली बार रेड कार्ड दिखाया गया।

यह कार्ड सीपीएल टी-20 लीग में आया। सीपीएल-2023 में आयोजकों ने धीमी ओवर गति से निपटने के लिए नए नियम लागू किए, जिसके कारण खेल बहुत देर से समाप्त हुए। इसमें कहा गया है, अगर कोई फील्डिंग टीम अपना 18वां ओवर निर्धारित समय से ज्यादा देर तक शुरू करती है तो उन्हें तीस गज के घेरे के अंदर एक अतिरिक्त फील्डर लाना होगा। राइडर्स



ने आखिरी तीन ओवर्स में स्लो बॉलिंग की थी और टीम जरूरी ओवर रेट से पीछे थी। इस वजह से अंपायर ने टीम को 19वें ओवर के बाद रेड कार्ड दिखाया। राइडर्स के कप्तान पोलार्ड ने स्पिनर सुनील नरेन को आखिरी ओवर में मैदान से बाहर भेज दिया। आखिरी ओवर में टीम ने 10 खिलाड़ियों के साथ ही फील्डिंग की। इस तरह नरेन क्रिकेट में रेड कॉर्ड मिलने वाले पहले खिलाड़ी बने। पैट्रियट्स ने सीमित 20 ओवर में 178 रन बनाए। ट्रिनबागो ने 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट से जीत हासिल की लेकिन पोलार्ड रेड कार्ड के फैसले से प्रभावित नहीं हुए।

### पोलार्ड ने रेड कार्ड रूल को कहा- हास्यास्पद

पोलार्ड ने मैच खत्म होने के बाद कहा, ईमानदारी से कहूं तो, यह हर किसी द्वारा की गई कड़ी मेहनत को बर्बाद कर देगा। हम प्यादों की तरह हैं और हम वही करेंगे जो हमसे कहा जाएगा। हम जितनी तेजी से खेल सकते हैं खेलेंगे। अगर आपको इस तरह के टूर्नामेंट में 30-45 सेकंड के लिए दंडित किया जाता है, तो यह बिल्कुल हास्यास्पद है।

## सार संक्षेप

### डूरंड कप : सेमीफाइनल में ईस्ट बंगाल और नॉर्थईस्ट के बीच होगी टक्कर

**कोलकाता**। जबरदस्त फॉर्म में चल रही ईस्ट बंगाल को 132वें डूरंड कप के सेमीफाइनल में मजबूत प्रतिद्वंद्वी नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी (एनईयूएफसी) का सामना करना होगा। हाईलैंडर्स एक आकर्षक टीम के साथ लंबे समय से अपना सर्वश्रेष्ठ टूर्नामेंट फुटबॉल खेल रहे हैं, जिसमें युवा और अनुभव का मिश्रण है। नए स्पेनिश कोच जुआन पेड्रो बेनाली के नेतृत्व में टीम बहुत शानदार प्रदर्शन कर रही है। कोच बेनाली ने मैच से पहले कहा, यह सेमीफाइनल सिर्फ एक और मैच नहीं है। हम कोलकाता में घरेलू टीम के खिलाफ उनके प्रशंसकों के सामने खेल रहे हैं। ईस्ट बंगाल एक ऐसी टीम है, जिसके पास बेंच पर भी कई धाकड़ खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, हम अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने और अपने लोगों के लिए लड़ने के लिए आए हैं। हमारे प्रशंसक हम पर विश्वास करते हैं। हम उन्हें निराश नहीं करना चाहते हैं। हाईलैंडर्स एक सदी पुराने क्लब के खिलाफ आमने-सामने हैं, लेकिन 16 बार के डूरंड चैंपियन को घरेलू प्रशंसकों के सामने हराने के लिए उन्हें काफी मेहनत करनी होगी।

### रॉबर्टो मैनसिनी बने सऊदी अरब फुटबॉल टीम के नए मुख्य कोच

**रियाद**। सऊदी अरब ने अपनी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का मुख्य कोच रॉबर्टो मैनसिनी को नियुक्त किया है। सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ ने सोमवार को इस बात की पुष्टि की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बताया गया है कि 58 वर्षीय ने चार साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसकी कीमत 25 मिलियन यूरो प्रति वर्ष है। मैनसिनी ने सोशल मीडिया पर लिखा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मैं राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के रूप में सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ में शामिल हो रहा हूं। उन्होंने आगे कहा, इतनी प्रतिष्ठित भूमिका के लिए चुने जाने पर मुझे खुशी और सम्मान महसूस हो रहा है, जो इन वर्षों के दौरान किए गए सभी कार्यों की सराहना और मान्यता का प्रतीक है। मैं राष्ट्रपति यासिर अल-मिसेहाल को धन्यवाद देना चाहता हूं। लाजियो, इंटर मिलान, मैनचेस्टर सिटी और कई अन्य क्लबों को प्रशिक्षित करने के बाद, मैनसिनी ने 2018 में अज़ुर्री की कमान संभाली और उन्हें यूरो 2020 चैंपियनशिप जीतने में मदद की।

# विलियमसन के वर्ल्ड कप खेलने पर सस्पेंस, दो हफ्ते में साबित करनी होगी फिटनेस

**डरहम ( इंग्लैंड )**। वर्ल्ड कप से पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम अपने कप्तान केन विलियमसन को भरपूर समय देना चाहती है। टीम ने विलियमसन को फिटनेस साबित करने के लिए दो सप्ताह का और समय दिया है। भारत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप-2023 की शुरुआत 5 अक्टूबर से होगी। इसके लिए सभी टीमों को 5 सितंबर तक अपनी प्रारंभिक टीम का ऐलान करना होगा। ऐसे में न्यूजीलैंड की टीम अपने कप्तान केन विलियमसन को लेकर काफी परेशान है, जो इस साल आईपीएल में लगी चोट के कारण काफी समय से खेल से दूर हैं और अब भी पूरी तरह फिट नहीं हुए हैं।

केन विलियमसन के पास अपनी फिटनेस साबित करने के लिए दो सप्ताह का समय है, जिसके बाद ब्लैककैप्स, वर्ल्ड कप के लिए अपनी टीम की घोषणा करेगी। 33 वर्षीय खिलाड़ी के इस साल के विश्व कप में भाग लेने की संभावना शुरू में कम मानी जा रही थी। इस साल की शुरुआत में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ गुजरात टाइटन्स का प्रतिनिधित्व करते समय आईपीएल-2023 के शुरुआती मैच के दौरान उनके दाहिने घुटने में चोट लगी थी। लेकिन, उन्होंने वर्ल्ड कप में वापसी करने के लिए कड़ी मेहनत की है। हाल ही में अपने साथियों के साथ नेट्स में बल्लेबाजी करने के लिए लौटे थे। अब तक उन्होंने टीम में वापसी नहीं की है क्योंकि उनकी फिटनेस को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि विलियमसन फिटनेस पर लौटने के लिए अच्छी तरह से प्रगति कर रहे हैं।

# बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होगा भारत का विश्व कप क्वालीफायर अभियान

**सलालाह**। भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को यहां बंगलादेश के खिलाफ पुरुष एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारत को 29 अगस्त से दो सितंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के एलीट पूल में मलेशिया, पाकिस्तान, जापान, ओमान और बंगलादेश के साथ रखा गया है, जबकि चैलेंजर्स पूल में हांगकांग चीन, इंडोनेशिया, अफगानिस्तान, कजाकिस्तान और ईरान शामिल हैं। बंगलादेश के खिलाफ अपनी शुरुआती मुकाबले के बाद भारतीय पुरुष बुधवार को ओमान और पाकिस्तान के खिलाफ एक-एक मैच खेलेंगे, जबकि गुरुवार को उनका सामना मलेशिया और जापान से होगा। भारतीय टीम 2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप में जगह पक्की करने के लिये शीर्ष तीन में जगह बनाने की उम्मीद के साथ क्वालीफायर में उतरेगी।

उल्लेखनीय है कि 2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप में कुल 16 देश हिस्सा लेंगे। मेजबान देश होने के नाते ओमान ने पहले ही टूर्नामेंट में जगह बना ली है। एशियाई क्वालीफायर में शीर्ष तीन स्थानों पर रहने वाले देशों के अलावा अफ्रीका, अमेरिका, यूरोप और ओशिनिया में महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं के शीर्ष तीन देश भी 2024 5एस विश्व कप में हिस्सा लेंगे। आखिरी बार, भारत और बंगलादेश एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी ढाका 2021 में आमने-सामने आये थे, जहां भारत ने 9-0 की जीत अर्जित की थी। ओमान के खिलाफ भारत की आखिरी भिड़ंत एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2018 में हुई थी, जिसे भारत ने 11-0 से जीता था।



पाकिस्तान के विरुद्ध भारत ने हालिया एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 2023 में 4-0 से ठोस जीत हासिल की थी। मलेशिया के खिलाफ भारत की आखिरी भिड़ंत उसी प्रतियोगिता के फाइनल में हुई थी जहां हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने रोमांचक मुकाबले के बाद मलेशिया को 4-3 से हराया था। उस टूर्नामेंट में भारत ने जापान को भी 5-0 से मात दी थी। अपनी प्रतिभा के दम पर भारत यह टूर्नामेंट जीतने का प्रबल दावेदार है और कप्तान मनदीप मोर भी आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। मनदीप ने मैच से पहले कहा,हर खिलाड़ी का सबसे बड़ा सपना हमेशा विश्व कप में देश का प्रतिनिधित्व करना होता है। यह हमारे लिये एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है और हम 2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप के लिये सीधी योग्यता हासिल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा,हमने आगामी प्रतियोगिता के लिये खुद को अच्छी तरह से तैयार किया है। हमें विश्वास है कि हम टूर्नामेंट में सकारात्मक नतीजे प्राप्त करने और शीर्ष-तीन में स्थान हासिल करने में सक्षम होंगे।

भारत के उप-कप्तान मोहम्मद राहील मौसीन ने कहा,2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप के लिये क्वालीफिकेशन को ध्यान में रखते हुए हम सभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। हम अच्छी स्थिति में हैं और कई अच्छे प्रशिक्षण सत्रों से गुजरे हैं। हमारे सामने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद हम सभी उत्सुकता से टूर्नामेंट की शुरुआत का इंतजार कर रहे हैं। हम अपनी योजनाओं पर कायम रहेंगे और अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिये टूर्नामेंट में जल्दी जीत हासिल करने की उम्मीद करेंगे।

## सुडोकू 6300 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 7 | 9 | 6 | 8 | 2 | 3 | 1 |
| 1 | 9 | 6 | 3 | 4 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 | 8 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 9 | 2 | 3 |
| 2 | 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 9 | 8 | 5 | 4 | 2 | 1 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 1 | 2 | 6 | 8 | 3 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 3 | 4 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 |

| SENSEX | BSE | 64996.00 ▲ 110.09 | NSE | 19306. 05 ▲ 40.25 | MCX | Gold 58814 ▲ 174 | silver 73480 ▼ 69 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## डॉलर के मुकाबले रुपया 22 पैसे मजबूत खुला

**नई दिल्ली।** डॉलर के मुकाबले रुपया आज मजबूती के साथ खुला। आज डॉलर के मुकाबले रुपया 22 पैसे की कमजोरी के साथ 82.46 रुपये के स्तर पर खुला। वहीं, बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 25 पैसे की मजबूती के साथ 82.68 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। इस प्रकार से रुपया दो दिन में करीब 50 पैसे मजबूत हो चुका है। डॉलर में कारोबार काफी समझदारी से करने की जरूरत होती है, नहीं तो निवेश पर असर पड़ सकता है। रुपये की कीमत इसकी डॉलर के तुलना में मांग एवं आपूर्ति से तय होती है। वहीं देश के आयात एवं निर्यात का भी इस पर असर पड़ता है।



## 1,200 डॉलर प्रति टन से कम है बासमती चावल का दाम तो नही भेज सकेंगे विदेश

*नई दिल्ली। विदेश व्यापार नीति के अनुसार, एपीडा को बासमती चावल के निर्यात के लिए सभी कॉन्ट्रैक्ट्स को रजिस्टर करना अनिवार्य है और फिर यह बासमती चावल के निर्यात के लिए पंजीकरण - सह - आवंटन प्रमाणपत्र जारी करता है.*

सरकार ने प्रीमियम बासमती चावल की आड़ में सफेद गैर-बासमती चावल के संभावित 'अवैध' निर्यात को रोकने के लिए 1,200 डॉलर प्रति टन से कम दाम के बासमती चावल के निर्यात की अनुमति नहीं देने का फैसला किया है। वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को बयान में कहा कि उसने व्यापार संवर्धन निकाय कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण को 1,200 डॉलर प्रति टन से नीचे के अनुबंधों को पंजीकृत नहीं करने का निर्देश दिया है। मौजूदा 1,200 डॉलर प्रति टन से नीचे के कॉन्ट्रैक्ट्स को स्थगित रखा गया है।

**क्या है सरकार का प्लान?** - भविष्य के लिए एपीडा के चेयरमैन की अगुवाई में एक समिति गठित की जाएगी। चावल की खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के प्रयास के तहत केंद्र सरकार घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही है।

**पिछले सप्ताह गैर-बासमती चावल के निर्यात पर लगा था बैन** - पिछले साल सितंबर में केंद्र सरकार ने टूटे हुए चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था, जबकि पिछले महीने उसने गैर-बासमती सफेद चावल पर प्रतिबंध लगाया था। पिछले सप्ताह, उसना गैर-बासमती चावल पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया गया था। इन प्रतिबंधों के साथ भारत ने अब गैर-बासमती चावल की सभी किस्मों पर भी प्रतिबंध लगा दिया है।



**बासमती चावल के निर्यात पर बैन से क्या है सरकार का इरादा** - वाणिज्य मंत्रालय के बयान के अनुसार, सरकार ने बासमती चावल की आड़ में सफेद गैर-बासमती चावल के संभावित अवैध निर्यात को रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपाय शुरू करने के लिए एपीडा को निर्देश जारी किए हैं।

### नए निर्देश के बाद बासमती का आधा निर्यात हो सकता है प्रभावित

अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1,200 डॉलर प्रति टन से अधिक मूल्य के बासमती चावल का ही निर्यात करने की अनुमति देने से भारत के इस जिंस के सालाना निर्यात पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। यह कयास इस क्षेत्र के दिग्गज कारोबारियों ने जताया है। भारत ने वित्त वर्ष 23 में करीब 46 लाख टन बासमती चावल का निर्यात किया था। निर्यातकों के अनुसार बासमती चावल का औसत एफओबी (फ्री ऑन बोर्ड) मूल्य 1050 डॉलर प्रति टन है। आमतौर पर तीन फार्म में बासमती चावल का निर्यात होता है कच्चा या ब्राउन, स्टीम और परमल। इसमें कंपनियों का 50 फीसदी से अधिक निर्यात परमल का होता है और इसका एफओबी मूल्य सीमा 1200 डॉलर से कम है। भारत से बासमती चावल के नामचीन निर्यातकों में से एक जीआरएम ओवरसीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अतुल गर्ग के अनुसार, 'लिहाजा 1200 डॉलर की सीमा लगाने का बासमती चावल के निर्यात पर महत्त्वपूर्ण असर होगा। इसका दीर्घकालिक असर इस पर निर्भर करेगा कि निर्यात नीति में बदलाव के प्रति निर्यातकों, घरेलू किसानों और सरकार की प्रतिक्रिया कैसी रहती है।

## मुकेश अंबानी ने रिलायस इंडस्ट्रीज बोर्ड में अंनत और आकाश-ईशा को दी नई जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के बोर्ड में बड़े बदलाव हुए हैं। इस बोर्ड में आकाश, अंनत और ईशा अंबानी को नई जिम्मेदारी दी गई है। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने नॉन-एग्जिक्यूटिव डायेक्टर्स के रूप में ईशा अंबानी, आकाश अंबानी और अनंत अंबानी की नियुक्ति को अप्रूवल दी है। वहीं, नीता अंबानी बोर्ड से बाहर हो गई हैं। हालांकि, नीता अंबानी रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन बनी रहेंगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक सालाना आमसभा (एजीएम) से पहले हुई। इसमें ईशा, आकाश और अनंत को गैर-कार्यकरी निदेशक नियुक्त करने की मंजूरी दी गई। पिछले साल दिग्गज उद्योगपति 66 वर्षीय मुकेश अंबानी ने अपने बड़े बेटे आकाश अंबानी को देश की सबसे बड़ी मोबाइल कंपनी रिलायंस जियो इन्फोकॉम लि. का चेयरमैन बनाने का रास्ता साफ कर दिया था। हालांकि, अंबानी जियो प्लेटफार्म्स के चेयरमैन बने रहे। इसी के अंतर्गत रिलायंस जियो इन्फोकॉम आती है। आकाश की जुड़वां बहन 31 वर्षीय ईशा को रिलायंस की खुदरा इकाई और छोटे पुत्र अनंत को नये ऊर्जा कारोबार के लिये चुना गया। 10 साल में 150 अरब डॉलर का निवेश-रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और एमडी मुकेश अंबानी ने सोमवार को कहा कि कंपनी ने पिछले 10 साल में कुल मिलाकर 150 अरब डॉलर का निवेश किया है। यह किसी कंपनी का इस अवधि में अबतक का सर्वाधिक निवेश है। कंपनी की सालाना आम बैठक में अंबानी ने कहा कि रिलायंस उभरते नये भारत में अगुवा है। उन्होंने कहा, हमने असंभव लगने वाले लक्ष्य तय किये और उन्हें हासिल किया।

## चीनी मिलों ने पेट्रोल में 50 फीसदी एथनॉल मिलाने का दिया खाका

**नई दिल्ली।** पेट्रोल में एथनॉल मिलाने की योजना एक के बाद एक चुनौतियों से जूझ रही है। मगर चीनी मिलों ने पेट्रोल में 50 फीसदी एथनॉल मिलाने का महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने की योजना हाल ही में सरकार के सामने पेश की। सरकार ने 2030 तक पेट्रोल में औसतन 50 फीसदी एथनॉल मिलाने का लक्ष्य रखा है। चीनी मिलों ने डिस्टिलेशन क्षमता बढ़ाने के लिए कुल 50,000 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है, जो 15,000 करोड़ रुपये की पुरानी निवेश योजना के अलावा है। 15,000 करोड़ रुपये निवेश की योजना 2025 तक पेट्रोल में 20 फीसदी एथनॉल मिलाने का लक्ष्य ध्यान में रखकर बनाई गई थी। चीनी मिलों ने ई-100 फ्लेक्स ईंधन से चलने वाले वाहन बड़ी तादाद में बाजार में लाने के लिए सरकार से मदद मांगी। ऐसे वाहन 10 से 100 फीसदी एथनॉल मिश्रित पेट्रोल से चल सकते हैं। मिलों ने योजना दी, उसके अनुसार 2030 तक पेट्रोल में 50 फीसदी एथलॉन मिलाकर देश भर में पहुंचाने के लिए सालाना औसतन 30 अरब लीटर एथनॉल की जरूरत होगी, जिनमें से 15 से 16 अरब लीटर एथनॉल गन्ने से बनने वाले शीरे से आएगा। बाकी एथनॉल खराब हुए अनाज, मक्का और दूसरे स्रोतों से आएगा। योजना में कहा गया है कि देश में 30 अरब लीटर एथनॉल बनने से पेट्रोल का आयात कम होगा। इससे 2030 तक तकरीबन 15 अरब डॉलर विदेशी मुद्रा बच जाएगी और किसानों की आय में करीब 1.80 लाख करोड़ रुपये का इजाफा होगा।

## होम-कार लोन की ईएमआई घटने का बढ़ेगा इंतजार, महंगाई को लेकर आरबीआई सजग

*नई दिल्ली। होम-कार लोन समेत दूसरे सभी तरह के लोन की ईएमआई घटने का इंतजार लंबा हो सकता है। दरअसल, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने खाने-पीने के सामान की कीमतों में बढ़ोतरी को महंगाई पर काबू पाने के रास्ते में जोखिम बताया।*





उन्होंने कहा कि ऐसे झटकों में कमी लाने के लिए आपूर्ति सुधारने के लिए समयबद्ध प्रयासों की जरूरत है। आपको बता दें कि जुलाई में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 15 महीने के उच्चतम स्तर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई। सब्जियों समेत तमाम जरूरी सामान की कीमत बढ़ी हुई है। आगे त्योहारी सीजन शुरू हो रहा है जो कीमत में बढ़ोतरी का काम करेगा। ऐसे में जल्द महंगाई से राहत मिलने की उम्मीद है। इस पर आर्थिक क्षेत्र के जानकारों का कहना है कि होम-कार लोन समेत तमाम तरह के लोन की ईएमाअई घटने का इंतजार बढ़ेगा। महंगाई बेकाबू होने पर आरबीआई ब्याज दरों में कटौती नहीं करेगा। यानी लोन सस्ता होने का कोई चांस अभी नहीं है।

दास ने यहां ललित दोषी स्मृति व्याख्यान देते हुए कहा कि सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी का झटका अल्पकालिक है और मौद्रिक नीति मौजूदा झटकों के शुरुआती प्रभावों को कम करने के लिए इंतजार कर सकती है। हालांकि उन्होंने कहा कि आरबीआई इसके लिए सजग रहेगा कि इन झटकों के दूसरे दौर के प्रभाव न सामने आएं। उन्होंने कहा, खाद्य कीमतों में बार-बार हो रही बढ़ोतरी का झटका मुद्रास्फीति अपेक्षाओं को स्थिर करने के लिए जोखिम पैदा करता है।

खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी का दौर सितंबर, 2022 से ही चल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने आपूर्ति पक्ष से जुड़े सतत एवं समयबद्ध हस्तक्षेप को भी इस तरह के झटकों की गंभीरता एवं अवधि कम करने के लिए जरूरी बताया।

**महंगाई को 4 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य** - उन्होंने कहा कि आरबीआई मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर रखने के लक्ष्य को लेकर प्रतिबद्ध है और देश में ऊंची ब्याज दरें लंबे समय तक रहने वाली हैं। आरबीआई ने पिछले साल फरवरी में रूस-यूक्रेन युद्ध छिड़ने के बाद से मुद्रास्फीति में आई तेजी के बीच ब्याज दरों में लगातार बढ़ोतरी कर इसे 6.50 प्रतिशत तक पहुंचा दिया है। आरबीआई ने मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए ऐसा किया है।

## शेयर बाजार में दो दिन बाद तेजी लौटी, सेंसेक्स 110 अंक चढ़ा

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख और एचडीएफसी बैंक में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार में दो कारोबारी सत्रों के बाद सोमवार को फिर से तेजी लौटी। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 110.09 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 64,996.60 अंक पर बंद हुआ।



कारोबार के दौरान एक समय यह 326.94 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मानक सूचकांक निफ्टी में भी 40.25 अंक यानी 0.21 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। कारोबार के अंत में यह 19,306.05 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, सन फार्मा, मारुति सुजुकी, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ रिलायंस इंडस्ट्रीज, नेस्ले, टाइटन, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईटीसी और टाटा मोटर्स के शेयरों में गिरावट रही। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त लेने में सफल रहे। यूरोपीय बाजार दोपहर में सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को मजबूती के साथ बंद हुए थे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल के बयान से बाजार को बहुत अधिक अचंभा नहीं हुआ। नवंबर की फेड बैठक में ब्याज दर बढ़ने की उम्मीद पैदा हुई है। हालांकि, इससे घरेलू स्तर पर आईटी शेयरों में गिरावट रही लेकिन अन्य क्षेत्रों में बढ़त रही। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.37 प्रतिशत चढ़कर 84.79 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने पिछले कारोबारी सत्र में शुक्रवार को 4,638.21 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की थी।


### महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एकस्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

### सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60400 चांदी टंच- 74300
चांदी रिफाइन -75500

### दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60400 चांदी टंच- 74300
चांदी रिफाइन -75500


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 82.64 |
| एक यूरो | 89. 29 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 103. 97 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 52. 89 |
| एक जापानी येन | 0. 56 |


### परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 114 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 116 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-118 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 65 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


## जनधन योजना से देश में आई क्रांति, 50 करोड़ से ज्यादा बैंक अकाउंट खोले गए - वित्त मंत्री सीतारमण

*नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि जनधन योजना के जरिए आए बदलाव और डिजिटल परिवर्तन ने देश में वित्तीय समावेशन में क्रांति ला दी है। उन्होंने कहा कि इसके जरिए 50 करोड़ से अधिक लोगों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में जोड़ा गया, जिनकी संचयी जमा राशि दो लाख करोड़ रुपये से अधिक है।*

**प्रधानमंत्री जनधन योजना की नौवीं वर्षगांठ** - प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) की नौवीं वर्षगांठ पर सीतारमण ने कहा कि 55.5 प्रतिशत बैंक खाते महिलाओं द्वारा खोले गए हैं और 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण/अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। यह योजना दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है।



**योजना के तहत बैंक खातों की संख्या बढ़कर 50.09 करोड़** - योजना के तहत बैंक खातों की संख्या मार्च 2015 में 14.72 करोड़ से 3.4 गुना बढ़कर 16 अगस्त 2023 तक 50.09 करोड़ हो गई। कुल जमा राशि भी मार्च 2015 तक 15,670 करोड़ रुपये से बढ़कर अगस्त 2023 तक 2.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। सीतारमण ने कहा, ''पीएमजेडीवाई के जरिए लाए गए बदलावों और डिजिटल परिवर्तन से नौ वर्षों में भारत में वित्तीय समावेशन में क्रांति आई है। हितधारकों, बैंकों, बीमा कंपनियों और सरकारी अधिकारियों के सहयोगात्मक प्रयासों से पीएमजेडीवाई देश में वित्तीय समावेशन के परिदृश्य को बदलने वाली एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आई।''वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड ने कहा कि जनधन-आधार-मोबाइल (जेएएम) ने आम आदमी के खातों में सरकारी लाभों के सफल हस्तांतरण को सक्षम बनाया है। कराड ने कहा, ''पीएमजेडीवाई खाते प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) जैसी जन-केंद्रित पहल का आधार बन गए हैं। इसने समाज के सभी वर्गों, खासकर वंचित वर्ग के समावेशी विकास में योगदान दिया है।''वित्तीय समावेशन पर राष्ट्रीय मिशन यानी प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) की शुरुआत 28 अगस्त 2014 को की गई थी।

यह देश के वित्तीय परिदृश्य को बदलने में सफल रहा है। पीएमजेडीवाई खाताधारकों को कई लाभ प्रदान करता है। इसमें खाते में न्यूनतम राशि रखने की आवश्यकता नहीं है। इसके अलावा मुफ्त रुपे डेबिट कार्ड, दो लाख रुपये का दुर्घटना बीमा और 10,000 रुपये तक की ओवरड्राफ्ट सुविधा जैसी सेवाएं इसमें शामिल हैं।

## इस राखी पर 10 हज़ार करोड़ के व्यापार होने का अनुमान-कैट

### भद्रा काल के चलते व्यापारियों को 31 अगस्त को ही रक्षाबंधन मनाने की दी सलाह

**नई दिल्ली।** देश भर के व्यापारियों के शीर्ष संगठन कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) ने दिल्ली सहित देश भर के व्यापारियों को सलाह दी है की क्योंकि 30 अगस्त को सारे दिन भद्रा काल है जिसमें कोई भी मंगल कार्य निषेध है , इसलिए देश भर के व्यापारी 31 अगस्त को ही रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार मनाएँ ।

31 अगस्त को यह त्यौहार मनाना पूर्ण रूप से शास्त्रसम्मत है । कैट ने इस तरह की एडवाइजरी आज देश के सभी व्यापारी संगठनों को भेजी है । इस विषय पर कल कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल एवं दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विपिन आहूजा की अगुवाई में कैट का एक प्रतिनिधिमंडल देश के सुप्रसिद्ध राम कथा वाचक अजय भाई एवं देश के विशिष्ट ज्योतिषाचार्य एवं वैदिक ज्ञान के प्रकांड विद्वान आचार्य दुर्गेश तारे से कल मिला और उनसे प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली सहित देश भर में 31 अगस्त को ही रक्षा बंधन मनाया जाना तय हुआ।

दूसरी तरफ़ शास्त्रों एवं भद्रा काल का हवाला देते हुए कैट ने केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के सचिव गोविंद मोहन से आग्रह किया है की वस्तुस्तिथि को देखते हुए 31 अगस्त को ही सरकारी अवकाश घोषित किया जाए कैट के इस वर्ष राखी पर लगभग 10 हज़ार करोड़ रुपये के व्यापार होने की उम्मीद है जबकि पिछले वर्ष यह व्यापार लगभग 7 हज़ार करोड़ रुपये का था।

### कैट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में व्यापार को आगे बढ़ाने व भविष्य के लिए रणनीति तय



कैट की राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की दो दिवसीय मीटिंग 24-25 अगस्त को रायपुर में हुई जिसमें देश के लगभग 27 राज्यों के 150 से अधिक प्रमुख व्यापारी नेताओं ने भाग लिया। देश भर के व्यापारियों के व्यापार में टेक्नोलॉजी के ज़रिए किस प्रकार से वृद्धि की जा सकती है, पर विस्तार से चर्चा की गई और भविष्य के लिए रणनीति तय की गई। कैट मध्य प्रदेश सचिव दीपक सेठी ने बताया कि इस व्यापारी मीटिंग में प्रमुख रूप से विस्तार पूर्वक चर्चा की गई और कहा की डिजिटलीकरण, सरकार द्वारा प्रचारित व्यापार में बीआईएस और अन्य मानकों की भूमिका युवाओं को पारिवारिक व्यवसायों में बनाए रखना, व्यापार में बीमा की आवश्यकता, जीएसटी, खाद्य सुरक्षा अधिनियम, एकाधिक लाइसेंस और राष्ट्रीय अभियान के लिए आक्रामक रणनीति पर काम करने पर भी विस्तार से बातचीत हुई।



## लखानी अरमान ग्रुप के डायरेक्टर गुंजन लखानी का निधन

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख जूता कंपनी लखानी अरमान समूह के निदेशक गुंजन लखानी का बुधवार को गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल में निधन हो गया. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि लखानी अरमान समूह के प्रमुख केसी लखानी के पुत्र गुंजन लखानी कुछ समय से बीमार थे और उनका यहां मेदांता हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था.वह 50 साल के थे.लगभग 6 दिन पहले मशहूर उद्योगपति गुंजन लखानी के बीमार होने की खबर आई थी और जानकारी मिली थी कि वो गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं. उनकी आयु 50 वर्ष थी और उनके असामयिक निधन से उद्योग जगत में शोक की लहर है.


देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

टेलर्स वारिस

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# नकली बाम का जखीरा बरामद: कलकत्ता की लाल बाम के नाम की कॉपी करने का आरोप, पुलिस ने किया जप्त



**जबलपुर, देशबन्धु।** कलकत्ता में बनने वाली एपी बाम की कॉपी करने के मामले में जबलपुर पुलिस ने गोल बाजार के पास एक फैक्ट्री में छापा मारा और वहां से नकली बाम का जखीरा बरामद किया। यह कार्रवाही कंपनी की सूचना के अधार पर लार्डगंज थाना पुलिस ने की है। एपी बाम कंपनी ने शिकायत दर्ज करवाई थी उसकी कंपनी का नाम तस्वीर और रेपर का इस्तेमाल करके जबलपुर में बाम बनाई जा रही है और उसे बाजार में बेचा जा रहा है।

पुलिस ने कंपनी से हजारों की मात्रा में नकली लाल बाम को जप्त किया है। पुलिस की कार्रवाही के बाद जबलपुर में लाल बाम को बना रहे मालिक भी थाने पहुंच गए, जहां उनका कहना था कि पुलिस की कार्रवाही अवैध है।

कलकता में बनने वाली एपी बाम के मालिक ने लार्डगंज थाना पुलिस को शिकायत में बताया कि उसकी एपी लाल बाम की फैक्ट्री है। जहां से पूरे देश में बाम बनाकर सप्लाई की जाती है। बाम हमारा पेटेंट है। और एपी लाल बाम रजिस्टर्ड कंपनी है। कुछ समय से जबलपुर के गोल बाजार में लाल बाम बन रही है, और कंपनी का नाम एपी बाम के नाम से बेचा जा रहा है।

सोमवार को दोपहर कंपनी के अधिकृत व्यक्ति की सूचना पर लार्डगंज थाना पुलिस गोल बाजार के उस स्थान पर पहुंची जहां लाल बाम बन रही थी। पुलिस में मौके से बड़ी मात्रा में लाल बाम जप्त की। पुलिस को हूबहू एपी लाल बाम के रेपर और लाल बाम से भरी शीशी भी मिली।

एपी लाल बाम की कॉपीराइट करने को लेकर लार्डगंज थाना पुलिस ने बड़ी मात्रा में लाल बाम जप्त किया है। एसआई संध्या चंदेल का कहना है कि कलकत्ता से आए एक व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने गोल बाजार से लाल बाम का जखीरा जप्त किया है। अब इसकी जांच की जा रही है कि बाम कितना नकली है। और जबलपुर में बनने वाली लाल बाम एपी कंपनी से कितनी मिलती जुलती है। पुलिस अब दोनों ही बाम का फॉरेंसिक लैब भेजकर यह जानकारी जुटा रही है कि दोनों बामों में कितनी समानता है।

जबलपुर लार्डगंज थाना पुलिस ने जैसे ही जबलपुर में बनने वाली लाल बाम को जप्त कर थाने लेकर आई तो पीछे-पीछे बाम बनाने वाला मालिक भी थाने पहुंच गया। उनका कहना था कि दोपहर को अचानक ही पुलिस फैक्ट्री आ गई और पूरा माल को उठाकर थाने ले आई। जो कि करीब 25 से 30 हजार का है। गुआफा बाम के मालिक सुरेश गुप्ता का कहना है कि पुलिस की ये कार्रवाही अवैध है। बिना किसी सूचना के और नोटिस के फैक्ट्री में पुलिस आई और सीधे माल उठाकर ले आई। फिलहाल पुलिस अब दोनों ही बाम कंपनी के प्रोडेक्ट को फॉरेंसिक लैब भेजकर जांच करवाएगी।

## दो ट्रेनों में अतिरिक्त कोच



**जबलपुर, देशबन्धु।** पमरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि रानी कमलापति अधारताल इंटरसिटी एक्सप्रेस में द्वितीय सामान्य श्रेणी के दो कोच 29 से 31 अगस्त तक लगाए जाएंगे। इसी के साथ-साथ भोपाल, ग्वालियर इंटरसिटी एक्सप्रेस में 1 सितम्बर से 30 सितम्बर तक अस्थायी तौर पर एक वातानुकूलित चेयरकार एवं सामान्य श्रेणी के कोच लगाए जाएंगे।

# बिजली बिल समय पर जमा न करने पर 10 रुपये प्रति दिन लगेगा जुर्माना

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी बड़ी सुविधाऐं दिये जाने की घोषणा करती रहती है परंतु जमीनी हकीकत ठीक इसके विपरीत ही देखी जा रही है। एक ओर मुफ्त बिजली की आपूर्ति हो रही है। वहीं ईमानदार उपभोक्ताओं को आए दिन परेशानी में डाले जाने के आदेश प्रसारित किये जा रहे हैं।

इसी कड़ी में प्रदेश में अब उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करने की नियत तिथि से न्यूनतम दस दिन पूर्व प्रदाय करना होगा। ऐसा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पांच सौ रूपये तक के बिल पर विलंब की अवधि के लिये दस रूपये प्रति दिन क्षतिपूर्ति प्रभावित उपभोक्ताओं को देना होगा।

## आपूर्ति लचर, वसूली पर और कसी लगाम

देशबन्धु मुद्दा

सूत्रों से प्राप्त खबर के अनुसार मध्यप्रदेश खबर के अनुसार मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने वितरण तथा अनुपालन मापदंड तथा अनुपालन मापदंड में संशोधन करते हुए यह प्रावधान किया है।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी पश्चिम क्षेत्र और मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा निजी ठेकेदारों के माध्यम से बिजली की रीडिंग से संबंधत कार्य का संपादन किया जाता है। बिल जिस तिाथि को चुकाना है उससे 10 दिन पूर्व उपभोक्ओं को प्राप्त हा`जाना चाहिए। ऐसा न होने की स्थिति में बिजली उपभोक्ता को क्षतिपूर्ति देना होगा। इसमें यदि बिल की राशि पांच सौ रुपये या उससे कम हो तो बिलंब की अवधि हेतु दस रूपये प्रतिदिन अथवा उसका कोई अंश और चालू बिल की राशि का दो प्रतिशत जिसे रुपये प्रति सौ प्रति दिवस अथवा उसका कोई अंश की अधिकतम सीमा के अध्यधीन निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित करते हुए क्षति पूर्ति के रूप में राशि का भुगतान करना होगा। बिजली कंपनियां इस क्षतिपूर्ति की राशि रीडिंग और बिल वितरण करने वाले ठेकेदार से वसूल कर सकेगी। अक्सर बिजली बिल भुगतान की अवधि तक प्रदान नहीं किये जाने और बाद में उपभोक्ताओं से देर के लिए दांडिक जुर्माने की राशि वसूल करने का प्रावधान है। कई शहरों के उपभोक्ताओं से यह शिकायत आ रही थी कि बिल का वितरण ही नहीं हुआ और देरी पर उपभोक्ता को दांडिक राशि पैनाल्टी के रूप में वसूली जा रही है।

ऐसे परेशान उपभोक्ता इसके लिए आवेदक देते है परंतु ऐसे आवेदन पर विभाग द्वारा कार्रवाई ही नहीं की जाती है। इसी कारण यह प्रावधान किया गया है और इसमें बिल वितरण करने वाले को यह प्रमाणित करना होगा कि वितरण में देरी उसके ओर से नहीं की गई है।

यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी जबलपुर में कई ऐसे उपभोक्ता हैं जिनको मई माह से बिलों का वितरण नहीं किया गया और न ही पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर कोई सूचना भेजी गई। बिजली विभाग की इस लापरवाही का खामयाजा सैकडों उपभोक्ताओं को भोगना पड़ा। बिजली विभाग के शीर्ष अधिकारी इस विषय पर कब तक कार्यवाही करेंगे यह एक विचारणीय प्रश्न है।



# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के गेट के पास पहुंचा हाथी, बचाव दल ने जंगल की ओर खदेड़ा

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के जंगलों में जंगली हाथियों का मूवमेंट बना रहात है। जंगली हाथी अक्सर टाइगर रिजर्व के जंगलों में अलग-अलग जगहों पर दिखाई भी दे जाते हैं। अब बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला गेट पर उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब एक जंगली हाथी ताला गेट के पास पहुंचा। जंगली हाथी को देखते ही टाइगर रिजर्व प्रबंधन के कर्मचारियों में भगदड़-सी मच गई। आनन-फानन में हाथी बचाव दल गौतम को बुलाया गया। इसके बाद जंगली हाथी को वापस जंगल की ओर खदेड़ा गया। ताला गेट में जंगली हाथी मखना के पहुंचने के बाद से ही सभी कर्मचारी दहशत में है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का प्रबंधन पूरे क्षेत्र में जंगली हाथियों को लेकर सजग है। मूवमेंट वाले क्षेत्र में लगातार गश्त कर रहा है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के सहायक संचालक सुधीर मिश्रा ने बताया कि जंगली हाथी मखना ताला गेट के समीप आ गया था। हाथी बचाव दल गौतम के सहयोग से जंगल की ओर खदेड़ा गया है। हाथी की उम्र लगभग 20 वर्ष होगी। यह बहुत कम ही देखने को मिलता है।

**क्या है मखना हाथी**

जंगली हाथियों में मखना हाथी बहुत कम देखने को मिलते हैं। मखना हाथियों के दांत नहीं होते हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में भी जंगली हाथियों में मखना हाथी बहुत कम है। ज्यादातर टाइगर रिजर्व में मखना हाथी एक भी नहीं है। इन्हें कुमकी हाथी भी बोलते हैं।

# तहसीलदारों को बस्ते जमा कर पटवारी सामूहिक हड़ताल पर

**जबलपुर, देशबन्धु।** वेतनमान सहित अन्य बिंदुओं पर राज्य सरकार से नाराज चल रहे पटवारियों ने सोमवार को अपने बस्ते तहसीलदारों के पास जमा कर दिए हैं।



उल्लेखनीय है कि विगत दिनों तीन दिवसीय सामूहिक हड़ताल और 26 अगस्त को भोपाल में प्रदर्शन व रैली के बाद सोमवार को पटवारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की ओर कदम बढ़ा दिए है।

जबलपुर पटवारी संघ के अध्यक्ष जागेंद्र पीपरे और सचिव मुक्ता चौकसे आदि ने बताया कि पूरे प्रदेश में इस समय पटवारी आंदोलित हैं। इसमें प्रमुख रुप से 2800 रुपए ग्रेड पे और समयमान-वेतनमान में सुधार जैसे मुद्दे शामिल हैं।

पटवारियों के मुताबिक सरकार द्वारा उनकी मांग नहीं सुनी जा रही है। इसमें वेतनमान सुधार की मांग है। पटवारियों के मुताबिक उनको 1998 को निर्धारित वेतनमान ही 2023 में दिया जा रहा है। बीते 25 सालों से उनके वेतनमान में कोई वृद्धि नहीं क गई। इसी तरह भाड़ा-भत्ता और लैपटॉप के लिए कम राशि दिए जाने जैसे बिंदु शामिल हैं।

# एनजीटी सेन्ट्रल जोन से जस्टिस अग्रवाल को हटाना न्यायिक सिस्टम को धमकी

## सीजेआई को भेजा पत्र, याचिका के रूप में सुनवाई का किया आग्रह

**जबलपुर, देशबन्धु।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) सेंट्रल जोन से जस्टिस सुधीर अग्रवाल को हटाये जाने के मामला गर्मा गया है। नागरिक उपभोक्ता मार्ग दर्शक मंच (एनयूएमएम) ने जस्टिस अग्रवाल को उक्त पद से हटाये जाने को राजनीति से प्रेरित बताया है। इसकों लेकर भारत के प्रधान न्यायधीश को पत्र भेजा गया है, जिसकी सुनवाई याचिका के रूप में किये जाने का आग्रह किया गया है।

एनयूएमएम के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे ने उक्त पत्र भेजा है। जिसमें कहा गया कि एनजीटी के सेन्ट्रल जोन भोपाल के न्यायिक सदस्य जस्टिस सुधीर अग्रवाल ने 16 अगस्त को भोपाल की कलियासोत नदी के 33 मीटर दायरे में हुए अतिक्रमण को हटाने के आदेश दिये थे। उसके दूसरे



दिन 17 अगस्त को उन्होनें डेम को भी नदी का हिस्सा माना था। इस समूचे क्षेत्र में लगभग 2 हजार निर्माण है, जिसमें होटल व फार्म हाउस भी है। जस्टिस अग्रवाल ने साल 2014 से अभी तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही नहीं करने पर राज्य सरकार तथा मुख्य सचिव इकबाल सिंह वैश्य को कड़ी फटकार लगाई थी। आरोप है कि उक्त आदेश व सख्त रवैये के कारण स्टिस अग्रवाल को तबादले के रूप में सजा दी गयी है।

जस्टिस अग्रवाल को हटाना राजनीति से प्रेरित है और स्पष्ट रूप से न्यायिक सिस्टम को खुली धमकी है। विधानसभा चुनाव के मददेनजर कलियासेत नदी व डेम के किनारे बसे वोटरों को खुश करने हेतु जस्टिस अग्रवाल को भोपाल से हटाकर उनका स्थानांतरण मुख्यपीठ में किया गया है।

# अनूपपुर में पकड़ी गाई गांजा की बड़ी खेप

## 325 किलो गांजा सहित 1 पिकअप, 2 कार एवं 6 मोबाइल सहित 5 आरोपी गिरफ्तार



**अनूपपुर, देशबन्धु।** गांजा के अवैध परिवहन की लगातार शिकायतों एवं आगामी विधानसभा आम चुनाव के दृष्टिगत पुलिस ने थाना करनपठार क्षेत्र से 325 किलो गांजा सहित 1 पिकअप वाहन, 2 कार एवं 6 नग मोबाइल सहित 5 आरोपियों जिनमें सुरेश रजवाड़े निवासी ग्राम रांगपारा जिला सूरजपुर, ईश्वर रजवाड़े निवासी खोपा जिला सूरजपुर (छग), भगत सिंह पिता संपत सिंह मार्को उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम बीजापुरी नं. 1, देवेन्द्र उर्फ छोटू खांडे एवं जनक राम राजवाड़े को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। वहीं एक आरोपी मोबिन खान फरार बताया जा रहा है, जिसकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस अधीक्षक ने 10 हजार इनाम की घोषणा की है।

मामले की जानकारी के अनुसार थाना करनपठार क्षेत्र में 25 अगस्त को उड़ीसा से गांजा की बड़ी खेप आने की सूचना पर थाना प्रभारी सोने सिंह परस्ते द्वारा ग्राम टेढ़ी तिराहा के पास घेराबंदी कर पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 13 एल 6731 को रोककर जांच की गई। जहां वाहन के अंदर 4 बोरी, वजन 1 क्विंटल 24 किलो 500 ग्राम गांजा पाये जाने पर उसे जब्त करते हुये दो आरोपियों सुरेश रजवाड़े एवं ईश्वर रजवाड़े को गिरफ्तार करते हुये एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

जहां थाना प्रभारी करनपठार सोने सिंह परस्ते की इस कार्यवाही पर कई सवाल खड़े हो गये थे, जहां गांजा की मात्रा अधिक होने तथा कुछ आरोपियों को छोड़े जाने का आरोप भी सोशल मीडिया में लगा था। जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार सिंह ने मामले को संज्ञान में लेते हुये स्वयं ही इस पूरी जांच में लग गये और एसडीओपी पुष्पराजगढ़ सोनाली गुप्ता तथा पुष्पराजगढ़ अनुभाग के अन्य पुलिस कर्मियों की टीम गठित कर दी और एक बड़ा खुलासा हुआ।

**एएसपी की कार्यवाही में खुलने लगे राज-** पूरे मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने 27 अगस्त को पूर्व अपराध से संबंधित अन्य आरोपियों की जानकारी एकत्रित की गई। जिसमें थाना करनपठार क्षेत्र अंतर्गत बीजापुरी नंबर 1 में एक मकान में गांजा रखे होने की सूचना पर दबिश दी गई। जहां उक्त मकान में मौके से भगत सिंह पिता संपत सिंह मार्को निवासी ग्राम बीजापुरी नं. 1 मिला एवं 1 अन्य आरोपी मोबिन खान पीछे के दरवाजे से भाग निकला। जिसके बाद पुलिस ने मकान की तलाशी ली, जहां मकान के अंदर तीन बोरियों में 84 किलो 500 ग्राम गांजा मिला, जिसके बाद पुलिस ने उक्त गांजा जब्त कर आरोपी भगत सिंह को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की गई, जिस पर उसने मोबिन खान निवासी मेड़ियारास के साथ मिलकर गांजा का भंडारण एवं विक्रय करना स्वीकार किया।

# प्राचार्य सहायक प्राध्यापकों की स्थानांतरण सूची जारी की

**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन भोपाल द्वारा प्राचार्य, प्राध्यापक सहायक प्राध्यापक सह प्राध्यापक क्रीड़ा अधिकारी आदि को स्थानांतरित किया गया है। इसमें जबलपुर,भोपाल, इंदौर, रीवा,और अन्य संभागों के अधिकारी प्रभावित हुए है।

पीआर चंदेलकर छिन्दवाड़ा से बालाघाट, रमेश पटेल सतना से अमरपाटन जिला सतना,डॉ.जुड़िका कुजुर मंडला से डिंडौरी,डॉ.शिवकुमार दुबे,शास. महाकौशल कला एवं वाणिज्य महा.जबलपुर से रीवा, डॉ.धर्मेन्द्र कुमार सतनामी डिंडौरी से अनूपपुर डॉ.प्रतिभा सिंह रायसेन से शास.मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य महा.जबलपुर अनुपमा कुजुर शास.रानी दुर्गावती महा.मंडला से बालाघाट डॉ.नीरज कुमार छतरपुर से सतना,डॉ.आलोक कुमार तिवारी स्वामी विवेकानंद शास.पीजी महाविद्यालय नरसिंहपुर से शास. महा.कुरई जिला सिवनी में पदस्थ किये गये।

# नलकेश्वर महादेव गए भिंड के दो युवक झरने में बहे

**ग्वालियर, देशबन्धु।** ग्वालियर में नलकेश्वर महादेव पर पार्टी मनाने गए दो दोस्तों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने एनडीआरएफ की मदद से देर रात दोनों युवकों के शव को पानी से निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजे। युवकों के परिजन भी घटना की जानकारी मिलते ही ग्वालियर आ गए हैं। जानकारी के मुताबिक तिघरा थाना क्षेत्र के नलकेश्वर पर पार्टी मनाने के लिए गए दो दोस्तों की पानी में डूबने से मौत हो गई। दोनों दोस्त अपने चार अन्य दोस्तों के साथ यहां गए थे। तिघरा बांध के पिछले हिस्से में नलकेश्वर की ओर गहरे पानी में जब एक दोस्त डूबने लगा, तो दूसरे दोस्त ने उसे बचाने का प्रयास किया जिसमें दोनों डूब गए। दोनों युवक भिंड जिले के रहने वाले हैं। देर रात तक गोताखोर पानी में ढूंढते रहे और रात करीब 12 बजे इनकी लाश पानी में उतराती हुई मिली।

ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना सुनहरा कॅरियर बनाये
जबलपुर का सरकारी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान
(ब्यूटी पार्लर के सभी कोर्स मे 50% डिस्काउंट)
LOOK SALON & ACADEMY (ONLY FOR FEMALE)
7828416648,7987003927
239, जय नगर, गढ़ा रोड, लेबर चौक, जबलपुर म.प्र.
FREE FREE FREE FREE



हेयर वाश,
हेयर कट,
फेस ब्लीच,
हैंड डी -टेन पैक,
फेस डी -टेन पैक,
कॉल करके अपॉइंटमेंट प्राप्त कर इस विज्ञापन की कटिंग लेके आने पर इनमें से कोई भी एक सर्विस (उम्र 15+ महिलाओं के लिए) फ्री है।

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496


सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 112
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 112
छोटा ब्रॉयलर - रु. 114
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 118
मुर्गा मीडियम - रु. 116
मुर्गा बड़ा - रु. 116
मुर्गा जम्बो - रु. 116
मो.-9039925000, 9425800409

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
TUESDAY SHOW OFFER RS. @ 120/-



| DREAM GIRL-2 | GADAR-2 | OMG-2 | AKELLI IN HINDI |
|---|---|---|---|
| 10:00 AM | 10:00 AM | 10:30 AM | 04:00 PM |
| 12:30 PM | 01:00 PM | 05:00 PM | |
| 01:30 PM | 02:00 PM | 08:00 PM | |
| 03:00 PM | 04:15 PM | 11:00 PM | |
| 05:45 PM | 06:30 PM | | |
| 08:15 PM | 07:30 PM | | |
| 09:30 PM | 10:45 PM | | |
| 10:45 PM | | | |



JAILER IN HINDI 10:15 AM